कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी 12:35 तक उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
गुरुवार, 7 नवंबर 2024
वर्ष 4, अंक 261, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार
हल्द्वानी
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



ब्रह्मांड के विकास की गुत्थी आज भी अधूरी है 14
थामा मेरे करियर का सबसे खास प्रोजेक्ट : आयुष्मान 13

## पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

**कैबिनेट के फैसले**



- योजना में मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगी आर्थिक मदद
- भारतीय खाद्य निगम को मिलेंगे 10,700 करोड़ रुपये

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मेधावी विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना को बुधवार को मंजूरी दे दी ताकि वित्तीय बाधाएं उन्हें गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने से न रोक सकें। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। सरकार ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) में 10,700 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी डालने को भी मंजूरी दे दी।

पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना के अनुसार, गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों (क्यूएचईआई) में दाखिला लेने वाला कोई भी विद्यार्थी पाठ्यक्रम से संबंधित ट्यूशन शुल्क और अन्य खर्चों की पूरी राशि को कवर करने के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थानों से बिना किसी जमानत या गारंटर के ऋण प्राप्त करने के लिए पात्र होगा। वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए योजना को मंजूरी दी है। यह योजना राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग ढांचा (एनआईआरएफ) रैंकिंग द्वारा निर्धारित सरकारी और निजी सभी शीर्ष क्यूएचईआई पर लागू होगी जो एनआईआरएफ में शीर्ष 100 में स्थान रखते हैं। इसमें एनआईआरएफ में 101-200 रैंक पर आने वाले राज्य के उच्च शिक्षा संस्थान और केंद्र द्वारा संचालित सभी संस्थान शामिल हैं। दूसरी ओर चालू वित्त वर्ष 2024-25 में कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय खाद्य निगम में 10,700 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी डालने की भी मंजूरी दी गई।

**277** वोट ट्रंप को मिले

**224** वोट हैरिस ने पाए



## ट्रंप ने कड़े मुकाबले में हैरिस को हराया

**अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव**

### ऐतिहासिक जीत हासिल कर दूसरी बार पहुंचे व्हाइट हाउस

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को दूसरी बार देश के राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की जिसे अमेरिकी इतिहास में किसी नेता की सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी कहा जा रहा है। ट्रंप ने कड़े चुनावी मुकाबले में अपनी डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस को हरा दिया। विस्कोन्सिन में जीत के साथ ट्रंप (78) ने राष्ट्रपति पद के लिए जरूरी 270 निर्वाचक मंडल वोट हासिल कर लिए। उन्होंने विस्कोन्सिन जैसी महत्वपूर्ण सीट पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को पराजित किया। शाम सात बजे तक उपलब्ध जानकारी के अनुसार, रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप ने 277 निर्वाचक मंडल वोट जबकि डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस को 224 वोट हासिल हुए। ट्रंप ने फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए इस जीत को अमेरिका में स्वर्णिम युग की वापसी बताया। 4 साल के बाद ट्रंप फिर से व्हाइट हाउस पहुंचेंगे।

### खरगे और राहुल ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत पर बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। खरगे ने कहा कि हम वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। राहुल गांधी ने डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार रहीं कमला हैरिस को भी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### मेरे दोस्त ट्रंप को बधाई : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका का राष्ट्रपति निर्वाचित होने और उनकी ऐतिहासिक जीत पर बुधवार को उन्हें बधाई दी तथा वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मेरे दोस्त डोनाल्ड ट्रंप को ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई।

# रातों रात बुलडोजर लाकर घर नहीं गिरा सकते : सुप्रीम कोर्ट

### कोर्ट ने 2019 में ढांचों को गिराने पर उप्र सरकार से नाखुशी जताई

- अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया पर सभी राज्यों को जारी किए निर्देश
- जिसके घर को गिराया उसे 25 लाख रुपये मुवावजा दे उप्र सरकार



नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को 2019 में अवैध तरीके से ढांचों को गिराने को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार से नाखुशी जताई और सड़कें चौड़ी करने एवं अतिक्रमण हटाने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश जारी किए।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने उप्र सरकार को निर्देश दिया कि उस व्यक्ति को 25 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए जिसका घर 2019 में सड़क चौड़ीकरण के लिए गिरा दिया गया था। पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार के वकील से कहा कि आप ऐसा नहीं कर सकते कि बुलडोजर लेकर आएं और रातों रात भवनों को गिरा दें। आप परिवार को घर खाली करने के लिए समय नहीं देते। घर में रखे घरेलू सामान का क्या? पीठ ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव से कहा कि महाराजगंज जिले में मकान गिराने से संबंधित मामले में जांच कराई जाए और उचित कार्रवाई की जाए।

### प्राकृतिक न्याय सिद्धांतों का पालन करें राज्य

अदालत ने राज्यों से कहा कि वे अभिलेखों या मानचित्रों के आधार पर सड़क की मौजूदा चौड़ाई का पता लगाएं तथा सर्वेक्षण करें, जिससे सड़क पर यदि कोई अतिक्रमण है तो उसका पता चल सके। कहा कि यदि सड़क पर अतिक्रमण का पता चलता है तो राज्य को इसे हटाने से पहले अतिक्रमण करने वाले को नोटिस जारी करना होगा और यदि नोटिस की सत्यता और वैधता पर आपत्ति जताई जाती है तो राज्य प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए स्पीकिंग ऑर्डर (कारण सहित आदेश) जारी करेगा।

### उचित कारण जरूरी, मुनादी से नहीं चलेगा काम

याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ भटनागर और अधिवक्ता शुभम कुलश्रेष्ठ पक्ष रख रहे थे। अदालत ने उनका पक्ष सुनते हुए कहा कि यह स्पष्ट है कि मकान गिराने की प्रक्रिया पूरी तरह मनमानी थी और कानून का पालन किए बिना इसे अंजाम दिया गया। सुनवाई के दौरान पीठ को संबंधित क्षेत्र में 123 ढांचों को गिराए जाने के बारे में सूचित किया गया। पीठ ने राज्य सरकार के वकील से कहा कि आप कह रहे हैं कि आपने केवल मुनादी की थी। बताएं कि किस आधार पर निर्माण कार्य को अनधिकृत बताया गया। जब राज्य के वकील ने सड़क चौड़ीकरण परियोजना के बारे में बताया तो पीठ ने कहा, सड़क चौड़ीकरण बस एक बहाना है। यह उचित कारण नहीं लगता।

### अतिक्रमण हटाने से पहले दी जाए नोटिस

पीठ ने कहा कि यदि आपत्ति को खारिज कर दिया जाता है तो संबंधित व्यक्ति को अतिक्रमण हटाने के लिए एक तर्कसंगत नोटिस दिया जाएगा। यदि संबंधित व्यक्ति इसका अनुपालन नहीं करता, तो सक्षम प्राधिकारी अतिक्रमण हटाने के लिए कदम उठाएंगे, जब तक कि सक्षम प्राधिकारी या अदालत के आदेश से रोक न लगाई जाए। जहां सड़क की मौजूदा चौड़ाई, जिसमें उससे सटी राज्य की भूमि भी शामिल है, सड़क चौड़ीकरण के लिए पर्याप्त नहीं है, तो राज्य कार्रवाई को शुरू करने से पहले अपनी भूमि का अधिग्रहण करने के लिए कदम उठाएगा।

## प्रदेश की गरिमा का प्रतीक बनेगा उत्तराखंड निवास

ब्यूरो, देहरादून



नई दिल्ली में उत्तराखंड निवास का फीता काटकर लोकार्पण करते मुख्यमंत्री धामी।

- मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में किया उत्तराखंड राज्य अतिथि गृह का लोकार्पण
- उत्तराखंड निवास में राज्य की संस्कृति, लोककला व वास्तुकला का समावेश

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को नई दिल्ली के चाणक्यपुरी में उत्तराखंड राज्य अतिथि गृह 'उत्तराखंड निवास' का लोकार्पण किया। लगभग 120 करोड़ 52 लाख की लागत से बने उत्तराखंड निवास में राज्य की संस्कृति, लोक कला और वास्तुकला का समावेश है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की संस्कृति की झलक को समेटे यह भवन राष्ट्रीय राजधानी में प्रदेश की गरिमा का प्रतीक बनेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम सब उत्तराखंड निवास के लोकार्पण के ऐतिहासिक पल के साक्षी बन रह हैं। उत्तराखंड निवास उत्तराखंड की अद्वितीय कला की छाप संजोये हुए है। इसकी दीवार पारंपरिक रूप से पहाड़ी शैली के सुंदर पत्थरों से निर्मित है, जो हमारी सांस्कृतिक धरोहर को भी जीवंत करने का कार्य करती है। यह भवन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को एक नई ऊंचाई प्रदान करने के साथ ही राज्य और देश-विदेश से आने वाले अतिथियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने यहां पारंपरिक व्यंजनों के साथ ही श्री अन्न और जैविक उत्पादों की बिक्री के लिए विशेष काउंटर लगाने के निर्देश दिए। राज्य की पहचान टोपी, पिछोड़ा, शॉल, जैकेट एवं अन्य प्रसिद्ध उत्पादों की बिक्री की भी व्यवस्था हो। इस अवसर पर मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल, गणेश जोशी, डॉ. धन सिंह रावत, सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत, सांसद अजय भट्ट, माला राज्यलक्ष्मी शाह, राज्यसभा सांसद और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, राज्यसभा सांसद डॉ. कल्पना सैनी, विधायकगण, सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु आदि थे।

## 275 ग्राम स्मैक के साथ दो अंतर्राज्यीय तस्कर दबोचे

संवाददाता, रुद्रपुर

- बरामद स्मैक की बाजार में कीमत करीब 85 लाख रुपये
- बरेली से लाकर पुलभट्टा इलाके में की जाती थी आपूर्ति

**अमृत विचार :** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एवं पुलभट्टा पुलिस की संयुक्त टीम ने दो अंतर्राज्यीय स्मैक तस्करों को गिरफ्तार कर 275 ग्राम स्मैक बरामद की है। बरेली से सीमावर्ती पुलभट्टा इलाके में स्मैक सप्लाई की जा रही थी।

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व यूपी बॉर्डर पुलभट्टा से स्मैक की एक बड़ी खेप आने का इनपुट मिला था। जिसको लेकर थानाध्यक्ष पुलभट्टा रविंद्र सिंह बिष्ट और एएनटीएफ उपनिरीक्षक विनोद चंद्र जोशी टीम के साथ सुरागरसी में लगे थे। 5 नवंबर की रात्रि सूचना मिली कि दो तस्कर खेप लेकर पहुंच चुके हैं। जिस पर टीम ने बरेली रोड पुलभट्टा इलाके में चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। पैदल आ रहे तीन लोगों को पुलिस ने टोका तो वे भागने लगे, टीम ने ग्राम नूरपुर विजरुक बिसारत गंज (बरेली) निवासी वीरपाल सिंह और ग्राम किनौना कुंडलिया फैलज्जापुर अलीगंज (बरेली) निवासी शेर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उनका तीसरा साथी किनौना (बरेली) निवासी चंद्रसेन भागने में सफल रहा।

उनके पास से 275 ग्राम स्मैक बरामद हुई। जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 85 लाख रुपये आंकी गई है। एसएसपी के मुताबिक फरार आरोपी चंद्रसेन बरेली से स्मैक लाकर पुलभट्टा इलाके में सप्लाई करता है।

## राष्ट्रीय खेलों की तिथि पर आईओए की अंतिम मुहर

**देहरादून।** उत्तराखंड में 38वें नेशनल गेम्स के आयोजन तिथि पर भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने अपनी अंतिम मुहर लगा दी है। तिथि का औपचारिक एलान कर दिया गया है। अगले वर्ष 28 जनवरी से 14 फरवरी तक 38वें नेशनल गेम्स यहां होंगे। संघ की ओर से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को विधिवत एक पत्र के माध्यम से यह सूचना दी गई है। आईओए ने पांच विभिन्न कमेटियों का गठन भी किया है। बता दें कि बीते माह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान संघ की अध्यक्ष डॉ पीटी उषा से मुलाकात कर राष्ट्रीय खेलों की तारीख घोषित किए जाने का अनुरोध किया था। डॉ. उषा ने तभी आयोजन की प्रस्तावित तिथियों को सहर्ष स्वीकृति दे दी थी। अब औपचारिक एलान कर दिया गया है। पांच विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है। जिनमें सुनैना की अध्यक्षता में गेम्स टेक्निकल कंडक्ट कमेटी, मधुकांत पाठक की अध्यक्षता एनएसएफ/एसओए कोऑर्डिनेशन कमेटी, विथल शिरगोंकार की अध्यक्षता में प्रोटोकॉल कमेटी, सुमन कौशिक की अध्यक्षता में सेफगार्डिंग कमेटी और आईएएस आरके सुधांशु की अध्यक्षता में प्रिवेंशन ऑफ मैनिपुलेशन ऑफ कंपीटिशन कमेटी गठित की गई है।

## संदिग्ध हालत में गोली लगने से एनएसजी कमांडो की मौत

**लालकुआं।** बिंदुखत्ता निवासी एनएसजी कमांडो की दिल्ली में गोली लगने से मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। गुरुवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा। बिंदुखत्ता के खैरानी नंबर दो निवासी नरेंद्र सिंह भंडारी (30) एनएसजी कमांडो थे। इन दिनों दिल्ली में पोस्टिंग थी। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक बीते रोज सांय 6-7 बजे दिल्ली में फायर ड्रिल के दौरान गोली लगने से नरेंद्र की मौत हो गई। एनएसजी दस्ता नरेंद्र के पार्थिव शरीर को दिल्ली से लेकर देर रात यहां पहुंचा। नरेंद्र पूर्व में कुमाऊं रेजिमेंट के अंतर्गत जम्मू कश्मीर में तैनात थे। बाद में उनका चयन कमांडो के लिए हो गया। 19 नवंबर को नरेंद्र की शादी लोहाघाट निवासी युवती से होनी थी। जिसके कार्ड भी बंट चुके हैं। छोटी बहन हीरा भंडारी व मां माधवी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।



नरेन्द्र सिंह भंडारी

## एलएमवी लाइसेंस धारक चला सकेंगे 7500 किग्रा वजन का ट्रांसपोर्ट वाहन

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट का निर्णय

वाणिज्यिक वाहन चालकों को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि हल्के मोटर वाहन (एलएमवी) का लाइसेंस धारक व्यक्ति 7,500 किलोग्राम तक वजन वाले परिवहन वाहन चला सकता है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ का फैसला बीमा कंपनियों के लिए एक झटका है। बीमा कंपनियां उन दावों को खारिज कर देती थीं, जो एक विशेष वजन के परिवहन वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं से संबंधित होते थे। पीठ के लिए सर्वसम्मति से फैसला लिखने वाले न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय ने कहा कि ऐसे कोई आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं जो यह दर्शाते हों कि देश में सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि के लिए एलएमवी लाइसेंस धारक जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि एलएमवी लाइसेंस धारक, जो अधिकतम समय वाहन चलाते हैं, उनकी शिकायतों को खारिज नहीं किया जा सकता। प्रधान न्यायाधीश और न्यायमूर्ति रॉय के अलावा पीठ में न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा, न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।



## सार-संक्षेप



नवनिर्मित लॉन का लोकार्पण करते ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट। ● अमृत विचार

### विकासखंड परिसर में नवनिर्मित लॉन का लोकार्पण

**भीमताल :** विकासखंड परिसर में नवनिर्मित लॉन का ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि विकासखंड मुख्यालय को आदर्श ब्लॉक बनाने के साथ ही अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। पूर्व में विकासखंड की बिल्डिंग जर्जर हालत में थी, नया भवन बनने के बाद इसे सजाने-संवारने का प्रयास किया गया है। इससे जनप्रतिनिधियों व कर्मचारियों को स्वच्छ वातावरण मिलेगा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान हेमा आर्य, राधा कुल्याल, लता पलड़िया, लक्ष्मण गंगोला, विपिन जंतवाल, दिनेश चंद, ललित मोहन, इंद्र सिंह मेहता, कमल गोस्वामी, अनीता प्रकाश, गोपाल कृष्ण भट्ट, प्रदीप कुमार, बीना बेनवाल, हरीश श्रीवास्तव, तारा जोशी, हिमांशु पांडे मौजूद रहे।

### शराब की दुकान से क्षेत्रवासी परेशान

**भीमताल :** गोरखपुर क्षेत्र में आबकारी विभाग और प्रशासन ने शराब की दुकान खोलने की अनुमति दी है, लेकिन इस दुकान के कारण स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह से लेकर शाम तक दुकान के बाहर शराबियों का जमघट लगा रहता है। जिस कारण आये दिन जाम की समस्या बनी रही है। बाहर से आने वाले पर्यटक दुकान से समान खरीदने के लिए बीच सड़क में वाहन खड़ा कर देते हैं। इससे स्थानीय लोगों को खासी परेशानी होती है। लोगों ने डीएम से मामले का संज्ञान लेकर शराब की दुकान को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग की है।

### पुरस्कार वितरण के साथ खेल महाकुंभ संपन्न

**भीमताल :** न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ का आयोजन ग्रीन पार्क स्टेडियम पोखराखेत पहाड़पानी में प्रधान देवेंद्र कुमार आर्य के नेतृत्व में किया गया। जिसमें अंडर-14 वर्ग में विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई। खेल महाकुंभ का आयोजन अध्यक्ष पूरन चंद उपाध्याय और संयोजक हेमचंद जोशी के दिशा-निर्देशन में हुआ। संचालन पंकज वर्मा, अनिल कुमार शर्मा, मेनका पांगती ने किया। समापन अवसर पर गणेश लाल वर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस दौरान हेमचंद्र जोशी, भैरव दत्त, देवेंद्र मेलकानी, रामकिशन टम्टा मौजूद रहे।



प्रगतिशील किसान नरेंद्र सिंह मेहरा को सम्मानित करते आयोजक। ● अमृत विचार

### नरेंद्र मेहरा इनोवेशन ऑफ फार्मिंग अवार्ड से सम्मानित

**हल्द्वानी :** गौलापार क्षेत्र के रहने वाले प्रगतिशील किसान नरेंद्र सिंह मेहरा को कृषि नवाचार एवं जैविक खेती में उल्लेखनीय कार्यों के लिए इनोवेशन ऑफ फार्मिंग अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित तीन दिवसीय द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन में दिया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की ओर से आयोजित इस सम्मेलन में देशभर से कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली कई विभूतियों को आमंत्रित किया गया था। जिसमें वरिष्ठ वैज्ञानिकों, कृषि विशेषज्ञों, यूथ साइंटिस्ट्स व किसानों को विभिन्न श्रेणियों में अवार्ड प्रदान किये गये। इस अवसर पर हिंदुस्तान एग्रीकल्चर रिसर्च वेलफेयर सोसाइटी के महासचिव डॉ. अनिल चौधरी ने गुजरात के राज्यपाल देवव्रत का संदेश प्रसारित किया।

# छात्रों ने निकाली शिक्षा मंत्री की शव यात्रा

## पुलिस के साथ हुई झड़प, विवि में शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** छात्र संघ चुनाव की तिथि घोषित नहीं होने से नाराज छात्रों ने बुधवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय परिसर में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की शव यात्रा निकालकर आक्रोश जताया। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे छात्रों की पुलिस के साथ झड़प भी हुई। पुलिस ने आंदोलित छात्रों से अर्थी छीन ली। जिसके बाद छात्रों ने विवि में सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही उच्च शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका।

इस दौरान आक्रोशित छात्रों ने उच्च शिक्षा मंत्री पर आरोप लगाया कि भाजपा के अनुषांगिक छात्र दल प्रदेश के लगभग सभी कॉलेजों में हार की कगार पर हैं। हार के डर से प्रदेश भर के कॉलेजों में सरकार चुनाव नहीं करा रही है। छात्रों ने सरकार को चेतावनी दी कि अगर 24 घंटे के भीतर चुनाव की तिथि घोषित नहीं की गई तो छात्र अल्मोड़ा कॉलेज के छात्रों की तर्ज पर सामूहिक आत्मदाह करने को मजबूर होंगे।

इधर, प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने विवि परिसर में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। मांग पूरी होने तक धरना जारी रखने की चेतावनी दी। इस दौरान करन सती, आशीष कबड्वाल, भास्कर जोशी, करन दनाई, अभिषेक, विशाल, सार्दुल नेगी, मोनिका, वैष्णवी, प्रशांत, कमलेश, तनिष्क मेहरा, अरमान, हिमांशु, जिया, संजय समेत कई छात्र मौजूद रहे।



कुमाऊं विवि परिसर में उच्च शिक्षा मंत्री की शव यात्रा निकालते छात्र। ● अमृत विचार

### अलर्ट मोड पर रहा पुलिस प्रशासन

कुमाऊं विवि में छात्रों के प्रदर्शन की खबर के बाद पुलिस प्रशासन सुबह से ही अलर्ट मोड में नजर आया। कॉलेज परिसर और विवि परिसर में भारी पुलिस बल तैनात रहा, ताकि छात्रों के द्वारा किसी प्रकार का उपद्रव न किया जा सके। इस दौरान एसडीएम प्रमोद कुमार, सीओ प्रमोद साह, कोतवाल हरपाल सिंह भी मौजूद रहे।

# संवेदनशील बूथों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हों: डीएम

संवाददाता, नैनीताल

**निर्देश**

- निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर की बैठक
- नोडल अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश

**अमृत विचार :** डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को नैनीताल कार्यालय सभागार में नगर निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। डीएम ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्वाचन की गाइडलाइन के तहत टीम के साथ तैयारी शुरू करने के निर्देश दिये। जिससे निर्वाचन के दौरान कार्मिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।



उन्होंने नोडल अधिकारियों को निर्वाचन की जानकारी और प्रशिक्षण संबंधी तैयारी पूरी करने को कहा। साथ ही पुलिस प्रशासन से संवेदनशील इलाकों, मतगणना स्थलों और बूथों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। वहीं आरटीओ को चुनाव के लिए समय से वाहनों की व्यवस्था करने को कहा। डीएम ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को बूथों, मतगणना स्थलों में बैरिकेड की व्यवस्था करने, समाज कल्याण विभाग को निर्वाचन से पहले दिव्यांग जनों की मतदाता सूची तैयार करने और व्हीलचेयर आदि की व्यवस्था करने को कहा। साथ ही नए मतदाताओं की सूची का गहन परीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम शिवचरण द्विवेदी, नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, डीडीओ गोपाल गिरी गोस्वामी, एसडीएम धारी केएन गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# युवा रेसलर चिराग ने वर्ल्ड चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के कोच कुलदीप सिंह से प्रशिक्षण प्राप्त युवा रेसलर चिराग छिकारा ने अल्बानिया के तिराना में आयोजित अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियनशिप में पुरुष वर्ग में 57 किलोग्राम की फ्री स्टाइल में स्वर्ण पदक हासिल किया है। उन्होंने फाइनल में किर्गिजस्तान के रेसलर एंडीमिक कारचोब को 4-3 से हराकर इतिहास रच दिया।



चिराग वर्ल्ड चैंपियन बनने वाले भारत के दूसरे पुरुष रेसलर हैं। जबकि ओवरऑल तीसरे रेसरल अमन सहरावत और रितिका हूडा वर्ल्ड चैंपियन का टैग हासिल कर चुके हैं। चिराग के वर्ल्ड चैंपियन बनने से ग्राफिक एरा में खुशी का माहौल है। चिराग छिकारा का जन्म हरियाणा के सोनीपत के जुआं गांव में हुआ था। महज 11 वर्ष की उम्र में उनका वनज बढ़ता देख परिजनों ने उन्हें स्थानीय अखाड़े में डालने का निर्णय लिया। चिराग को रेसलिंग में दिलचस्पी होने लगी। उन्होंने गांव में ही ट्रेनिंग की, इसके बाद कोच कुलदीप सिंह के साथ सोनीपत में इंडियन नेवी रायपुर अखाड़ा में ट्रेनिंग की। नौसेना के कुश्ती कोच कुलदीप सिंह एवं सदस्य हर साल ग्राफिक एरा में हाई एल्टीट्यूड कुश्ती का प्रशिक्षण लेने आते हैं। यहां उन्हें व उनके सभी सदस्यों को हर सुविधा प्रदान की जाती है। चिराग ने लगातार 2 वर्षों तक ग्राफिक एरा में हाई एल्टीट्यूड कुश्ती का प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

# एक रात में दो बार की चोरी, दोनों बार छूट गया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मुखानी में एक चोर की किस्मत इतनी तेज निकली की उसने एक ही रात में दो बार चोरी की वारदात को अंजाम दिया। दोनों बार रंगेहाथ पकड़ा गया और दोनों बार पुलिस ने उसे छोड़ दिया। घटना को अंजाम देते समय शातिर का हाथ भी कट गया था। मुखानी थानाक्षेत्र की है, जहां तहरीर न मिलने की वजह से पुलिस को हाथ आया चोर छोड़ना पड़ गया।

मुखानी थाना क्षेत्र की रिवर वैली कॉलोनी के अध्यक्ष सेवानिवृत कैप्टन सोबन सिंह भड़ ने बताया कि मंगलवार की रात एक चोर कॉलोनी के गेट नंबर दो में घुस गया। वह अपने साथ कटर लाया था। रात करीब साढ़े 12 बजे वह योगेश जोशी के निर्माणाधीन मकान में घुसा और कटर से कुछ काटने की कोशिश करने लगा। कॉलोनी में रहने वाले सौरभ जोशी, अजय परगाई और योगेश जोशी ने कटर की आवाज सुनी तो मौके पर पहुंच गए। युवकों को देखते ही आरोपी भाग खड़ा हुआ, लेकिन युवकों ने उसे पकड़ लिया। उसके पास से सीमेंट के कट्टे में सरिया और एक कटर मिला। चोर ने बताया कि वह निर्माणाधीन मकान के दरवाजे पर लगे ताले को कटर से काट रहा था, इस दौरान उसका हाथ कट गया।

पूछने पर चोर ने अपना नाम पारस देवका पुत्र स्व. राजेंद्र सिंह देवका निवासी सोम विहार गली नंबर 4 देवपुर देवका कमलुवागांजा बताया। रात करीब 2 बजे पुलिस उसे अपने साथ ले गई, लेकिन तहरीर नहीं मिलने की वजह से उसे कुछ देर बार छोड़ दिया।

सुबह करीब पौने 5 बजे उक्त चोर पुनः रिवर वैली कॉलोनी के पास भगवती एनक्लेव में पूर्व सैनिक भुवन चंद्र सिंह के निर्माणधीन मकान में घुस गया और 10 हजार रुपये की कीमत की मोटर चोरी कर ली। हालांकि चोर फिर रंगेहाथ पकड़ लिया गया। फिर पुलिस आई और चोर को चोरी के माल के साथ थाने ले गई। पुलिस ने मोटर मालिक से तहरीर मांगी। मोटर मालिक ने तहरीर देने के साथ अपनी मोटर वापस मांगी। पुलिस ने बताया कि मुकदमा दर्ज होने पर उन्हें मोटर तुरंत नहीं मिल पाएगी। इस पर मोटर मालिक तहरीर देने से पीछे हट गया और अपनी मोटर लेकर चला गया। जिसके बाद पुलिस को मजबूरी में चोर को छोड़ना पड़ गया। मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि आरोपी को लोगों ने बुरी तरह पीट दिया था। उसके हाथ से खून निकल रहा था। लोगों ने उसे पकड़ा जरूर, लेकिन कोई तहरीर देने को राजी नहीं हुआ।





चोर पकड़े जाने की सूचना पर पहुंची मुखानी पुलिस, इनसेट में आरोपी चोर।



चोरी की पानी की मोटर।



लालकुआं कोतवाली के निरीक्षण के दौरान अभिलेखों की जांच करते एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा। ● अमृत विचार

# नशे के खिलाफ चलाएं अभियान

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार :** एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बुधवार को कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को जीर्ण-क्षीर्ण भवनों को नया बनाने के लिए प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये। साथ ही नशे के खिलाफ सख्त अभियान चलाने को कहा।

एसएसपी ने कोतवाली के सभी भवनों, कार्यालयों व मालखाने का निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों की जांच की, जहां सभी अभिलेख अद्यावधिक पाये गये। उन्होंने एफआईआर और जीडी की प्रविष्टियों को भी जांचा। इसके बाद माल मुकदमाती व मोटर वाहन अधिनियम से संबंधित वाहनों को चैक किया। एसएसपी ने शस्त्रों एवं आपदा सामग्री का लिस्ट से मिलान किया तथा पुलिस कर्मियों से शस्त्र जुड़वाये और खुलवाये। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक को पुलिस कर्मियों को समय-समय पर शस्त्र हैंडलिंग का अभ्यास कराने के निर्देश दिये। साथ ही संदिग्ध व्यक्ति, बाहरी जनपदों से प्रवेश करने वाले आपराधिक/गुंडा प्रवृति के लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाने को कहा। इस दौरान क्षेत्राधिकारी दीपशिखा अग्रवाल, प्रभारी निरीक्षक दौलत राम वर्मा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक हरेंद्र सिंह नेगी, दीपक बिष्ट, चौकी प्रभारी सोमेंद्र सिंह और गौरव जोशी मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने कराई विभिन्न प्रतियोगिताएं

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से 25वें राज्य स्थापना दिवस बार सभागार में विभिन्न कार्यक्रम शुरू हो गए हैं।

बुधवार को स्व. गोविन्द सिंह बिष्ट की स्मृति में आर्ट प्रतियोगिता हुई, जिसमें 66 बच्चों ने हिस्सा लिया। इसका शुभारंभ देवकी बिष्ट पत्नी स्व. गोविन्द सिंह बिष्ट ने किया। संयोजक अंजलि भार्गव रहीं। इसके अलावा स्व. पीएस अधिकारी की स्मृति में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन डीके जोशी के संयोजन में हुआ। इसका उद्घाटन स्व.पीएस अधिकारी के पुत्र अधिवक्ता वीरेंद्र अधिकारी ने किया। बार सभागार में स्व. लीलाधर जोशी की स्मृति में कैरम प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता के संयोजक प्रभाकर जोशी व सहसंयोजक मनोज चन्द्र भट्ट रहे। पूर्व महाधिवक्ता स्व. एलपी नैथानी की स्मृति में भाषण प्रतियोगिता हुई, जिसका शुभारंभ न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल ने किया। इस दौरान बार अध्यक्ष दुर्गा सिंह मेहता, वीरेंद्र रावत, राजीव बिष्ट, अनिल जोशी समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे।



प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे। ● अमृत विचार

# कुंजवाल ने कार्यकर्ताओं को चुनाव में दिया जीत का मंत्र



राज्य अतिथि गृह में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते नैनीताल प्रभारी गोविंद सिंह कुंजवाल। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नगर निकाय चुनाव में जीत हासिल करने को लेकर कांग्रेस ने कमर कस ली है। बुधवार को नैनीताल राज्य अतिथि गृह में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व नैनीताल प्रभारी गोविंद सिंह कुंजवाल ने कांग्रेस पदाधिकारियों समेत बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर सभी को एकजुट होने के निर्देश दिये। साथ ही निकाय चुनाव में जीत का मंत्र भी दिया।

उन्होंने निकाय चुनाव में दावेदारी करने वाले प्रत्याशियों से नाम मांगें, ताकि चुनाव तक योग्य उम्मीदवार का नाम तय किया जा सके। इस दौरान 13 उम्मीदवारों ने अपने नाम की पेशकश पार्टी फोरम स्तर तक की है।

पत्रकार वार्ता में गोविंद सिंह कुंजवाल ने कहा कि पार्टी ने उनको नैनीताल का प्रभारी बनाया है। जिसके तहत उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की है। बैठक में कुछ लोगों ने चुनाव को लेकर नाम दिये हैं। इन नामों पर अध्ययन और चर्चा के बाद पार्टी समर्पित कार्यकर्ता को टिकट देगी। प्रदेश भर में कांग्रेस एकजुट होकर चुनाव लड़ेगी और बहुमत के साथ चुनाव जीतेगी।

### केदारनाथ में कांग्रेस का लहरायेगा परचम

गोविंद सिंह कुंजवाल ने केदारनाथ उप चुनाव में कांग्रेस की जीत का दावा करते हुए कहा कि भाजपा की नीति विकास विरोधी है। तीन साल में प्रदेश में कोई बड़ा विकास कार्य नहीं हुआ है। जनता भाजपा के काम से नाराज है। सरकारी विभागों में बगैर पैसे दिये कोई काम नहीं हो रहा है। सरकार भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। स्टीमेंट के आधार पर हो रहे कामों में 50 प्रतिशत बजट खर्च कर सरकारी धन की बंदरबाट कर कार्यों की गुणवत्ता से खिलवाड़ हो रहा है। सरकार की नीतियों की वजह से कांग्रेस केदारनाथ उप चुनाव, निकाय चुनाव से लेकर आने वाला विधानसभा चुनाव जीतेगी।

**लापरवाही** सिडकुल मोटर मार्ग पर अव्यवस्थित तरीके से पड़े हैं दर्जनों पोल

# दुर्घटना को दावत दे रहे सड़क किनारे बिजली के पोल

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** आमतौर पर कई बैठकों में ऊर्जा निगम बिजली के पोल उपलब्ध नहीं होने की जानकारी देता है। वहीं, विभाग के ठीक सामने सिडकुल मोटर मार्ग पर दर्जनों बिजली के पोल अव्यवस्थित तरीके से पड़े है। इनमें से कई पोल जंक लगकर सड़ने की स्थिति में आ गये हैं।

कई पोलों के ऊपर झाड़ियां उग आई हैं, जिस कारण कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है। क्षेत्र के निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र चनौतिया ने ऊर्जा निगम के अधिकारियों से बिजली के पोलों को सुव्यवस्थित करने और ग्राम सभाओं में नये पोल लगाने की मांग की है। इधर, विद्युत उपखंड अधिकारी काजल रैकुनी का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में है। जहां पोलों की आवश्यकता होगी, वहां लगाये जायेंगे।



सड़क किनारे पड़े बिजली के पोल। ● अमृत विचार



"कई समय से इस प्रकार के मामले आ रहे हैं। मामला संज्ञान में आया है, पोलों के विषय में जानकारी लेकर आवश्यकता वाले स्थानों में लगाने की मांग की जाएगी। – **मनोज भट्ट**, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा



"नगर में कई स्थानों पर बिजली के पोलों की आवश्यकता है। जगह-जगह पोलों पर झाड़ियां उग आई हैं। विद्युत को जर्जर पोलों की जगह नये पोल लगाने चाहिए। – **नीरज कुमार मोनू**, कांग्रेस नेता



"नगर पालिका क्षेत्र में कई वार्ड ऐसे हैं, जहां पोल लग जाएं तो लोगों को राहत हो। कई बार पोल नहीं होने की जानकारी विभाग के द्वारा दी जाती है। जबकि दर्जनों पोल मौजूद हैं। – **बंटी आर्या**, निवर्तमान सभासद वार्ड छह

### कुविवि के पूर्व छात्र प्रो. संजय बने बीएचयू के कुलाधिसचिव

**नैनीताल :** कुमाऊं विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र प्रो. संजय कुमार को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) का रेक्टर (कुलाधिसचिव) नियुक्त किया गया है।



प्रो. संजय ने विश्वविद्यालय के कुलाधिसचिव पद का कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने अपनी शिक्षा की शुरुआत कुमाऊं विवि से की। जहां उन्होंने भौतिकी विषय में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की। उनके बीएचयू में कुलाधिसचिव बनने पर कुविवि में खुशी का माहौल है। विवि के कुलपति प्रो. दीवान एस रावत ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रो. संजय की इस उपलब्धि पर उन्हें गर्व है। भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं प्रो. संजय कुमार के सहपाठी प्रो. संजय पंत ने कहा कि कुविवि के भौतिकी विभाग के छात्रों और पूर्व छात्रों के लिए यह गर्व का क्षण है।



**आज का मौसम**

ठंडी हवाओं के साथ आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

28.0⁰ अधिकतम तापमान | 20.6⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.29 | सूर्यास्त 17.21

## एक नजर

### डीएम वंदना आज खूपी गांव का करेंगी भ्रमण

**नैनीताल :** जिलाधिकारी वंदना सिंह का आज सुबह 11 बजे कुरियागांव (खूपी) एवं भवाली तहसील में भ्रमण कार्यक्रम है। यह जानकारी देते हुए संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल ने बताया कि भ्रमण के दौरान डीएम जनसमस्याओं के निस्तारण एवं विभिन्न विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करेंगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समय से कुरियागांव तोक खूपी में आवश्यक अभिलेखों एवं सूचनाओं के उपस्थित रहने को कहा है।

### दोस्त को दी बाइक हुई चोरी, मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी :** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है। राकेश कुमार पुत्र रमेश चंद्र चांदनी चौक देवलचौड़, रामपुर रोड ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी बाइक संख्या यूके 04 एएम 1835 को उसका दोस्त 20 सितंबर को मांग कर ले गया था। जो कि उसके दोस्त ने बरेली रोड स्थित नागपाल टावर के पास खड़ी की थी। लेकिन दूसरे दिन सुबह बाइक गायब मिली। आसपास के लोगों से पूछताछ की लेकिन कोई पता नहीं लग सका। कोतवाल राजेश कुमार ने बताया कि जल्द ही चोर को मय बाइक के गिरफ्तार किया जाएगा।

### पुलिस ने राहगीर को खोया पर्स लौटाया

**भीमताल :** एक पुलिस कर्मी ने राहगीर को उसका खोया पर्स लौटा दिया। जिसकी राहगीर ने काफी प्रशंसा की। चीता मोबाइल में तैनात हेड कांस्टेबल दीप कुमार को ड्यूटी के दौरान भीमेश्वर मंदिर के पास एक पर्स गिरा हुआ मिला। जिसमें 5,480 रुपये व अन्य महत्वपूर्ण कागजात थे। दीप ने पर्स से मिले कागजात के आधार पर राजेंद्र सिंह पुत्र डूंगर सिंह निवासी मल्ला ढूंगसील से संपर्क किया और जांच पड़ताल करने के बाद पर्स लौटा दिया। लोगों ने पुलिस की प्रशंसा की है।

# जिले की वीआईपी रोड पर भी खतरों के निशान

## नैनीताल को जाने वाली सड़क पर कहीं पैराफिट टूटे तो कहीं सड़क, हर दिन गुजरते हैं हजारों वाहन

संवाददाता, हल्द्वानी


भुजियाघाट के पास टूटा पैराफिट, जिससे बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी है। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सैलानियों की आवाजाही के लिहाज से कुमाऊं के प्रसिद्ध पर्यटन नगरी नैनीताल को जाने वाली नैनीताल रोड पर भी पग-पग पर खतरा है। सड़क किनारे कई जगह पैराफिट नहीं हैं, कहीं हैं तो टूटे हुए। हालत यह है कि पैराफिट इतने कमजोर हैं कि अगर उनसे वाहन टकराए तो पैराफिट के साथ ही वाहन भी खाई में गिर जाए।

काठगोदाम से दोगांव की दूरी करीब 14 किमी है। काठगोदाम से नैनीताल की दूरी करीब 36 किमी है। जब अमृत विचार की टीम ने काठगोदाम से नैनीताल के लिए सफर शुरू किया तो भुजियाघाट आने से पहले ही एक गधेरे के पास मोड़ पर तीव्र ढलान है। इस ढलान के पास बना पैराफिट टूटा हुआ है। बड़े वाहनों बस और ट्रक को जैसे-तैसे संभालकर हल्द्वानी की तरफ लाने का प्रयास किया जा रहा है। इस कोशिश में अगर जारी सी भी चूक हो जाए तो वाहन सीधे गधेरे में समा जाएगा और बड़ी अनहोनी हो सकती है। यह जानलेवा सफर यही नहीं थाम, जब टीम आगे बढ़ी तो भुजियाघाट से आगे कुछ ही दूरी पर एक मोड़ पर बदतर हालत में सड़क मिली। इस उधड़ी सड़क पर चालकों को वाहन नियंत्रित कर खाई में गिरने से बचना किसी जंग जीत लेने से कम नहीं है। मानसून में पहाड़ों से मलबा गिरा होगा, जो अभी तक उठाया नहीं गया। दोगांव से पहले जगह-जगह सड़क पर गिरा मलबा संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली को दर्शाता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मलबा बारिश के दिनों में बहकर आ गया था। तब से मलबा यहीं पर पड़ा हुआ है। नैनीताल की ओर आने और जाने वाले वाहनों को बहुत की संभलकर मलबे से बचकर जाना पड़ रहा है। दोगांव में एक प्राइवेट स्कूल के पास एक जगह पर भूस्लखन हुआ है। यहां सड़क कम चौड़ी भी है। क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत नहीं होने से रात-दिन हादसे का खतरा बना हुआ है। इसी जगह पर सड़क किनारे मलबा भी गिरा हुआ है। 14 किमी के सफर में कई जगह सड़क किनारे पैराफिट नहीं मिले, जहां मिले तो क्षतिग्रस्त। वर्ष 2021 में हुई अतिवृष्टि के बाद जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हुई सड़क की मरम्मत भी नहीं की गई थी, इस वजह से हादसों का खतरा हर समय बना हुआ है।

### गुलाबघाटी में अभी भी हो रही दिक्कत

**हल्द्वानी :** काठगोदाम में रानीबाग से पहले गुलाबघाटी पड़ता है। यहां कम चौड़ी सड़क भी मुसीबत की वजह है। कई बार वाहन नीचे गिर चुके हैं। साथ ही यात्री सीजन में यहां जाम लगना आम बात है। हल्द्वानी के आमजनमानस के साथ ही व्यापारी वर्ग भी इस रोड को चौड़ा करने की मांग कर चुके हैं।

### अब वाहनों की आवाजाही हर समय बढ़ गई

**हल्द्वानी :** स्थानीय लोगों ने बताया कि पहले के समय गर्मियों की छुट्टियों के समय ही वाहनों की आवाजाही ज्यादा रहती थी लेकिन अब कैंचीधाम में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या की वजह से नैनीताल रोड पर हर समय वाहनों की संख्या बढ़ी रहती है। खासतौर से शनिवार से मंगलवार के दौरान छोटे वाहनों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी होती है।


भुजियाघाट और दोगांव में सड़क के बीचों-बीच हुए गड्ढे। ● अमृत विचार


दोगांव के पास सड़क के किनारे का हाल, जहां कभी भी अनहोनी हो सकती है।


भुजियाघाट से दोगांव के बीच सड़क के किनारे का हिस्सा धंसने से यहां मिट्टी व पत्थरों का ढेर लगा दिया गया है। जरा सी चूक होने पर बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

# पत्नी से जोर-जबरदस्ती कर जेवर लेकर भागा पति

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एक महिला ने अपने पति पर दहेज कम मिलने से पर मारपीट, गाली-गलौज और जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाने व जेवरात लेकर भागने के आरोप लगाए हैं। शिकायत पर पुलिस ने पति के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पीड़िता का कहना है कि उसका मायका रामपुर रोड स्थित एक मोहल्ले में है। उसकी शादी वर्ष 2021 को मेरठ निवासी युवक के साथ रामनगर के गर्जिया मंदिर में हुई थी। शादी में मायके पक्ष ने सामर्थ के अनुसार दान-दहेज दिया था, लेकिन पति संतुष्ट नहीं था। शादी के बाद वह मुजफ्फरनगर में पति के साथ किराये के मकान में रह रही थी। पति छोटी-छोटी बात पर मारपीट, गाली-गलौच करने लगा। पत्नी की इच्छा के विरुद्ध जबरन अप्राकृतिक सम्बंध बनाता और पत्नी विरोध करती तो उसे बुरी तर पीटता। पति की हैवानियत लगातार बढ़ती गई। 23 अगस्त की रात पति की पिटाई से घायल पीड़िता अगले दिन चिकित्सक को दिखाने गई। लौटी तो पति घर के सारा सामान एक कार में लादे घर के बाहर मिला। वह घर छोड़ कर जा रहा है। इस बात पर कहासुनी हुई तो कार वाला सामान उतारकर चला गया और पति मोटरसाइकिल से भाग गया। पीड़िता घर के अंदर पहुंची तो पता लगा कि पति सारे जेवर लेकर चला गया है। पीड़िता ने फोन किया तो पति फोन पर धमकाने लगा। पति नहीं लौटा तो पीड़िता ने अपने पिता को बुलाया और मायके आ गई। कोतवाल राजेश यादव का कहना है कि पति के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# साहब...अभी भी पहाड़ जाने वाले वाहनों में ओवरलोडिंग

संवाददाता, हल्द्वानी



तिकोनिया चौराहे के पास वाहन की छत पर सामान रखता चालक व ओवरलोड सवारियां बैठाकर ले जाता चालक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा जिले के सल्ट में हुए भीषण सड़क हादसे का एक प्रमुख कारण बस का ओवरलोड होना था। बस में अपनी क्षमता से लगभग 1.5 गुना अधिक सवारियों को बैठाया गया था। परिवहन विभाग ओवरलोड और ओवरस्पीड वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई का दावा करता है लेकिन सड़कों पर इसकी हकीकत कुछ और ही दिख रही है। पहाड़ जाने वाले वाहनों में लगातार ओवरलोडिंग और यात्रियों का ठूंसना जारी है।

अमृत विचार की टीम ने पर्वतीय रूटों पर जाने वाले वाहनों की पड़ताल की तो परिवहन, पुलिस और प्रशासन के ओवरलोडिंग की रोकथाम के सभी दावे बेदम नजर आए। मैक्सी-टैक्सी ओवरलोड दौड़ते मिले। तिकोनिया से विभिन्न पर्वतीय रूटों पर चलने वाले मैक्स, बोलेरो आदि वाहनों में सवारियों के साथ ही उनकी छत में क्षमता से अधिक सामान रखा गया था। यह हाल सिर्फ एक वाहन का नहीं बल्कि हर वाहन का था। जब यात्रियों से बातचीत की तो नाम नहीं छापने की शर्त पर उन्होंने बताया कि पर्वतीय रूट के लिए सरकारी सेवाएं बहुत कम हैं। पहाड़ के कई रूट हैं जहां रोडवेज की सुविधा नहीं है सिर्फ केमू की बसें चलती हैं वो भी इक्का दुक्का। ऐसे में इन निजी वाहनों पर निर्भर होना पड़ता है। यदि ये वाहन भी छूट जाए तो पहाड़ जाना मुश्किल हो जाएगा। इसको लेकर कोई भी विभाग रणनीति नहीं बनाता है जिससे यह परेशानी होती है।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में ओवरलोड, ओवरस्पीड वाहनों के लिए दिए थे निर्देश

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सड़क सुरक्षा समिति का गठन किया गया है। समय-समय पर समिति की बैठक में सड़क दुर्घटनाओं का विश्लेषण किया जाता है और इसमें कमी लाने के लिए दिशानिर्देश जारी किये जाते हैं। साथ ही सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरुक भी किया जाता है। समिति में परिवहन विभाग के साथ ही लोनिवि के अधिकारी भी शामिल हैं। बीते 23 सितंबर को हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में ओवरलोड, ओवरस्पीड व मदिरा सेवन कर वाहन चलाने से दुर्घटनाएं अधिक होने की बात सामने आई थी। डीएम ने सभी ब्लैक स्पॉट को शीघ्र सुधारने के साथ ही परिवहन विभाग और एसडीएम को उन सड़कों की सूची बनाकर पैराफिट, क्रैश बैरियर, सुरक्षा दीवार निरीक्षण, गुणवत्ता की जांच करने को कहा था जहां कार्य पूरा कर लिया गया है।

# ड्यूटी पर लौट रहे बीएसएफ जवान की बिगड़ी हालत, मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


कृपाल सिंह रावत। (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** छुट्टी काटकर यूनिट में वापस जा रहे बीएसएफ जवान की रास्त में मौत हो गई। बुधवार को पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका चित्रशिला घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

मूलरूप से रयाल गांव गन्या टोली रानीखेत अल्मोड़ा निवासी कृपाल सिंह रावत वर्ष 1999 में बीएसएफ में भर्ती हुए। उनकी 172 बटालियन शिलांग में तैनाती थी और शाकंबरी विहार तल्ला बमौरी में पत्नी रेनू, 15 वर्षीय बेटी आस्था व 10 वर्षीय बेटे अंशु के साथ रहते थे। एक्स सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स पर्सनल एसोसिएशन के अध्यक्ष डीएस बोहरा ने बताया कि कृपाल दीपावली की छुट्टी पर घर आए थे। छुट्टी खत्म होने पर वह वापस अपनी बटालियन में लौट रहे थे। 4 नवंबर को आरा स्टेशन पहुंचने पर अचानक उनकी हालत बिगड़ी और मृत्यु हो गई। हवाई जहाज से उनके शव को दिल्ली ले जाया गया। दिल्ली से 25 बटालियन बीएसएफ की टुकड़ी उनके पार्थिव शरीर को लेकर हल्द्वानी पहुंची। बुधवार को चित्रशिला घाट पर उनका सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।


चित्रशिला घाट पर बीएसएफ जवान को अंतिम सलामी देते जवान। ● अमृत विचार

**दुखद**

▶▶ शिलांग में थे तैनात, यूनिट में वापसी करते समय आरा रेलवे स्टेशन पर हुई घटना

# जिले में डेंगू के तीन मरीज और मिले

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** एसटीएच में डेंगू के तीन मरीज भर्ती हुए हैं। जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या 100 पार कर गई है।

डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में बुखार के रोगियों की संदेह होने पर एलाइजा जांच की गई। तीन मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई। मरीजों को अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती करवा दिया गया है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार मरीजों की स्थिति में अब सुधार है। वहीं, एसएसजे बेस अस्पताल में डेंगू का कोई भी मरीज भर्ती नहीं है लेकिन इस बार नैनीताल जिले में डेंगू मरीजों की संख्या 103 हो गई है। इनमें 57 रोगी बाहरी जिलों के हैं और बाकी के 46 रोगी नैनीताल जिले के हैं। नवंबर माह में भी लगातार डेंगू के मरीज आ रहे हैं। सीएमओ डॉ. हरीश पंत ने बताया कि डेंगू टीम ने संभावित प्रभावित क्षेत्रों में सोर्स रिडक्सन का काम किया जा रहा है।

# दो सौ मिलियन डॉलर से होगा शहर का विकास

ब्यूरो, देहरादून/हल्द्वानी

**अच्छी खबर**

▶▶ केंद्र सरकार व एशियन विकास बैंक के अधिकारियों ने 200 मिलियन डॉलर के ऋण समझौता पर किए हस्ताक्षर



**अमृत विचार :** केंद्र सरकार और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के बीच राज्य में जल आपूर्ति, स्वच्छता, शहरी गतिशीलता और अन्य सेवाओं में स्तरीय सुधार के लिए 200 मिलियन डॉलर के ऋण समझौता हुआ है। यूरोपीय निवेश बैंक 191 मिलियन डॉलर की राशि से इस परियोजना को समानांतर आधार पर सह-वित्तपोषित कर रहा है।

जिला सूचना विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों की संयुक्त सचिव जूही मुखर्जी और एडीबी की ओर से भारत में इंडिया रेजिडेंट मिशन की निदेशक मियो ओका ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।

इस समझौते से प्राप्त धनराशि से हल्द्वानी में परिवहन, शहरी गतिशीलता, जल निकासी, बाढ़ प्रबंधन और सभी सार्वजनिक सेवाओं को बेहतर बनाने पर काम किया जाएगा। इसी के साथ ही हल्द्वानी में 16 किमी लंबी जलवायु-अनुकूल सड़कों का निर्माण होगा। आधुनिक यातायात प्रबंधन प्रणाली की स्थापना व सीएनजी- इलेक्ट्रिक बसों का संचालन, आपदा के समय शहर में बचाव के लिए बाढ़ प्रबंधन में सुधार के लिए 36 किमी लंबी वर्षा जल निकासी, सड़क किनारे नालियों का निर्माण, प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली स्थापित की जाएगी। लोगों को सार्वजनिक सेवाएं और बेहतर ढंग से मुहैया कराने के लिए हरित-प्रमाणित प्रशासनिक परिसर तथा बस टर्मिनल का निर्माण किया जाएगा।

वहीं, कुशल और जलवायु-अनुकूल जल आपूर्ति प्रणालियों को विकसित करके चंपावत, किच्छा, कोटद्वार और विकासनगर में जल आपूर्ति की व्यवस्था में सुधार होगा। स्मार्ट वाटर मीटर, 26 नलकपू, नए जलाशयों और 3.5 मिलियन लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले जल शोधन संयंत्र के निर्माण के साथ 1,024 किमी लंबी जलवायु-अनुकूल पाइपलाइनें बिछाकर प्रत्येक घर तक जल पहुंचाया जाएगा। विकासनगर में सीवेज शोधन से 2,000 घरों को लाभ होगा। इसके अलावा महिलाओं के आजीविका के लिए बस चालान, टिकटिंग और इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशनों के रख-रखाव का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जल आपूर्ति प्रणालियों की निगरानी, जल आपूर्ति और स्वच्छता सेवाओं के संचालन और प्रबंधन के लिए महिलाओं व कमजोर परिवारों की क्षमता निर्माण की जाएगी।

सचिव मुखर्जी ने बताया कि इस प्रोजेक्ट से देश के शहरी विकास एजेंडे के साथ सेवाओं में विस्तार के लिए उत्तराखंड सरकार की पहल के अनुरूप है। वहीं, मियो ओक ने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य ऐसे शहरी बुनियादी ढांचे का निर्माण करना है जो बाढ़ और जलवायु और पर्यावरणीय में हो रहे परिवर्तन के कारण भूस्खलन जैसे जोखिमों से निपटने में सक्षम हो और उत्तराखंड की आबादी की सुरक्षा और स्वास्थ्य दोनों सुनिश्चित हो सके। यह परियोजना प्रबंधन, जलवायु और आपदा-रोधी योजना, अपने स्रोत से राजस्व सृजन और लैंगिक भेदभाव खत्म करने के लिए राज्य एजेंसियों में क्षमता निर्माण भी करेगी।

**अल्मोड़ा हादसा** | पांच अन्य घायलों को एंबुलेंस से किया रेफर, दो घायलों का एसटीएच में चल रहा है उपचार

# एसटीएच से वैष्णवी को एयरलिफ्ट से एम्स भेजा

संवाददाता, हल्द्वानी



हल्द्वानी से वैष्णवी को एयरलिफ्ट से एम्स लेकर जाते चिकित्सक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा जिले के मार्चूला में सोमवार की सुबह हुये सड़क हादसे के कुछ घायलों का उपचार डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में किया जा रहा है। इनमें से छह घायलों को बेहतर उपचार के लिये हायर सेंटर रेफर किया गया है। इनमें से एक घायल को एयरलिफ्ट से एम्स ऋषिकेश भेजा गया है।

सोमवार को हादसे में घायल हुई बिनखेत निवासी वैष्णवी (23) को एसटीएच लाया गया था। डॉक्टरों की सलाह पर उसे बुधवार को ऋषिकेश एम्स एयरलिफ्ट किया गया। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई और तहसीलदार सचिन कुमार समेत अस्पताल के डॉक्टरों की टीम मौजूद रही। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया सुबह के समय मौसम खराब होने के चलते ऋषिकेश एम्स से हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर पाया था, जिसके चलते एयरलिफ्ट में दिक्कत आई है। ऐसे में शाम को समय घायल मरीज को ऋषिकेश एम्स एयरलिफ्ट किया गया है। इसके अलावा पांच अन्य घायलों को एंबुलेंस से रेफर किया गया है। विशाल (28), प्रमिला (27), बिपांशु (21) और अवनि (7) को एंबुलेंस से एम्स ऋषिकेश से भेजा गया है। रॉबिन (23) को केवीआर अस्पताल काशीपुर भेजा गया है। इनके अलावा अस्पताल के मेडिसन आईसीयू में सड़क हादसे के दो घायल भर्ती हैं। रमेश रावत (41) और अंजलि (20) का उपचार अभी एसटीएच में ही चल रहा है। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि डॉक्टरों की सलाह के बाद ही मरीजों को रेफर किया गया है। साथ ही जो मरीज अभी अस्पताल में भर्ती हैं, उनके उपचार में पूरा ध्यान दिया जा रहा है।

# एसओपी का पालन न करने पर 22 का चालान, 2 ऑटो सीज

**हल्द्वानी:** एसओपी का पालन नहीं करने पर बुधवार को ऑटोरिक्शा चालकों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 22 वाहनों का चालान किया गया जबकि 2 वाहन सीज किये गए।

साथ ही 13 ऑटो चालकों का बिना यूनिफॉर्म पहने वाहन चलाने पर चालान किया गया। इसके साथ ही 11 वाहनों के ओवरलोड होने पर चालान किया गया। इधर, ऑटोरिक्शा चालकों का सत्यापन कार्य बुधवार को भी किया गया जिसमें कुल 56 वाहन चालकों का सत्यापन किया गया। बुधवार तक कुल 1320 ऑटोचालकों का सत्यापन किया जा चुका है।

# वेतन बढ़ गया फिर भी सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर नहीं मिले

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** राजकीय मेडिकल कॉलेज के विभिन्न विभागों में डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार हुए। कुल 12 डॉक्टरों ने साक्षात्कार में प्रतिभाग किया लेकिन सुपर स्पेशलिस्ट विभागों में एक भी डॉक्टर नहीं मिला। यह हाल तब है जब संविदा डॉक्टरों का वेतन बढ़ाया गया है।

विगत माह राजकीय मेडिकल कॉलेज में न्यूरो सर्जरी, कार्डियोलॉजी, यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, गेस्ट्रो इंट्रोलॉजी आदि सुपर स्पेशलिस्ट विभागों में अनुबंधित डॉक्टरों का वेतन बढ़ा दिया गया था। प्रोफेसर पद के लिए ही वेतन बढ़ाकर करीब चार लाख रुपये कर दिया गया था। रेडियोलॉजिस्ट विभाग में अनुंधित डॉक्टरों का वेतन सुपर स्पेशलिस्ट विभागों के बराबर कर दिया था। फिर भी राजकीय मेडिकल कॉलेज में इन विभागों के लिये कोई भी डॉक्टर साक्षात्कार देने नहीं आया। मंगलवार को मेडिकल कॉलेज में बायोकैमिस्ट्री, पैथोलॉजी, जनरल सर्जरी, अस्थि रोग विभाग, ईएनटी और स्त्री व प्रसूति रोग विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए हर विभाग में एक-एक साक्षात्कार हुए। जनरल मेडिसन विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर दो डॉक्टरों ने साक्षात्कार दिए। स्त्री व प्रसूति रोग विभाग में प्रोफेसर और एसोसियेट प्रोफेसर पद पर एक-एक डॉक्टर ने साक्षात्कार दिया। राज्य कैंसर संस्थान के लिए रेडियोडायग्नोसिस के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर व मेडिकल रेडिएशन फिजिस्ट पद पर एक-एक ने साक्षात्कार दिया। चयन समिति में निदेशक डॉ. आशुोष स्याना, हेमवती नंदन बहुगुणा चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एमएल भट्ट वर्चुअली, प्राचार्य डॉ. अरूण जोशी व विभागाध्यक्ष शामिल थे। प्राचार्य डॉ. जोशी ने आशा जताई कि कॉलेज में संकाय सदस्यों की कमी दूर होगी।

# विधायक व समर्थकों के खिलाफ दर्ज हो क्रॉस मुकदमा

## चोरगलिया के ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन कर निकाला जुलूस, मांगें पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

**नाराजगी**

**▶▶ मुख्यमंत्री, पशुपालन मंत्री और सचिव पशुपालन को भेजा ज्ञापन**

संवाददाता, चोरगलिया

**अमृत विचार :** पशु चिकित्सक की बहाली तथा लालकुआं विधायक व उनके समर्थकों के खिलाफ क्रॉस मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर बुधवार को चोरगलिया क्षेत्र के ग्रामीण एक बार फिर सड़क पर उतर आये। उन्होंने धरना-प्रदर्शन कर झूठे मुकदमे वापस लेने की मांग करते हुए एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री, पशुपालन मंत्री व सचिव पशुपालन को ज्ञापन भेजा। साथ ही जल्द मांगें पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

बुधवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण भुवन पोखरिया के नेतृत्व में चोरगलिया स्थित धर्मशाला में एकत्र हुए। सुरक्षा के मद्देनजर चोरगलिया थाना पुलिस के अलावा अन्य थानों से भारी पुलिस बल धरना स्थल पर तैनात रहा। ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन कर विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आक्रोश प्रकट किया। इस दौरान एसडीएम परितोष वर्मा और मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डीसी जोशी धरनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों ने अधिकारियों से क्षेत्र में पशु चिकित्सक की शीघ्र बहाली करने तथा तीन ग्रामीणों के ऊपर दर्ज किये गये झूठे मुकदमे को वापस लेने की मांग की।

साथ ही विधायक और उनके समर्थकों के खिलाफ ग्रामीणों की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर क्रॉस मुकदमा दर्ज करने की मांग की। डॉ. डीसी जोशी ने ग्रामीणों को बताया कि मंडलायुक्त के आदेश पर तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है, जो इस पूरे प्रकरण की जांच कर सात दिन में उन्हें रिपोर्ट सौंपेगी। इसके बाद ग्रामीणों ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री, पशुपालन मंत्री व सचिव पशुपालन को ज्ञापन भेजा। चेताया कि यदि शीघ्र मांगें पूरी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। धरना-प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों ने मुख्य बाजार में नारेबाजी कर जुलूस भी निकाला। धरनास्थल पर ग्राम प्रधान कमल दुर्गापाल, प्रधान नंदन बोरा, प्रधान राजू जांगी, प्रधान भावना बजेठा, बीडीसी सदस्य आशु बुधानी, सुरेश भारती, दीपक आर्या, भैरव बजेठा, मुकेश थुवाल, विनोद बजेठा, खष्टी चौसली, प्रकाश बेलवाल आदि मौजूद रहे।


धर्मशाला में धरना-प्रदर्शन के दौरान मौजूद ग्रामीण व प्रशासनिक अधिकारी। ● अमृत विचार


चोरगलिया बाजार में जुलूस निकालते ग्रामीण। ● अमृत विचार

# सीएम का विरोध करने वालों को शीघ्र चिन्हित करे प्रशासन

**▶▶ विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने की घटना की कड़ी निंदा**

**▶▶ सल्ट बस हादसे के मृतकों के प्रति जताई शोक संवेदना**

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने बुधवार को अपने कार्यालय में पत्रकार वार्ता कर सल्ट बस दुर्घटना पर दुख जताते हुए शोक संवेदना प्रकट की। साथ ही बीते सोमवार को रामनगर के सरकारी अस्पताल में घायलों का हाल जानने पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का विरोध करने की कड़ी निंदा की।

बिष्ट ने कहा कि कुछ लोगों ने मुख्यमंत्री का विरोध कर माहौल खराब करने का प्रयास किया। यह मौका विरोध करने का नहीं था, बल्कि संवेदना व्यक्त करने का था। विरोध करना था तो कभी भी किया जा सकता था। उन्होंने इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल से वार्ता कर कहा कि शीघ्र विरोध करने वालों को चिन्हित करें और जो भी दोषी हों, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें।


दीवान सिंह बिष्ट।

विधायक बिष्ट ने कहा कि सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने उनके खिलाफ व्यक्तिगत आपत्तिजनक टिप्पणी कर आरोप लगाये हैं, जो पूरी तरह से निराधार हैं। वह इस मामले में भी ऐसे लोगों के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज करेंगे।

उन्होंने बस दुर्घटना के मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से किये गये सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में भविष्य में ऐसी दुर्घटना न घटे, इसको लेकर सरकार पूरी तरह से गंभीर है। उन्होंने अधिकारियों को वाहनों में ओवरलोडिंग न हो तथा गाड़ियों की फिटनेस ठीक हो, इसके लिए निर्देश देने की बात भी कही।

**सार-संक्षेप**


रामनगर में शोक सभा करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### कांग्रेसियों ने दी बस दुर्घटना के मृतकों को श्रद्धांजलि

**रामनगर :** बीते दिन सल्ट के पास हुई बस दुर्घटना के मृतकों को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस दौरान अनिल अग्रवाल खुलासा ने प्रदेश सरकार को मृतकों व घायलों के परिवारजनों को शीघ्र आर्थिक मुआवजा देने की मांग की। शोकसभा में धीरज सती, महेश पांडे, कमल नेगी, कुबेर कड़ाकोटी, पंकज पांडे, कैलाश त्रिपाठी, जावेद खान, शोएब रजा, अंकुश अग्रवाल, वीरेन्द्र तिवाड़ी, आनंद आदि मौजूद रहे।


कोटाबाग में कलश यात्रा निकालती महिलाएं। ● अमृत विचार

### कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्रीराम कथा शुरू

**कालाढूंगी :** व्यापार मंडल कोटाबाग व विनोद चंद्र गुरुरानी की ओर से डाक बंगले में आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा का बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हो गया। कलश यात्रा में महिलाएं पारंपरिक परिधान पहनकर शामिल हुईं। यात्रा में पुरुष और बच्चे जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए चल रहे थे। महिलाओं ने सिंचाई नहर से जल लेकर मुख्य बाजार में कलश यात्रा निकाली। इसके बाद कथावाचक बृजभूषण महाराज ने कलश यात्रा का महत्व बताते हुए भगवान श्रीराम के चरित्र पर प्रकाश डाला। व्यापार मंडल अध्यक्ष मुकेश वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में रोजाना दोपहर एक बजे से सांय 4 बजे तक बृजभूषण महाराज मथुरा वाले श्रीराम की महिमा का गुणगान करेंगे। 14 नवबंर को भंडारे के साथ कथा का परायण होगा। इस अवसर पर मुख्य जजमान जीवन साह, कुदंन सिंह, सोमेश गर्जोला, उमेश गर्जोला, विनोद पांडे, गोधन रावत, आचार्य प्रमोद जोशी, आचार्य बसंत बल्लभ पांडे, आचार्य आनंद भट्ट, विनोद चंद्र, दीपा ढौंडियाल, भारती बिष्ट मौजूद रहे।

### सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बेहद जरूरी

**रामनगर :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और रोवर्स रेंजर्स के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभारी प्राचार्य प्रो. एसएस मौर्य ने यातायात नियमों को उपयोगी बताया। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेश चन्द्रा ने छात्र-छात्राओं से अपने आसपास के युवाओं को यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ. नरेश कुमार ने यातायात नियमों का पालन नहीं करने पर किस प्रकार दुर्घटनाएं घटित हैं और दुर्घटना से बचने के बारे में बताया। मुख्य अतिथि यातायात निरीक्षक वेद प्रकाश भट्ट ने छात्रों को यातायात के नियमों तथा उनसे जुड़े कानून के प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। प्रो. जगमोहन सिंह नेगी ने छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में डॉ. ममता जोशी, डॉ. लोतिका अमित, डॉ. ललित मोहन, डॉ. डीएन जोशी, डॉ. नीमा राणा, जीत सिंह कुंवर, ललित कड़ाकोटी आदि मौजूद रहे।

# सालाना प्रवास पर पहुंची दुर्लभ आइबिसबिल पक्षी

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** हजारों मील का सफर तय करने के साथ ही दुर्लभ प्रजाति की पक्षी आइबिसबिल को देखकर पक्षी प्रेमियों में खुशी का झलकना स्वाभाविक है। हो भी क्यों न यह अपने आप में बेहद दुर्लभ मानी जाती है।

हर साल की तरह इस साल भी आइबिसबिल पक्षी अपने सालाना प्रवास में पहुंच चुकी है। वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर दीप रजवार ने एक आइबिसबिल को अपने कैमरे में कैद किया है। दीप रजवार ने बताया कि उच्च हिमालयी क्षेत्रों की नदियों में बर्फ जमने के कारण ये पक्षी कम ठंडे वाले स्थानों को रुख करते हैं। जहां इन्हें भोजन की कमी नहीं होती है। चूंकि ये हल्की गति से बहने वाली नदियों की धाराओं के किनारे जहां रेत, मिट्टी और पत्थर एक साथ होते हैं, वही रुककर भोजन तलाश करते हैं। ये छोटे कंकर के नीचे छिपे कीड़े मकोड़े उनके लार्वा, शैवाल, काई और कई पौष्टिक छोटे पौधों को खाते हैं। आइबिसबिल पक्षी नवम्बर से लेकर मार्च माह तक प्रवास करते हैं, फिर बर्फ के पिघलने पर वापस लौट जाते हैं। ये बहुत ही दुर्लभ हैं और छद्मावरण में माहिर होती हैं। इन्हें आसानी से ढूंढ पाना मुश्किल है।


कोसी नदी में दिखी दुर्लभ आइबिसबिल पक्षी। ● दीप रजवार

# ई-रिक्शा पलटने से छह यात्री घायल

**घटना**

**▶▶ देर शाम ग्राम चोरपानी के समीप हुआ हादसा**

**▶▶ सरकारी अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं की पोल खुली**

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** बुधवार की शाम ग्राम चोरपानी के समीप एक ई-रिक्शा पलट गया। जिससे उसमें सवार छह लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं घटना के बाद ई-रिक्शा चालक मौके से फरार हो गया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि ई-रिक्शा में क्षमता से अधिक यात्री बैठाये गये थे। वहीं इस दुर्घटना में घायलों के उपचार को लेकर एक बार फिर सरकारी अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर पोल खुल गई। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंची समाजसेवी मंजू नेगी ने बताया कि जब एक मरीज का एक्स-रे कराया गया तो वहां मौजूद स्टाफ ने एक्स-रे फिल्म न होने की बात कही।

कहा कि आप मोबाइल से फोटो खींच लीजिए। मंजू ने कहा कि एक तरफ रामनगर के जनप्रतिनिधि अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का दावा कर रहे हैं, लेकिन धरातल पर दावों की पोल खुल रही है। कहा कि जनप्रतिनिधियों को झूठे बयान न देकर अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दिलाने के लिए प्रयास करने चाहिए। इधर, हादसे में घायल हुए लोगों हाल जानने के लिए एसडीएम राहुल शाह अस्पताल पहुंचे। बताया कि सभी घायलों का उपचार चल रहा है। साथ ही मामले की जांच की जा रही है।


घायलों को देखने अस्पताल पहुंचे एसडीएम राहुल शाह। ● अमृत विचार

## न्याय पंचायत खेल महाकुंभ 9 नवंबर से

**कालाढूंगी :** खेल महाकुंभ के लिए खिलाड़ियों का ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गया है। खेल संयोजक एसपी सिंह ने बताया कि न्याय पंचायत बैलपड़ाव के अंतर्गत सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं ग्राम पंचायतों के खिलाड़ियों की प्रतियोगिता 9 से 11 नवबंर तक चलेंगी जो राइंका बैलपड़ाव के खेल मैदान में सुबह 9 बजे से शुरू होंगी। 9 नवबंर को बालक वर्ग व 11 नवबंर को बालिका वर्ग की प्रतियोगिता होगी। वहीं न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ डोला कोटाबाग की प्रतियोगिताएं 9 व 10 नवंबर को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सानणा में होंगी। संयोजक नरेंद्र पटवाल ने बताया कि बच्चों को प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले खिलाड़ियों के बैंक खाते में पुरस्कार राशि जमा की जायेगी।

# ऊर्जा निगम का निजीकरण बंद हो

**▶▶ भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने लालकुआं बिजली घर में किया धरना-प्रदर्शन**

**▶▶ प्रीपेड मीटर लगाने की योजना वापस लेने की मांग, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन**

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार :** भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को भाजपा हटाओ-उत्तराखंड बचाओ अभियान के तहत लालकुआं बिजली घर में धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार से बिजली के प्रीपेड मीटर लगाने की योजना वापस लेने तथा ऊर्जा निगम के निजीकरण की कोशिश बंद करने की मांग की। साथ ही एक ज्ञापन एसडीओ विद्युत के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा।

माले के वरिष्ठ नेता बहादुर सिंह जंगी ने कहा कि धामी सरकार बिजली के प्रीपेड मीटर लगाकर यूपीसीएल के निजीकरण की कोशिश कर रही है। सरकार ने पहले से बिजली की दरों में वृद्धि कर आम जनता के लिए मुश्किलें खड़ी की हैं, अब सरकार प्रीपेड मीटर लगाने की योजना पर काम कर लोगों की मुश्किलों को और बढ़ा रही है। जिला सचिव डॉ. कैलाश पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार ने जिस मंशा से प्रीपेड मीटर लगाने का काम प्रधानमंत्री मोदी के प्रिय पूंजीपति गौतम अडानी को दिया है, उससे सरकार की मंशा और भी साफ हो गई है। कहा कि यह बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए भी खतरे की घंटी है, क्योंकि विभाग के निजीकरण होते ही कर्मचारियों की छटनी होना तय है। धरना-प्रदर्शन से पूर्व माले कार्यकर्ताओं ने सल्ट में हुई भीषण दुर्घटना में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि दी। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस दौरान बिंदुखत्ता सचिव पुष्कर दुबड़िया, विमला रौथाण, ललित मटियाली, किशन सिंह बघरी, नैन सिंह कोरंगा, हरीश भंडारी, निर्मला शाही, ललित जोशी, अमन रावत, अनीता, बिशन दत्त जोशी, अंबा दत्त बचखेती, मेहरुन्निशा, तेजेंद्र सिंह जग्गी मौजूद रहे।


लालकुआं बिजली घर में धरने पर बैठे भाकपा माले के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# जनजाति कार्य मंत्रालय के निर्णय का स्वागत

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** जनजाति कार्य मंत्रालय के निर्णय का संयुक्त संघर्ष समिति ने स्वागत किया है।

उत्तराखंड में 18 वर्ष बीतने के बाद भी वनाधिकार को लागू नहीं करने की मांग को लेकर वन पंचायत संघर्ष मोर्चा, संयुक्त संघर्ष समिति व वन-निर्भर समुदायों, वन पंचायत और गोठ खत्ते के एक प्रतिनिधिमंडल ने 24 अक्टूबर को जनजाति कार्य मंत्रालय की निदेशक समिधा सिंह से मुलाकात कर उन्हें मांग पत्र दिया था।

पत्र में कहा था कि वन विभाग की ओर से गैरकानूनी तरीके से वन गांवों से लोगों को निकाला जा रहा है। जिससे हजारों लोग संकट में हैं। इस पर जनजाति कार्य मंत्रालय ने मुख्य सचिव उत्तराखंड, नैनीताल समेत अन्य जिलाधिकारियों, प्रभागीय वन अधिकारियों को मामले में कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पत्र में कहा है कि दावों के सत्यापन व मान्यता की कार्रवाई पूरी होने तक वन निवासी के किसी भी सदस्य को उसके कब्जे वाली वन भूमि से बेदखल या हटाया नहीं जाएगा।

इधर, संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक ललित उप्रेती और वन पंचायत संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष तरुण जोशी ने जनजाति कार्य मंत्रालय के इस निर्णय का स्वागत करते हुए खुशी जताई है।

**हीलाहवाली** जी-20 सम्मेलन के दौरान डिग्री कॉलेज व लोनिवि की दीवारों पर बनाई गई थीं पेंटिंग

# देखरेख के अभाव में बेजान हुईं कलाकृतियां

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** रामनगर में संपन्न हुए जी-20 सम्मेलन के दौरान नगर को सुंदर और आकर्षक बनाने के लिए दीवारों पर बनीं आकर्षक पेंटिंग देखरेख के अभाव में दम तोड़ती नजर आ रही हैं।

करीब सात माह पूर्व रामनगर में जी-20 सम्मेलन के दौरान डिग्री कॉलेज और लोनिवि की दीवारों पर कुमाउनी संस्कृति की एक से बढ़कर एक जीवंत पेंटिंग बनाई गई थीं। कलाकारों द्वारा बनाई गई इन खूबसूरत पेंटिंग को देखने के लिए पूरा शहर ही नहीं, बल्कि गांव देहात के लोग भी उमड़ पड़े थे।

लोगों ने इसे सेल्फी प्वाइंट की संज्ञा भी दी थी। लोग दीवारों से सटकर उस समय इन शानदार तस्वीरों के साथ सेल्फी लेते दिखाई देने लगे थे।

कॉर्बेट पार्क आने वाले पर्यटक भी इन कलाकृतियों को देखकर ठहर जाते थे। उस समय लोगों ने सवाल उठाये थे कि लाखों रुपये खर्च कर विदेशी मेहमानों को आकर्षित करने के मकसद से बनाई गई यह पेंटिंग कितने साल चलेगी। तब अधिकारियों ने लंबे चौड़े दावे किए थे कि इसके संरक्षण की दिशा में पूरा ध्यान रखा जाएगा। कहा तो यहां तक गया था कि इन तस्वीरों को आकर्षक बनाये रखने के लिए संबंधित विभाग जिनकी दीवार पर यह पेंटिंग बनी हैं, उनको जिम्मेदारी देगा। मगर जी-20 सम्मेलन के निपटने के महज सात महीने में ही यह आकर्षक रूप से सजाई गई दीवारें देखरेख के अभाव में बदरंग होने लगी हैं। मगर इस ओर कोई भी महकमा ध्यान नहीं दे रहा है।

नगर के कला प्रेमियों का कहना है कि शासन-प्रशासन को इस दिशा में ध्यान देकर पुनः इन पेंटिंग को जीवन दान देना चाहिए। अन्यथा लाखों रुपये खर्च करके बनाई गई यह उत्तराखंड की शैली को दर्शाती कला धूल मिट्टी में दफन हो जाएगी।


देखरेख के अभाव में दम तोड़ती दीवार पर बनी पेंटिंग। ● अमृत विचार

## नवनिर्मित भवन की छत टपकी, जांच की मांग

**कालाढूंगी:** राजकीय महाविद्यालय कोटाबाग में नवनिर्मित भवन की छत टपकने लगी है। साथ ही छत में दरार भी आ गई है।

इसको लेकर बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य डॉ. नवीन भगत के माध्यम से मंडलायुक्त को ज्ञापन भेजकर भवन की जांच की मांग की है। ज्ञापन में कमल बोहरा ने कहा कि महाविद्यालय में कार्यदायी संस्था एनपीसीसी ने लगभग 70 लाख रुपये की लागत से भवन का निर्माण किया था। यह भवन लगातार टपक रहा है और छत में दरार भी आ गई है। कई बार उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ज्ञापन सौंपने वालों में विकास जोशी, दीपक जोशी, दर्शन बिष्ट, मनीष बिष्ट, मनीष कुमार शामिल रहे।



## सार-संक्षेप



न्याय पंचायत स्तरीय खेलकुंभ में मेडल व प्रमाण पत्र के साथ विजेता।

### खोखो, गोला फेंक प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित

**हल्द्वानी :** रामगढ़ के प्यूड़ा में आयोजित न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। प्यूड़ा के आरोही बाल संसार खेल मैदान में 11 से 14 और 15 से 17 आयुवर्ग में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। खोखो प्रतियोगिता में राहुल, चंद्रभानु, जीतकुमार, भानू जोशी, पियूष कुमार की टीम ने स्वर्ण पदक जीता। भाला फेंक में संजय कुमार, गोला फेंक में तनुजा और ऊंची कूद में प्रियांशी ने बाजी मारी। प्रतियोगिता के विजेताओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बलवंत सिंह गैड़ा, अमित कांडपाल, किशन लाल, मनीश शर्मा, जगदीश पटवाल, विंदेश्वरी लोहनी, पूजा भाकुनी, पूरन सिंह घुड़दौड़ा, सीपी आर्या, दीपक पांडे आदि मौजूद रहे।



हनुमान मंदिर चौराहे पर मोमबत्ती जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि देते लोग।

### अल्मोड़ा सड़क हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**हल्द्वानी :** सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल ने बुधवार को कुसुमखेड़ा स्थित हनुमान मंदिर चौराहे पर शोक सभा कर अल्मोड़ा सड़क हादसे में मारे गए 36 लोगों को श्रद्धांजलि दी। लोगों ने मोमबत्ती जलाकर शोक जतायाऔर ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति व परिजनों को असीम दुख सहन करने की शक्ति देने के लिए प्रार्थना की। इस दौरान प्रदेश महामंत्री भुवन भट्ट, प्रदेश प्रभारी सीमा बत्रा, संजय त्यागी, चंदन बिष्ट, काजल खत्री, संजय बिष्ट, बेबी गोयल, हिमांशी पलाडिया, राहुल जोशी, मंजू शाह, गौरव माहेश्वरी, रविन्द्र जडेजा आदि रहे।



प्रेस वार्ता में जानकारी देते आयोजक। ● अमृत विचार

### ऊंचापुल रामीलाला मैदान में होगा दो दिवसीय महोत्सव

**हल्द्वानी :** हेल्पिंग हैंड्स चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से बुधवार को कुसुमखेड़ा स्थित एक होटल में प्रेस वार्ता की गई। इसमें इवेंट संयोजक विशाल शर्मा ने बताया कि राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आठ व नौ नवंबर को ऊंचापुल स्थित रामलीला मैदान में महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सर्वप्रथम अल्मोड़ा हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि व घायलों के स्वस्थ्य होने की कामना की जाएगी। उन्होंने कहा कि महोत्सव में राज्य आंदोलनकारियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा लोक गायक फौजी ललित मोहन जोशी एवं कैलाश कुमार, नवीन पाठक, सोनिया आनंद रावत, प्रभाकर जोशी एवं अन्य कलाकार रंगारंग प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा कुमाउनी व्यंजन, महिलाओं एवं बच्चों के लिए भी आयोजन होंगे।

### स्थापना दिवस सादगी से मनाने का फैसला लिया

**हल्द्वानी :** राज्य आंदोलनकारी समाज संगठन ने अल्मोड़ा बस हादसे में मृतकों को विनम्र श्रद्धांजलि देने का निर्णय लिया है। साथ ही तय किया कि नौ नवंबर को राज्य स्थापना दिवस सादगी से मनाया जाएगा। बुधवार को गुरुनानक मार्केट में हुई बैठक में अल्मोड़ा बस हादसे में मृतकों को विनम्र श्रद्धांजलि दी। राज्य आंदोलनकारी हुकुम सिंह कुंवर ने बस दुर्घटना पर गहरा दुख जताते हुए मृतकों को विनम्र श्रद्धांजलि दी। उन्होंने सभी राज्य आंदोलनकारियों से स्थापना दिवस से सादगी से मनाने की अपील की है। इस दौरान जगमोहन चिलवाल, नीरज पंत, भुवन तिवारी, बृजमोहन सिजवाली, अनीता बर्गली, पंकज सुयाल, बालम सिंह बिष्ट, दीवान बिष्ट, दीपक रौतेला, नरेश चंद्र भट्ट, खड़क बगड़वाल शामिल थे।

### समिति ने ओवरलोडिंग चालान पर जताई आपत्ति

**हल्द्वानी :** गौला खनन संघर्ष समिति ने खनन वाहनों के रॉयल्टी वसूलने के बाद भी ओवरलोडिंग का चालान काटने का विरोध किया है। समिति ने परिवहन अधिकारियों को ज्ञापन सौंप कर कहा कि जिला खनन समिति की बैठक में परिवहन विभाग के अधिकारी मौजूद होते हैं, वे बैठक में ओवरलोडिंग का मुद्दा नहीं उठाते हैं। जब खनन वाहन रॉयल्टी चुकाकर सड़क पर निकलते हैं तो उनका चालान कर दिया जाता है। वहीं पड़ोसी राज्य में ड्रंक एंड ड्राइव पर लाइसेंस सस्पेंड नहीं किया जाता है, इस राज्य में मामूली उल्लंघन पर सस्पेंड कर दिया जाता है जो कि सरासर चालकों के अधिकारों का उल्लंघन है। इस पर रोक लगनी चाहिए। समिति ने इन मांगों पर विचार नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।



रिखाकोट की सुरगढ़ा नदी में चल रहा पुल का निर्माण कार्य। ● अमृत विचार

### 12 नवंबर से फिर शुरू होगा पुल का अधूरा कार्य

**हल्द्वानी :** भाजपा के भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने बताया कि ओखलकांडा के रिखाकोट के सुरगढ़ा नदी में 12 नवंबर से मोटर पुल बनाने का काम शुरू हो जाएगा। विधायक कैड़ा ने कहा कि नदी पर मोटर पुल नहीं होने से ग्रामीणों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस पर विधायक ने सर्वप्रथम खनस्यूं से टांडा-रिखाकोट मोटर मार्ग का निर्माण करवाया। बाद में नदी पर पुल बनाने के लिए राज्य सरकार से 1.30 करोड़ स्वीकृत कराए। इसका निर्माण एनपीसीसी को सौंपा गया है। इस पर विधायक कैड़ा ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से मुलाकात की और पुल निर्माण में धन की कमी का हवाला देते हुए धनराशि स्वीकृत करने का आग्रह किया ताकि पुल निर्माण शुरू हो सके।

### पीपीपी मोड से हटेगा रामनगर का संयुक्त अस्पताल

**देहरादून/हल्द्वानी :** सरकार ने राज्य के सभी पीपीपी मोड में संचालित हो रहे अस्पतालों का अनुबंध समाप्त कर नियंत्रण लेने के लिए संबंधित अधिकारियों को पत्रावली बनाने के निर्देश दिए हैं। बीती चार अक्टूबर को अल्मोड़ा के सल्ट में बस खाई में गिर गई थी। इसमें अधिकांश घायलों को रामनगर स्थित रामदत्त जोशी संयुक्त चिकित्सालय लाया गया था। जब मुख्यमंत्री धामी घायलों का हालचाल लेने पहुंचे थे तब तीमारदारों व क्षेत्रवासियों ने अस्पताल को पीपीपी मोड से हटाने को लेकर नारेबाजी की थी। इस घटना के बाद सरकार सख्त हो गई है। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विश्व बैंक से पोषित हेल्थ सिस्टम डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत पीपीपी मोड में संचालित हो रहे सभी नौ अस्पतालों में अनुबंध समाप्त करने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में टिहरी जिले में जिला अस्पताल बौराड़ी, बिलकेश्वर व देवप्रयाग सीएचसी को पीपीपी मोड से हटा दिया गया है। वहीं, जिला अस्पताल पौड़ी, संयुक्त चिकित्सालय पाबौं, घिंडियाल के साथ ही रामदत्त जोशी संयुक्त चिकित्सालय रामनगर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिकियासैंण व बीरोंखाल को भी पीपीपी मोड से हटाया जाएगा।

# राज्य सरकार आज ओबीसी आरक्षण की रिपोर्ट पेश करे

**निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर दायर याचिका पर दिए निर्देश**

## हाईकोर्ट ने सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति बीएस वर्मा की रिपोर्ट को लिखित में मांगा

विधि संवाददाता, नैनीताल

**1** **अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने राज्य में होने वाले निकाय चुनाव में ओबीसी का आरक्षण तय करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई जारी रखते हुए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज तिवारी व न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ ने राज्य सरकार से कहा कि 7 नवंबर तक जो आरक्षण संबंधी रिपोर्ट सेवा सेवानिवृत न्यायमूर्ति बीएस वर्मा की आई है उसे लिखित रूप में पेश करें।

बुधवार को कोर्ट में हुई सुनवाई में राज्य सरकार ने कहा कि निकायों में आरक्षण तय करने के लिए हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति वीएस वर्मा की अध्यक्षता में कमेटी गठित की है। इसकी रिपोर्ट अब शासन को मिल चुकी है। इस पर राज्य सरकार आरक्षण तय करने के लिए नया विधयेक लाने जा रही है। इसको कोर्ट ने सरकार से लिखित रूप में पेश करने को कहा है। वहीं, याचिकर्ता की तरफ से कहा गया कि राज्य सरकार वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार निकायों में आरक्षण निर्धारित कर रही है। वर्ष 2018 के निकाय चुनाव इसी आधार पर संपन्न हुए थे लेकिन वर्तमान समय मे पहाड़ के बजाय प्रदेश के मैदानी इलाकों में ओबीसी का वोट बैंक बढ़ा है इसलिए ओबीसी समिति की रिपोर्ट के आधार पर उन्हें 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि आरक्षण को लेकर अधिसूचना जारी की है जिसमें इनसे आपत्ति मांगी गई है। आपत्तियों का निस्तारण हो चुका है। मामले में रुद्रपुर निवासी रिजवान अंसारी ने जनहित याचिका की है।

### बीआरओ महानिदेशक 4 दिसंबर को कोर्ट में पेश हों

**2** **नैनीताल, अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन की ओर से सड़क निर्माण के दौरान याचिकाकर्ता को मुआवजा नहीं देने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने पूर्व के आदेश का पालन नहीं करने पर बीआरओ के महानिदेशक को 4 दिसंबर को कोर्ट में पेश होने के निर्देश दिए हैं। बीते 15 अक्टूबर को कोर्ट ने महानिदेशक के खिलाफ जमानती वारंट जारी कर 6 नवंबर को पेश होने के आदेश दिए थे लेकिन वह कोर्ट में पेश नहीं हुए और कोई जवाब भी पेश नहीं किया। सीधे संबंधित अधिकारियों को भेज दिया, जिसपर कोर्ट ने गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि महानिदेशक के खिलाफ जमानती वारंट जारी हुए हैं तो उन्हें आदेश का पालन करना था। इस दौरान बीआरओ की ओर से महानिदेशक की व्यक्तिगत पेशी को माफ करने की अपील की गई। इस पर कोर्ट ने पूर्व के आदेश को बरकरार रखते हुए 4 दिसंबर को पेश होने के निर्देश दिए हैं। मामले के अनुसार धारचूला निवासी कुंदन सिंह व अन्य ने याचिका दायर कहा कि वर्ष 1996 में तवाघाट से पांगती के लिए बीआरओ ने सड़क बनाई। निर्माण के दौरान बीआरओ ने रोड का मलबा कृषि योग्य भूमि में फेंक दिया। मलबे की वजह से उनकी कृषि भूमि नष्ट हो गई। इसकी वजह से किसान कृषि विहीन हो गए हैं। जब उन्होंने बीआरओ से मुआवजा मांगा तो आश्वासन दिया लेकिन मुआवजा नहीं दिया। पूर्व में हुई सुनवाई पर कोर्ट ने बीआरओ से इस पर जवाब मांगा था। बावजूद इसके बीआरओ ने कोर्ट में शपथ पत्र पेश नहीं किया है। बीती 21 अगस्त को कोर्ट ने बीआरओ से कहा था कि या तो शपथपत्र करें नहीं करने पर बीआरओ महानिदेशक 15 अक्टूबर को स्वयं कोर्ट में पेश हो। फिर भी न शपथपत्र न ही महानिदेशक पेश हुए।



### पुलिस उत्पीड़न मामले में सभी पक्षकार जवाब दें

**3** **नैनीताल, अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने चोरगलिया निवासी भुवन पोखरिया की पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता के अनुरोध पर याचिका में बनाए सभी पक्षकारों से अपना शपथपत्र छह सप्ताह के भीतर पेश करने को कहा है। अब न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई छह सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि इस मामले में उन्होंने 11 पक्षकार बनाए थे लेकिन विपक्षी संख्या दो डीजीपी ने कोर्ट में उनकी याचिका पर जवाब पेश किया गया। जबकि उनकी प्रताड़ना अन्य विपक्षियों ने की थी। उनका अभी तक कोई व्यक्तिगत जवाब नहीं आया। लिहाजा उनसे जवाब पेश करने के आदेश दिए जाए।

# आठ नवंबर से रिंग रोड का पुनः शुरू होगा विरोध



किसान मकान बचाओ संघर्ष समिति के नये अध्यक्ष के साथ पदाधिकारी।

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** किसान मकान बचाओ संघर्ष समिति ने तय किया है कि रिंग रोड परियोजना का फिर से विरोध किया जायेगा। समिति ने बैठक कर सर्वसम्मति से गुलशन दानी को नया अध्यक्ष नियुक्त किया है।

गन्ना सेंटर के पास एक निजी रेस्टोरेंट में संघर्ष समिति की बैठक हुई। समिति ने तय किया है कि अगले दो सालों तक गुलशन इस जिम्मेदारी को निभायेंगे। इसके बाद हर साल दो साल में संघर्ष समिति चुनाव करायेगी। गुलशन दानी ने कहा कि गांव में रिंग रोड परियोजना के कारण समिति का गठन हुआ था। गांव में इस तरह की समितियां नहीं हैं जो खेत और किसानों की बात करें। संघर्ष समिति को प्रत्येक घर-घर तक पहुंचाया जाएगा और इसके सदस्य बनाकर समिति को मजबूत किया जाएगा।

समिति के संस्थापक कार्तिक उपाध्याय ने बताया कि आरटीआई में जानकारी मिली है कि लोनिवि फिर से गन्ना सेंटर से लामाचौड़ के खेतों के बीच 30 मीटर सड़क के लिए सर्वे करना चाहता है। इसलिये राज्य स्थापना दिवस के दिन आठ नवंबर से पुनः हल्द्वानी रिंग रोड परियोजना का विरोध होगा। इस दौरान मोहित बेलवाल, शिवराज सिंह खड़ाई, लक्ष्मण सिंह बोरा, भरत दुर्गापाल, पवन जोशी, निक्की दुर्गापाल, हर्षित उपाध्याय, आनंद सिंह दरम्वाल, प्रेमानंद उपाध्याय, मोहन चंद्र बेलवाल, चंदन सिंह बाबाज, पवन सिंह बिष्ट रहे।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मोहा मन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** विकास सेवा संस्थान की ओर से आयोजित पारंपरिक चार दिवसीय 24वां शरदोत्सव मेले का समापन बुधवार को हो गया है।

कार्यक्रम में उत्तराखंड ग्रामीण लोक सांस्कृतिक समिति देहरादून संजीव पंत की टीम ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। मुंबई से आयी बॉलीवुड सिंगर इंडियन आइडल फेम मोना भट्ट व लोक गायिका मीनाक्षी पाठक के गानों पर दर्शक खूब झूमे। मशहूर नृत्यांगना व एक्ट्रेस हर्षिता कोहली, लोक गायिका सीमा मेलकानी, महेंद्र सिंह भैसोड़ा, कृष्ण कुमार, बॉलीवुड सिंगर सुनीता कपूर, अमिताभ सक्सेना, लोक गायक जगदीश चंद्र उपाध्याय, गीता बगड़वाल, दीक्षा मेहता व अंजलि धामी की प्रस्तुति ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। इससे पहले हल्द्वानी सांस्कृतिक कार्यक्रम उत्तरांचली व फिल्म स्टार नाइट के अंतिम दिन की सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ एपीएस स्कूल के प्रबंध निदेशक भुवन चंद उपाध्याय, हैप्पी होम के स्वामी हैप्पी अटवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट और पूर्व राज्य मंत्री खजान चंद्र गुड्डू ने संयुक्त रूप से किया। समिति के संस्थापक अध्यक्ष विक्की योगी ने अतिथियों का स्वागत किया।

# अध्यक्ष पद के दावेदार की बिगड़ी तबीयत

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को लेकर एमबीपीजी कॉलेज के छात्रनेता तीन दिन से आमरण अनशन पर बैठे हैं। मंगलवार से आमरण अनशन पर बैठे छात्र रक्षित सिंह बिष्ट की बुधवार को तबीयत बिगड़ गई जिस पर छात्र नेताओं ने कॉलेज परिसर में खूब हंगामा किया।

छात्रों ने रक्षित की तबीयत बिगड़ने पर प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी का घेराव कर आंदोलन की अनदेखी करने का आरोप लगाया। छात्रों ने कहा कि अनशन पर बैठे छात्र की तबीयत बिगड़ गई लेकिन कॉलेज प्रशासन ने न तो उसे अस्पताल में भर्ती कराया और न ही एंबुलेंस बुलाई। छात्रों के हंगामे के बाद आनन-फानन में एंबुलेंस बुलाई गई। एंबुलेंस से रक्षित को बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राचार्य डॉ. बनकोटी भी एंबुलेंस में बैठकर अस्पताल पहुंचे। बुधवार देर शाम से दो अन्य छात्रों चंदन मेवाड़ी और उमाशंकर तिवारी ने अनशन शुरू कर दिया है।

प्राचार्य कक्ष में हंगामे के दौरान छात्रों ने प्राचार्य पर आरोप लगाया कि वह सरकार के दबाव में काम कर रहे हैं। कहा कि प्राचार्य अनशन पर बैठे एनएसयूआई से जुड़े छात्र रक्षित का हाल जानने तक अनशन स्थल पर नहीं पहुंचे और न तो डॉक्टर बुलाया गया और न एंबुलेंस मंगाई गई। इस पर प्राचार्य ने बताया कि उन्होंने मामले की जानकारी पुलिस व प्रशासन को दे दी थी।



अस्पताल में भर्ती छात्र।

**छात्र-राजनीति**

- प्राचार्य कक्ष में किया छात्रों ने हंगामा, अनदेखी का आरोप
- आनन फानन में एंबुलेंस बुलाकर छात्र को पहुंचाया बेस अस्पताल

### प्राचार्य ने पुलिस से मांगी मेडिकल टीम

प्राचार्य एनएस बनकोटी ने एसएसपी पीएन मीणा को पत्र लिखकर अनशन स्थल पर मेडिकल टीम तैनात करने का अनुरोध किया है। बीते मंगलवार को सचिव पद का दावेदार छात्र अजय बेहोश हो गया था जिस पर एंबुलेंस व मेडिकल टीम मौजूद नहीं होने पर आनन-फानन में उसे पास स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसे लेकर छात्रों ने काफी नाराजगी जताई थी। अमृत विचार अखबार ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था जिसका संज्ञान लेकर प्राचार्य ने पत्र लिखकर मेडिकल टीम मांगी है।

### असाइनमेंट को लेकर भी छात्रों ने किया हंगामा

बुधवार को एमबीपीजी कॉलेज में छात्रों ने असाइनमेंट जमा करने को लेकर भी हंगामा किया। छात्रों ने बताया कि प्राध्यापक असाइनमेंट में तमाम कमियां निकाल रहे हैं। छात्र-छात्राओं के असाइनमेंट जमा नहीं कर रहे हैं। इस पर प्राचार्य ने मामले का संज्ञान लेते हुए छात्रों को समझाकर किसी तरह शांत किया।

# 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी



रामपुर रोड पर आकर्षक लाइटों से सजा छठ पूजा स्थल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** रामपुर रोड पर छठ पूजा की धूम है। छठ पूजा स्थल रोशनी से रंग-बिरंगी रोशनी से नहा गया है। बुधवार को खरना हुआ, अब गुरुवार की शाम को डूबते सूरज को अर्घ्य दिया जाएगा।

छठ पूजा के अवसर पर बुधवार को खरना प्रथा को निभाया गया। खरना में गुड़ की खीर को मिट्टी के चूल्हे पर बनाया जाता है। व्रत रखने वाली महिलाएं इस खीर को ग्रहण करतीं हैं साथ ही इसे छठी मईया के प्रसाद में रूप में भी बांटा जाता है। इस दिन भी सूर्य देव की पूजा की जाती है। इसके बाद महिलाओं का अगले 36 घंटे के लिये निर्जला उपवास शुरू हो जाता है। व्रत रखने वाली महिलाएं अगले 36 घंटे तक कुछ भी खाती और पीती नहीं हैं। छठ पूजा के व्रत को कठिन व्रतों में से एक माना जाता है।

देवलचौड़ निवासी अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि महिला और पुरुष साफ सुथरे कपड़ों को पहनते हैं। समिति के महामंत्री मुरानी प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि छठ पूजा में तीसरे दिन डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। डूबते सूर्य को अर्घ्य देने का विशेष महत्व है क्योंकि यह समय प्रतीकात्मक रूप से जीवन के संघर्षों और कठिनाइयों को समाप्त करने और नवजीवन का आरंभ करने का संकेत देता है। डूबते सूर्य की पूजा करके व्यक्ति जीवन में आने वाले अंधकार को दूर करने और नई ऊर्जा से अगली सुबह का स्वागत करने की शक्ति प्राप्त करता है। चौथे दिन आठ नवंबर की सुबह उगते सूरज को लोकगीतों के साथ अर्घ्य दिया जायेगा। पूजा पाठ के बाद छठ पूजा का समापन होगा। रामपुर रोड स्थित छठ घाट की सजावट की गई है।

# दो दिन रामपुर रोड पर टीपीनगर से एफटीआई तिराहे तक जीरो जोन

**तैयारी**

- छठ पर्व को लेकर पुलिस ने जारी किया डायवर्जन प्लान
- टीपीनगर से मुड़कर बरेली रोड का करना होगा इस्तेमाल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** छठ पर्व में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए पुलिस ने रामपुर रोड के एक बड़े हिस्से को जीरो जोन घोषित कर दिया है। जारी डायवर्जन के मुताबिक टीपीनगर से एफटीआई तिराहे के बीच किसी भी प्रकार के वाहनों के आवागमन पर रोक होगी। डायवर्जन गुरुवार शाम 3 बजे से 11 बजे तक और शुक्रवार की सुबह 4 से 10 बजे लागू रहेगा। एसपी ट्रैफिक हरबंस सिंह ने बताया कि डॉ.सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय जाने व आने वाले वाहनों के अलावा आपातकाल एंबुलेंस पर यह प्लान लागू नहीं होगा।

### यह रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन

- रामपुर रोड से हल्द्वानी शहर की ओर आने वाले दोपहिया, चौपहिया, रोडवेज और निजी बसें टीपी नगर तिराहा से डायवर्ट होकर होंडा शोरूम तिराहे से गंतव्य को जाएंगे।
- हल्द्वानी शहर से रामपुर रोड की ओर जाने वाले दोपहिया, चौपहिया, रोडवेज व निजी बसें सिंधी चौराहा से डायवर्ट होकर मंगलपड़ाव होते हुए गांधी इंटर कॉलेज तिराहा से होंडा शोरूम की ओर निकलेंगे।
- टीपी नगर और एफटीआई तिराहे के बीच आवश्यक सेवा से सम्बन्धित वाहनों (जैसे दूध, ईंधन, गैस, सब्जी आदि) का आवागमन भी वर्जित रहेगा।
- फायर स्टेशन तिराहे से राजपैलेस होटल तिराहे की ओर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्ण रूप से वर्जित रहेगा।
- कैंसर अस्पताल तिराहा और एफटीआई तिराहे से डॉ.सुशीला तिवारी अस्पताल की ओर वाहनों का प्रवेश पूर्ण रूप से वर्जित रहेगा।
- टीपी नगर तिराहे से एफटीआई तिराहा के बीच सभी प्रकार के वाहनों के लिए (जीरो जोन) यानि आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

# विजिलेंस के रडार पर छह रिश्वतखोर अफसर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मलाईदार पदों पर रहकर बेहिसाब संपत्ति जुटाने वाले अफसरों के अच्छे दिन जाने वाले हैं। कुमाऊं के विभिन्न जिलों में अपनी सेवाएं दे रहे ऐसे 6 अफसर विजिलेंस के रडार पर हैं, जिन्होंने आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है। इन सभी के खिलाफ विजिलेंस की खुली जांच चल रही है। सूत्र बताते हैं कि विजिलेंस को इन सभी के खिलाफ पुख्ता सुबूत मिले हैं।

बहुचर्चित छात्रवृत्ति घोटाले के आरोपी तत्कालीन समाज कल्याण अधिकारी व सेवानिवृत जनजाति निदेशालय के उपनिदेशक अनुराग शंखधर पहले ही विजिलेंस की जांच में फंस चुकी है। जांच में विजिलेंस को अनुराग की संपत्ति आय से 54 प्रतिशत अधिक मिली है। जबकि ऊधमसिंहनगर के जिला सहकारी बैंक से सेवानिवृत्त हुए बैंक प्रबंधक राकेश कुमार सोनी की संपत्ति आय से 42 प्रतिशत अधिक मिल है। दोनों की आय से अधिक संपत्ति की जांच हल्द्वानी सेक्टर की विजिलेंस ने की है। इन दोनों के खिलाफ विजिलेंस के हल्द्वानी थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा भी दर्ज हो चुकी है। वहीं ताजा मामलों में बताया जा रहा है कि कुमाऊं के विभिन्न जिलों में तैनात छह अधिकारियों की संपत्ति की खुली जांच चल रही है। इसमें चार अधिकारी नैनीताल जिले के हैं। ये अधिकारी प्रशासनिक, परिवहन व राजस्व विभाग में अहम पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। खुली जांच की रिपोर्ट दोबारा शासन को भेजी जाएगी। जांच रिपोर्ट के आडिट के बाद ही विजिलेंस डायरेक्टर की अध्यक्षता वाली कमेटी तय करेगी कि एफआईआर होनी है या नहीं।

### पहली पोस्टिंग से लेकर अब तक हिसाब होगा

**हल्द्वानी :** जिन छह अधिकारियों के खिलाफ विजिलेंस खुली जांच कर रही है उनके एक-एक रुपये का हिसाब-किताब किया जा रहा है। यानी अधिकारियों को नौकरी मिलने के बाद पहली पोस्टिंग से लेकर अब तक उन्हें तनख्वाह के तौर पर कितने पैसे मिले और अब उनके पास कितने पैसे हैं। पैसों के अलावा उनके या उनके परिवार के नाम पर कितनी चल-अचल संपत्तियां हैं। इसकी पुष्टि के लिए विजिलेंस ने अधिकारियों के बैंक खातों, बीमा, राजस्व आदि विभागों से ब्यौरा मांगा है।

> गोपनीय जांच के बाद आरोपी अधिकारियों के खिलाफ खुली जांच की संस्तुति की गई थी। सभी के खिलाफ जांच जारी है और जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है तथ्य सामने आ रहे हैं। जांच पूरी होने पर रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। शासन के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। -**वी मुरुगेशन**, डायरेक्टर, विजिलेंस

### गोपनीय जांच में खुलने लगीं भ्रष्टाचार की परतें

खुली जांच से पहले विजिलेंस ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में गोपनीय जांच की थी और गोपनीय जांच में भ्रष्टाचार की परतें उखड़ने लगी थीं। गोपनीय जांच पूरी होने पर इसकी रिपोर्ट शासन को भेजी गई। शासन में बनी कमेटी ने रिपोर्ट का आडिट किया और खुली जांच के आदेश दिए। अब खुली जांच जारी है बताया जा रहा है कि विजिलेंस को आरोपी अधिकारियों के खिलाफ ठोस सुबूत मिल चुके हैं।



अंतर महाविद्यालयी क्रिकेट प्रतियोगिता में टॉस उछालते कप्तान।

### हल्दूचौड़ और डीएसबी ने जीते क्रिकेट मैच

**हल्द्वानी :** कुमाऊं विवि. की अंतर-महाविद्यालयी पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को सितारगंज रोड स्थित एमएस ग्राउंड में दो मैच खेले गए। पहले मैच में हल्दूचौड़ स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय ने सितारगंज स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय को 8 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सितारगंज महाविद्यालय ने 110 रन का लक्ष्य दिया जिसे हल्दूचौड़ महाविद्यालय ने आसानी से प्राप्त कर लिया। दूसरे मैच मे वासुदेव लॉ कॉलेज ने टॉस जीतकर डीएसबी कैंपस नैनीताल के सामने 92 रन का लक्ष्य रखा जिसे डीएसबी ने आसानी से दो विकेट खोकर प्राप्त कर लिया। गुरुवार को तीसरे दिन के खेल में पहला मैच राजकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय काशीपुर व ज्ञानार्थी कॉलेज काशीपुर के बीच होगा। जबकि दूसरा मैच एसआईएमटी रुद्रपुर व राजकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय खटीमा के बीच खेला जाएगा। इस दौरान डॉ. सुरेंद्र सिंह, प्रो. पुष्कर सिंह बिष्ट, सुरेंद्र सिंह रौतेला, श्याम मेवाड़ी, दिनेश भाकुनी, रितेश बिष्ट रहे।



दिनेशपुर में कलश यात्रा निकालतीं पूर्वांचल समाज की महिलाएं। ● अमृत विचार


दिनेशपुर में छठ पूजा घाट पर पूजा अर्चना करते अतिथि व सदस्य। ● अमृत विचार

# पूर्वांचल समाज की महिलाओं ने दिनेशपुर में भव्य कलश यात्रा निकाली

## पूर्वांचल समाज के लोगों ने प्रातः छठ घाट पर गणेश पूजन के बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया, श्रीहरि धर्म मंदिर स्थित कामना सागर से कलश में भरा जल, खरना पूजा की

छठ महापर्व

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** पूर्वांचल जन जागरण छठ पूजा समिति के तत्वावधान में पूर्वांचल समाज के लोगों ने नहाय-खाय के साथ महापर्व छठ पूजा की शुरुआत की। प्रातः पूजा के बाद पूर्वांचल समाज की महिलाओं ने नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत हुआ।

बुधवार को पूर्वांचल समाज के लोगों ने खरना पर प्रातः से व्रत रखकर गदरपुर रोड कुलना सेतु तट पर स्थित छठ घाट में गणेश वंदना के बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया। तत्पश्चात पूर्वांचल समाज की महिलाएं जफरपुर रोड पर श्रीहरि धर्म मंदिर स्थित कामना सागर से जल लेकर भजन-कीर्तन गाते हुए कलश यात्रा निकाली। जो मुख्य बाजार होते हुए छठ पूजा घाट पहुंची। कलश यात्रा का लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कलश यात्रा में राधा- कृष्ण, शिव-पार्वती, कलयुगी अवतार बजरंगबली की मनमोहक झांकियां शामिल थी। शाम को महिलाओं ने घर पर पूजा कर गेहूं की रोटी, गुड़ की खीर, अदरक, मूली व हल्दी चढ़ाकर प्रसाद स्वरूप ग्रहण कर उपवास तोड़ा। अनुष्ठान में विधायक अरविंद पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, नगर पंचायत पूर्व चेयरमैन काबल सिंह विर्क, सहकारी समिति पूर्व डायरेक्टर हरजीत सिंह विर्क, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, छठ पूजा समिति अध्यक्ष परमानंद चौरसिया, सहअध्यक्ष मुकेश कुशवाह, सचिव अनिल मिश्रा, बंगाली समाज मोर्चा आम आदमी पार्टी प्रदेशाध्यक्ष सुभाष व्यापारी, अशोक कालड़ा, भोला शर्मा, इंद्रजीत मंडल, योगेश मिगलानी, केशव दत्त जोशी, पंडित जगमोहन पंत, प्रेम कनौजिया, सुरेश पासवान, केएन तिवारी, सत्यजीत विश्वास, आशुतोष राय, वासुदेव यादव, नित्यानंद मिश्रा, मानसिंह कोरंगा, दिनेश वर्मा आदि सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।


दिनेशपुर में बुधवार की देर शाम खरना पूजा करता परिवार। ● अमृत विचार

### खटीमा में सूर्यास्त पूजन के बाद होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**खटीमा :** पूर्वांचल सेवा समिति द्वारा छठ पूजन की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। संजय रेलवे पार्क स्थित सरोवर में पूर्वांचल समाज की महिलाएं तीन दिन तक निर्जला रहकर डूबते एवं उगते सूर्य को अर्घ्य देंगी। नगर के अतिरिक्त मेलाघाट, 22 पुल, बग्गा चौवन, दीया, बरि अंजनिया, बंडिया, नौसर आदि स्थानों पर भी पूर्वांचल समाज की महिलाएं छठ पूजन करेंगी। नगर के संजय रेलवे पार्क के समीप सरोवर को सजाकर भव्य एवं आकर्षक बनाया गया है। आज दिन ढलते ही पूर्वांचल समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में यहां एकत्रित होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगी। छठ पर्व पर आयोजित कार्यक्रम के तहत 5 बजे सूर्यास्त पूजन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसमें महुआ चैनल के भजन गायक कलाकार दीपक पाठक जौनपुर, आदित्य सिंह व प्रिया सोनी प्रयागराज, लक्ष्मी ज्योति वाराणसी प्रतिभाग कर पूर्वांचल की छटा बिखेरेंगे। यहां समिति अध्यक्ष सुनील रैदानी, संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष ठाकुर उदय प्रताप सिंह, अंकित पांडे, एमपी सिंह, कमल सिंह, अजय सिंह, नरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, विनोद कुमार सिंह, विश्वनाथ यादव, आर ए सिंह, जितेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहेंगे।

# छठ पूजा की तैयारी पूर्ण, बाजार में लौटी रौनक

आस्था

- समाज के लोगों ने खरीदी पूजा सामग्री
- खरना हुआ शुरू, डूबते सूर्य को देंगे अर्घ्य

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** सात नवंबर यानी गुरुवार को छोटी छठ होने के कारण बुधवार को पूर्वांचल समाज के लोगों ने बाजार में जमकर खरीदारी की। इससे बाजार में एक बार फिर रौनक लौट आई और लोगों ने छठी मईया के लिए आस्थापूर्वक पूजन सामग्री खरीदी। इसके साथ ही छठ महापर्व की तैयारी भी पूर्ण हो चुकी है और श्रद्धालु डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ पूजा की शुरुआत करेंगे।

बुधवार की सुबह होते ही जहां पूर्वांचल समाज की महिलाओं और पुरुषों ने खरना प्रारंभ कर दिया और घरों की साफ पूर्ण कर ली। शाम ढलते-ढलते शहर के मुख्य बाजार, मनिहारी गली, विधवानी मार्केट में समुदाय के लोगों की भीड़ जुटने लगी और सभी ने पूजा में इस्तेमाल होने वाली दो बड़े बांस की टोकरी जिन्हे पथिया और सूप भी कहा जाता है, की खरीदारी की। साथ ही डगरी, पोनिया, ढाकन, कलश, पुखार, सरवा के अलावा ठेकुआ, मखा ने,अक्षत, भुसवा, सुपारी, अंकुरी, गन्ना आदि चीजों की भी जमकर खरीदारी की। बताया जा रहा है कि यह सभी खाद्य पदार्थ छठी मईया की पसंदीदा पूजन सामग्री होती है। इसके अलावा बुधवार को खरना प्रारंभ होते ही शाम ढलते ही निर्जला व्रत धारी लोग सूर्य को गुड़ व चावल की खीर बनाकर भोग लगाती है। उसके बाद ही सेवन करती है। मान्यता है कि यह विशेष प्रसाद भगवान का प्रिय प्रसाद होता है। लक्ष्मी नारायण मंदिर के पंडित बैकुंठ नाथ शास्त्री ने बताया कि गुरुवार यानी सात नवंबर की शाम को सभी श्रद्धालु छठ घाटों पर जाकर पानी के बीच खड़े होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य देगी और आठ नवंबर की सुबह तड़के उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ मैया की पूजा अर्चना करेगी। बताया कि छठ महापर्व पूर्वाचल समुदाय के अलावा आस्था रखने वाले लोगों के लिए आस्था का पर्व है। जिसका शास्त्रों में भी जिक्र है।


छठ महापर्व को लेकर बाजार में फलों की खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार


रुद्रपुर की बाजार में पूजन सामग्री की खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

# महिलाओं का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** छठ पर्व पर महिलाओं ने बुधवार को खीर-रोटी खाकर 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू कर दिया है। वहीं चीनी मिल से सटकर गुजर रही लेवड़ा नदी की माइनर सिंचाई नहर किनारे स्थापित छठ घाट पर बनी छठ मैया की वेदियों की मरम्मत व रंगाई-पुताई का कार्य भी अंतिम चरण में पहुंच गया है। समाज के युवा दिनभर टोलियों में बंटकर इस कार्य में लगे रहे।

पूर्वांचल समाज से जुड़ी महिलाओं द्वारा खरना के साथ 36 घंटे तक के कठिन साधना वाले छठ माता के व्रत की शुरूआत कर दी है। सात नवंबर (गुरुवार) की सायं महिलाएं निरंतर प्रवाह में बहने वाले जल में खड़े होकर अस्ताचलगामी (डूबते या अस्त होते) सूर्य को अर्घ्य देंगी। इसी प्रकार आठ नवंबर (शुक्रवार) की सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा।


बाजपुर में छठ घाट पर वेदियों की मरम्मत एवं रंगाई-पुताई का कार्य करते युवा।

### छठ पूजा में खरना का हुआ कार्यक्रम

**काशीपुर :** पूर्वांचल समाज का महापर्व छठ पूजा का शुभारंभ पांच नवंबर से हो गया है। पूर्वांचल समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि पांच नवंबर को नहाय-खाय के बाद छह नवंबर को खरना का कार्यक्रम किया गया। आठ नवंबर को सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही समापन किया जाएगा। पूर्वांचल छठ सेवा एवं जनकल्याण समिति के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद ने बताया कि पांच नवंबर से नहाय-खाय के साथ छठ पूजा की शुरुआत हो गई। मान्यता है कि छठ व्रत करने से संतान की प्राप्ति, संतान की कुशलता, सुख-समृद्धि व लंबी आयु प्राप्त होती है। छठ पूजा को लेकर लोगों में उत्साह रहा।

### पांच पुलिस उपाधीक्षक स्थानांतरित, धौनी आए ऊधमसिंह नगर

**रुद्रपुर , अमृत विचार :** शासन ने पांच पुलिस उपाधीक्षकों के स्थानांतरण किए हैं। 46वीं वाहिनी पीएसी रुद्रपुर में तैनात भूपेंद्र सिंह धौनी को ऊधमसिंह नगर जिले में भेजा गया है।

पौड़ी गढ़वाल जिले से पुलिस उपाधीक्षक विभव सैनी व अनुज कुमार का स्थानांतरण भी ऊधमसिंह नगर जिले में हुआ है। वहीं ऊधमसिंह नगर में तैनात अनुषा बडोला को पौड़ी गढ़वाल स्थानांतरित किया गया है। सीआईडी सेक्टर देहरादून में तैनात राकेश रावत को हरिद्वार जिले में स्थानांतरित किया गया है।

# उत्तराखंड ग्रामीण बैंक का पूर्व शाखा प्रबंधक गिरफ्तार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड ग्रामीण बैंक की बरहैनी शाखा में करीब पौने दो करोड़ रुपये के डेरी टर्म व केसीसी ऋण स्वीकृति में बरती गई लापरवाही एवं धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने बैंक के पूर्व शाखा प्रबंधक को गिरफ्तार किया है।

मूल रूप से रूद्र विहार कालोनी कंदवा गेट गणेशपुर डीएलडब्लू वाराणसी उप्र निवासी रवि शेखर गुप्ता (तत्कालीन शाखा प्रबंधक उत्तराखंड ग्रामीण बैंक शाखा बरहैनी बाजपुर) ने चार मई 2024 को कोतवाली बाजपुर में तहरीर दी थी। उन्होंने पुलिस को बताया था कि पूर्व शाखा प्रबंधकों दिनेश सिंह रावत व कृष्ण कुमार चौरसिया ने वर्ष 2019 से वर्ष 2023 तक विभिन्न तिथियों में बैंक के नियमों के विपरीत बिना आवश्यक कागजात व प्रपत्रों को जांच-परख 141 किसान सावधि ऋण/केसीसी ऋण तथा अन्य सरकारी योजनाओं के तहत स्वीकृति प्रदान करते हुए इस ऋण को स्वयं तथा एजेंट ग्राम तोता बेरिया भगवानगला निवासी सुरेंद्र सिंह, बांसखेड़ा काशीपुर निवासी खुशमीन जहां को लाभ पहुंचाया गया जिससे बैंक को करीब एक करोड़, 78 लाख, 54 हजार 313 रुपये के लोकधन की धोखाधड़ी व गबन किया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कोतवाली बाजपुर में धारा 409/420 आईपीसी के अंतर्गत प्राथमिकी पंजीकृत कर ली थी। विवेचना कर रहे एसएसआई विनोद सिंह फर्त्याल ने इस अभियोग में धारा 467/468/471/120बी की बढ़ोत्तरी की गई। पुलिस टीम ने बुधवार को वांछित आरोपित पूर्व शाखा प्रबंधक ग्राम जलथ पोस्ट राथी थाना मुन्स्यारी जिला पिथौरागढ़ निवासी दिनेश सिंह रावत को देहरादून से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। सीओ अन्नराम आर्य ने बताया कि आरोपित का न्यायिक अभिरक्षा रिमांड लिया गया है तथा उसे हल्द्वानी कारागार भेजा गया है। टीम में एसएसआई विनोद फर्त्याल, एसआई संदीप शर्मा शामिल रहे।

हालात | नहीं हो पा रहे मोतियाबिंद के ऑपरेशन, पिछले साल सेवानिवृत्त हुए सीएमएस कैमाश राणा

# नेत्र रोग विशेषज्ञ नहीं होने से मरीज परेशान

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** काशीपुर के एलडी भट्ट सरकारी अस्पताल में बीते एक साल से नेत्र रोग विशेषज्ञ न होने से मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं नेत्र रोग मरीजों के मोतियाबिंद व अन्य उपचार के लिए आई मशीन भी खराब हो रही हैं। उधर मरीजों को उपचार के लिए प्राइवेट अस्पताल में जाना पड़ रहा है।

बता दें कि काशीपुर के एलडी भट्ट सरकारी अस्पताल में प्रतिदिन 350 से अधिक की ओपीडी होती है। इनमें काशीपुर, बाजपुर, जसपुर, रामनगर समेत कई स्थानों लोग इलाज कराने के लिए पहुंचते हैं। लेकिन अस्पताल में नेत्र रोग विशेषज्ञ नहीं होने से दूरस्थ इलाकों से आने वाले लोगों को प्राइवेट अस्पतालों से महंगे में इलाज कराना पड़ रहा है। बता दें कि विगत वर्ष नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. कैमाश राणा सेवानिवृत्त हो गए थे। तब से अस्पताल में नेत्र रोग विशेषज्ञ नहीं है।




> मरीजों की आंखों को जांचने के लिए फिलहाल सप्ताह में तीन दिन एक टेक्निशियन को बाजपुर से काशीपुर अस्पताल के लिए अटैच किया गया है। मुख्यालय स्तर से नेत्र रोग विशेषज्ञ की भर्ती के लिए प्रक्रिया गतिमान है।
>
> -**डॉ. राजीव पुनेठा**, सीएमएस, काशीपुर।

### धूल फांक रही आंखों से संबंधित मशीनें

**काशीपुर :** काशीपुर सरकारी अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, अस्पताल में मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए आई स्कैन मशीन नेत्र रोग विशेषज्ञ के जाने के बाद धूल फांक रही है। बता दें कि अस्पताल में आंखों के चश्मे के नंबर, आंखों में लालिमा की बीमारी, आंखों में एलर्जी संबंधित बीमारी, आंखों की झिल्लियों से संबंधित बीमारी, दृश्यता की कमी, आंखों की रोशनी संबंधित बीमारी, आंखों के पर्दे के चेकअप संबंधित अन्य आंखों से संबंधित बीमारियों का उपचार होता था।

### मधुमक्खियों के हमले में तीन विद्यार्थी घायल

**खटीमा।** डिग्री कॉलेज रोड पर मधुमक्खियों के हमले की चपेट में आने से स्कूली छात्र सहित तीन लोग घायल हो गए। छात्र की नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बुधवार को दिन में डिग्री कॉलेज रोड पर मधुमक्खियों का एक झुंड आ गया। इसी दौरान आदर्श कालोनी निवासी छात्र आशीष पर मधुमक्खियां टूट पड़ीं और वह चिल्लाने लगा। आसपास के लोगों ने धुआं कर और कंबल डाल आशीष को बचाने की कोशिश की लेकिन मधुमक्खियों ने उसे बुरी तरह से काट लिया। राहगीरों ने छात्र को नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां परिजन भी आ गए। छात्र का अस्पताल में उपचार चल रहा है। इसी दौरान दो छात्राओं के भी मधुमक्खियों के काटने की जानकारी मिली है जो स्वस्थ हैं।

### मेला देखने जा रहे तीन स्कूली छात्र बाइक और डंपर की टक्कर में घायल

**खटीमा।** नानकमता मेला देखने जा रहे तीन स्कूली छात्र उस समय गंभीर रूप से घायल हो गए जब सबौरा में सामने से आ रहे डंपर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। तीनों को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बुधवार को एचताविही निवासी तीन स्कूली छात्र बाइक से नानकमत्ता मेला देखने जा रहे थे। वह सबौरा गांव के पास पहुंचे थे कि सामने से आ रहे डंपर ने उनकी बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। इससे एचता बिही निवासी मनोज जोशी, श्याम सिंह और सागर सिंह घायल हो गए। घायलों को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अख़बार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
नैनीताल : 7505012034, हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### काशीपुर में कुंडेश्वरी क्षेत्र से दो बाइकें हुईं चोरी

**काशीपुर :** कुंडेश्वरी क्षेत्र स्थित भारतीय प्रबंध संस्थान के सरकारी आवास के बाहर से चोरों ने दो बाइकें चोरी कर लीं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी की जांच शुरू कर दी है। कुंडेश्वरी निवासी रोहताश कुमार शर्मा व नितेश पंत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह भारतीय प्रबंध संस्थान के सरकारी आवास में रहते हैं। बताया कि मंगलवार की रात रोज की तरह ही उन्होंने अपनी बाइक संख्या डीएल 5 एसबी 4342 व यूपी 65 एसी 8528 को आवास के बाहर खड़ा किया था। बताया कि जब वह सुबह उठकर आवास के बाहर आया तो बाइक अपने स्थान पर नहीं थी। बाइक की काफी खोजबीन करने बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। उधर पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी की जांच शुरू कर दी है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की सीज

**खटीमा :** सत्रहमील पुलिस ने गन्ने की पताई से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की सीज कर दिया है। इन दिनों किसान ट्रैक्टर ट्राली से पुआल इधर से उधर ले जा रहे हैं। वहीं गन्ने की पताई भी इधर से उधर ले जायी जाती है जिससे मार्ग पर चलने वाले दुपहिया और चार पहिया वाहन चालकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सत्रहमील चौकी के सामने से गुजर रहे पताई से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को पुलिस ने रुकने का इशारा किया लेकिन चालक ने वहां नहीं रोका तो पुलिस ने पीछा कर ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ लिया। चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट ने कानूनी कार्रवाई कर ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर दिया।

### घर में घुसकर नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोप

**बाजपुर :** घर में घुसकर नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ करने का आरोप लगा एक महिला ने कोतवाली में तहरीर दी है। नगरीय सीमा से सटे गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि पांच नवंबर की सुबह करीब 10 बजे वह बाजार चली गई थी। आरोप है कि उसकी गैरमौजदूगी में गांव का ही एक युवक घर में घुस गया और 17 वर्षीय नाबालिग बेटी से जोर-जबरदस्ती एवं छेड़छाड़ करने लगा। पुत्री ने किसी तरह अपनी जान बचाई। शोर होने पर आरोपी फरार हो गया।

### दो लोग करंट से झुलसे

**काशीपुर :** अलग-अलग क्षेत्रों में बालक और एक अधेड़ करंट लगने से झुलस गए। मोहल्ला रजवाड़ा निवासी आठ वर्षीय अभी को करंट लग गया। उधर, फरीद नगर ठाकुरद्वारा यूपी निवासी 55 वर्षीय इदरीश को करंट लग गया। दोनों को एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया।

---

### यूपी के माफिया सक्रिय, कप्तान ने बनाया मास्टर प्लान, टूटेगा नेटवर्क, मादक पदार्थों की तस्करी का बेहतर मार्ग पुलभट्टा इलाका

# बाहरी प्रदेशों के स्मैक माफियाओं पर अब कसेगा शिकंजा

मनोज आर्या, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** पिछले कुछ सालों के आंकड़ों पर नजर डालें, तो ज्यादातर मादक पदार्थों की तस्करी का बेहतर मार्ग पुलभट्टा इलाका पड़ता है। यहीं से पुलिस हो या फिर एसटीएफ-एएनटीएफ की टीम, अक्सर थाना इलाके से ही तस्करों की गिरफ्तारी करती है। आरोपियों से पूछताछ में भी ज्यादातर मादक पदार्थों के माफिया यूपी इलाके के होते हैं। इन माफियाओं पर अब शिकंजा कसने के लिए कप्तान ने मास्टर प्लान तैयार कर लिया है। साथ ही अधीनस्थों को सीमावर्ती माफियाओं की एक सूची तैयार कर ने का आदेश भी दे दिया है।

पुलभट्टा थाना बरेली यूपी जनपद की सीमा से सटा हुआ है।



स्मैक तस्कर के साथ खुलासा करते एसएसपी मणिकांत मिश्रा। ● अमृत विचार

अक्सर स्मैक हो या फिर हेरोइन जैसा घातक नशा इन्हीं गोपनीय मार्गों से होता हुआ जिले की सीमा में प्रवेश करता है। पकड़े जाने वाले सौदागरों से हुई पूछताछ में भी सबसे ज्यादा बरेली या फिर रामपुर यूपी का नाम सामने आया है। इन माफियाओं का नेटवर्क ध्वस्त करने के लिए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने सीमावर्ती थाना प्रभारियों को आदेशित किया है कि अब तक जितने भी तस्कर गिरफ्तार हुए हैं और उनके द्वारा किन-किन माफियाओं के नाम सामने आए हैं। उनके स्थायी पते के साथ ही मुकदमे में भी नाम दर्ज किए जाएं। साथ ही पता चला है कि अब एसएसपी मणिकांत मिश्रा एक ऐसी टीम का गठन करने वाले हैं, जिनकी देखरेख में ही अब माफियाओं के नशे के धंधे को चौपट किया जाएगा और जिसका नेतृत्व भी खुद कप्तान करेंगे। यदि एसएसपी की यह रणनीति सफल होती है। तो हो सकता है कि वर्ष 2025 में जिला नशा मुक्त जनपद बन जाए।

#### पुलिस को दे चुके हैं कई बार गच्चा

**रुद्रपुर :** पकड़े गए स्मैक तस्कर इतने शातिर हैं कि छह बार एएनटीएफ और पुलिस की संयुक्त टीम को गच्चा दे चुके हैं। एएनटीएफ प्रभारी पावन स्वरूप ने बताया कि एक माह पहले ही स्मैक तस्करों की आवाजाही की सूचना मिली थी। एक माह से लगातार पुलभट्टा पुलिस के साथ मिलकर घेराबंदी की, लेकिन हर बार वीरपाल व शेर सिंह अपना रास्ता बदल देते थे या फिर खेप सप्लाई ही निरस्त कर देते थे, लेकिन इस बार पुख्ता सूचना के आधार पर धरपकड़ हुई और छठी बार दोनों आरोपी दबोचा गया।

#### एनडीपीएस में अब 20 साल सजा का है प्रावधान

**रुद्रपुर :** एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि एनडीपीएस में हुए बदलाव के बाद अब मादक पदार्थों की तस्करी प्रकरण में जहां पुलिस की धरपकड़ की कार्रवाई काफी जटिल हुई है वहीं अब माफियाओं का बचना भी असंभव है, क्योंकि नये कानून के बाद बीएनएस एनडीपीएस में पुख्ता सबूतों के साथ पुलिस चार्जशीट दाखिल करती है। नये कानून के अनुसार आरोपी को बीस साल की सजा का प्रावधान रखा गया है। इससे तस्कर लंबे अर्से के लिए जेल में रहेगा।

> जिले का कार्यभार ग्रहण के बाद एएनटीएफ, संबंधित थाना चौकी पुलिस नशे के खिलाफ एक मुहिम छेड़ चुकी है और अब तक दर्जनों मुकदमों के अलावा भारी मात्रा में मादक पदार्थों की धरपकड़ भी हो चुकी है। ज्यादातर प्रकरण में यूपी सीमावर्ती इलाकों के नाम सामने आए हैं जहां से माफिया अपने नेटवर्क के जरिए मादक पदार्थों की सप्लाई करता है। जल्द ही एक बड़ी कार्रवाई होगी। जो नेटवर्क को ध्वस्त करेगी। नशामुक्त जनपद बनाना ही उनका मकसद है। **-मणिकांत मिश्रा,** एसएसपी ऊधमसिंह नगर।

---

### दर्जी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**किच्छा:** पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में बहन के घर रहकर दर्जी का काम कर रहे युवक की घर में फांसी के फंदे पर लटकने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। थाना पुलिस ने घटना की जांच प्रारंभ कर दी है। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के पीलीभीत निवासी वाहिद अली की बहन का परिवार पुलभट्टा थाना अंतर्गत ग्राम अलीनगर क्षेत्र में रहता है। बताया जा रहा है कि वाहिद अली का पूरा परिवार पीलीभीत में रहता है जबकि वह अपनी बहन के घर रहकर टेलर का काम करता था। करीब 23 वर्षीय वाहिद अली का शव अलीनगर स्थित आवास पर फांसी के फंदे से लटकता मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर कब्जे में ले लिया।

---

# जेजेएम के अधूरे कार्य को लेकर भड़के ग्रामीण

### अवर सहायक अभियंता ने ग्राम पंचायत भवन चकरपुर में ग्रामीणों के साथ की बैठक, करना पड़ा विरोध का सामना

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** ग्राम चकरपुर में हर घर जल प्रमाणीकरण के लिए पहुंचे जल संस्थान के अवर सहायक अभियंता पूरन पांडेय को ग्रामीणों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के तहत वाटर टैंक निर्माण से लेकर कनेक्शन जोड़ने तक का कार्य अधूरा होने पर जमकर हंगामा किया और लिखित में अपनी शिकायत अंकित करवाई।

बुधवार को गांव में स्थापित हुए वाटर टैंक व अन्य निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करने के पश्चात अवर सहायक अभियंता जल संस्थान पूरन पांडेय ने ग्राम पंचायत भवन चकरपुर में ग्रामीणों के साथ बैठक की। ग्रामीणों ने सभी कार्य पूर्ण होने के पश्चात ही ओवरहेड टैंक हेंडओवर करने की मांग की। धीमी गति से हो रहे कार्य पर नाराजगी जताते हुए अधिकारी के समक्ष हंगामा भी किया। उनका कहना था कि अभी तक पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है, मुख्य लाइन को छोटी लाइनों से जोड़ने का कार्य भी आधा-अधूरा पड़ा है। वर्षों से खोद कर डाली गईं गांव की अधिकांश सड़कों की मरम्मत नहीं हुई है। ओवरहेड टैंक निर्माण में अनियमितता का आरोप लगाते हुए कहा कि टैंक में पानी का रिसाव हो रहा है। 15 प्रतिशत पाइप लाइन मरम्मत एवं 50 प्रतिशत कनेक्शन एवं जगह-जगह खुले पड़े जोड़ को सही करने का कार्य नहीं हुआ है। इस पर अवर सहायक अभियंता पांडेय ने ग्रामीणों की ओर से प्राप्त शिकायती पत्रों सहित पूरी जानकारी उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने व व्यवस्था को समय रहते सुचारु करवाने का भरोसा दिलाया। वहीं ग्राम प्रधान मुनेष देवी ने बताया कि पिछले दिनों श्रीरामभवन धर्मशाला में आयोजित तहसील दिवस में शिरकत करने पहुंचे जिलाधिकारी को भी लिखित शिकायती पत्र दिया गया था, जिसमें अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। इस मौके पर ग्राम पंचायत विकास अधिकारी जसवीर सिंह, ग्राम प्रधान पति सुनील कुमार प्रजापति, मेवाराम प्रजापति, पूर्व बीडीसी अजयपाल सिंह, मनीष खन्ना, विकास कुमार, रमेश पाल, राम सिंह, सुशील कुमार, परशुराम, नंदलाल, इंदरजीत सिंह, ब्रजलाल, गौरव कुमार आदि मौजूद रहे।



ग्राम चकरपुर में जल संस्थान के अधिकारी के समक्ष शिकायत दर्ज कराते ग्रामीण।



काशीपुर में ऊर्जा निगम की एसडीओ को ज्ञापन सौंपते लोग। ● अमृत विचार

#### आवास विकास के लोगों ने प्रीपेड मीटर का किया विरोध

**काशीपुर :** काशीपुर क्षेत्र में लगाए जा रहे प्रीपेड मीटर का बुधवार को आवास विकास के स्थानीय लोगों ने विरोध किया। जिसके बाद लोग ऊर्जा निगम के कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने एसडीओ का घेराव करते हुए पुराने मीटर लगाए रखने की मांग की। साथ ही मांगें पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। बुधवार को ऊर्जा निगम के कार्यालय में पहुंचे आवास विकास के लोगों ने प्रीपेड मीटर का जमकर विरोध किया। इस दौरान प्रीपेड मीटर को हटाए जाने को लेकर उन्होंने नारेबाजी करते हुए एसडीओ का घेराव किया। लोगों ने एसडीओ को एक ज्ञापन सौंपते हुए पुराने मीटरों को ही लगाए रखने की मांग की। मांगें पूरी नहीं करने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान योगेश बिश्नोई, ओम प्रकाश चौहान, महिपाल सिंह, दीपक सिंधवानी, सुरेंद्र सिंह, सुशीला गोस्वामी, आशा गोस्वामी, मुकेश कुमार, श्यामलाल मोहनलाल, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

---

# गुरुनानक समिति के अध्यक्ष व प्रबंधक पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

#### आरोप

- कोषाध्यक्ष ने लगाया गबन करने का आरोप
- न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** गुरुनानक शिक्षा समिति का विवाद आखिरकार मुकदमेबाजी तक जा पहुंचा। समिति के कोषाध्यक्ष ने अध्यक्ष व प्रबंधक पर गबन करने का आरोप लगाया और न्यायालय में याचिका डालकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम मुंडिया खुर्द बिलासपुर निवासी अमर दीप सिंह ने बताया कि वह गुरुनानक शिक्षा समिति का आजीवन सदस्य है और समिति में कोषाध्यक्ष है। बताया कि समिति का संयुक्त खाता केनरा बैंक में संचालित है। आरोप था कि शिक्षा के समिति के अध्यक्ष दिलराज सिंह निवासी बिगवाड़ा और प्रबंधक गुरमीत ने एक कर्मचारी पूरन पांडेय के साथ मिल कर साजिश के तहत एक मई 2021 से एक दिसंबर 2022 तक 113 चेकों का प्रयोग कर 31.26 लाख रुपये का गबन कर समिति का पैसा हड़प लिया। इसकी सूचना किसी को नहीं दी, जबकि वह समिति का कोषाध्यक्ष है। कई बार सेल्फ के चेकों का प्रयोग किया गया। जब वह बैंक में डिटेल लेने गया तो गबन का खुलासा हुआ। 19 अगस्त को पुलिस को शिकायती पत्र दिया, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, जबकि पुलिस जांच रिपोर्ट के अनुसार एक अप्रैल 2022 से दिसंबर 2022 तक 17 लाख रुपये निकाला जाना वर्णित है। साथ ही बाकी की रकम जमा कराना दिखाया गया है, जबकि वास्तव में 31 लाख से अधिक का गबन हुआ है। कई बार पुलिस से कार्रवाई की मांग की। जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो याचिकाकर्ता ने न्यायालय में याचिका दायर की। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मुकदमा दर्ज करने के बाद मामले में जांच की जा रही है।

---

# फ्लाईओवर पीडब्ल्यूडी को हस्तांतरित हो

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** फ्लाईओवर में आ रही दिक्कतों को लेकर केडीएफ का एक प्रतिनिधिमंडल लोनिवि के अधिशासी अभियंता से मिला। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने फ्लाईओवर के निर्माण में आ रही समस्याओं को लेकर चर्चा करते हुए फ्लाईओवर पीडब्ल्यूडी को हस्तांतरित करने की मांग की।

बुधवार को प्रतिनिधिमंडल ने अधिशासी अभियंता अरुण कुमार से मुलाकात के दौरान कहा कि फ्लाईओवर का निर्माण ठेकेदार दिया गया है। जिसकी लगभग तीन करोड़ की राशि अभी भी राष्ट्रीय राजमार्ग में लंबित है और अगले पांच वर्षों तक फ्लाईओवर का रखरखाव भी उनके अनुबंध में शामिल है।

कहा कि बार-बार निवेदन के बावजूद ठेकेदार फ्लाईओवर के रखरखाव में कोई सक्रियता नहीं दिखा रहे हैं। केडीएफ ने फ्लाईओवर की विभिन्न समस्याओं, जैसे प्लेटों के टूटने से हो रहे ध्वनि प्रदूषण, साइड रोड के टूटने और नालियों के अवरुद्ध होने के कारण यातायात में बाधाओं का मुद्दा उठाया। इसके साथ ही उन्होंने ठेकेदार की निष्क्रियता को देखते हुए दूसरे ठेकेदार द्वारा इन समस्याओं का समाधान कराने की मांग की।



काशीपुर में लोक निर्माण विभाग के ईई से मुलाकात करते केडीएफ पदाधिकारी।

---

# दंत चिकित्सक ने भाई की पिस्टल से किए थे फायर

#### कार्रवाई

- पुलिस जल्द कर सकती है लाइसेंसी पिस्टल जब्त
- निरस्तीकरण की कार्रवाई को बनेगी रिपोर्ट

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** प्रमुख कारोबारी की पत्नी एवं वरिष्ठ दंत चिकित्सक आंचल ढींगरा फायरिंग प्रकरण की तफ्तीश तेज हो गई है। प्रारंभिक पड़ताल में पता चला है कि जिस लाइसेंसी पिस्टल से महिला डॉक्टर ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर टशन दिखाने की कोशिश की, वह पिस्टल उसकी नहीं, बल्कि उसके भाई के नाम दर्ज है। अब पुलिस ने जांच के बाद लाइसेंस निरस्तीकरण की दिशा में कार्य करना शुरू कर दिया है।



फायरिंग करती महिला डॉक्टर। ● फाइल फोटो

31 अक्टूबर दीपावली की रात्रि थाना गदरपुर के करतारपुर फार्म में एक महिला द्वारा लाइसेंसी पिस्टल से तबाड़तोड़ फायर किए जाने का वीडियो वायरल हुआ था। इंस्टाग्राम पर डाली गई वीडियो की जब पुलिस ने तफ्तीश की। तो पता चला कि महिला कोई और नहीं, बल्कि गुरु मां इंटरप्राइजेज के एमडी अभिमन्यु ढींगरा की पत्नी आंचल ढींगरा है। जो खुद शहर की एक बड़ी दंत चिकित्सक है। पुलिस ने वीडियो के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया और प्रकरण की तफ्तीश आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी होशियार सिंह को सौंप दी। पुलिस की प्रारंभिक पड़ताल में पता चला कि जिस लाइसेंसी पिस्टल से महिला डॉक्टर ने एक नहीं कई बार गोलियां चलाकर टशन दिखाने की कोशिश की। वह लाइसेंस उसके भाई के नाम है। फायरिंग प्रकरण के एक नहीं, बल्कि कई वीडियो पुलिस के हाथ लगे हैं। जिसमें महिला डॉक्टर पंजाबी गाने पर गोलियां दाग रही है। पुलिस ने एसएसपी मणिकांत मिश्रा के आदेश पर अपनी तफ्तीश को तेज कर दिया है और जांच रिपोर्ट के आधार पर लाइसेंस निरस्तीकरण की दिशा में कार्रवाई शुरू कर दी है। एसएसपी ने बताया कि प्रारंभिक पड़ताल में लाइसेंस आंचल ढींगरा के भाई के नाम है और जल्द ही जांच के बाद पिस्टल को भी जब्त कर लिया जाएगा।

---

**खुलासा** — कोतवाली पुलिस ने दबोचा शातिर चोर, चोरी का माल बरामद, आरोपी को भेजा गया जेल

# नशेड़ी ने की थी सिडकुल कर्मी के घर लाखों की चोरी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** 31 अक्टूबर दीपावली पर सिडकुल कर्मी के घर हुई लाखों की चोरी का पर्दाफाश करते हुए कोतवाली पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर चोरी का माल भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि दुर्गा कॉलोनी जसपुर खुर्द निवासी संतोष कुमार ने बताया कि वह वर्तमान में खेड़ा बस्ती में किराए के मकान में रहता है और सिडकुल की एक प्राइवेट कंपनी में कार्यरत है। बताया कि 31 अक्टूबर को वह दीपावली की छुट्टी पड़ने के कारण परिवार के साथ काशीपुर आया था और जब शाम एक नवंबर को घर लौटा। घर के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था और अलमारी में रखी जेवरात व नकदी सहित लाखों का माल चोरी हो चुका था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटनास्थल पर लगे 40 से अधिक सीसीटीवी कैमरों को खंगालने के बाद रंपुरा चौकी प्रभारी नवीन बुधानी के नेतृत्व में पांच नवंबर की रात्रि खेड़ा तिराहा से वार्ड-17 खेड़ा बस्ती निवासी साजेब खान को गिरफ्तार कर लिया और उसकी निशानदेही पर सोने, चांदी के जेवरात, पांच हजार की नकदी को बरामद कर लिया। पुलिस ने शत प्रतिशत बरामद करते हुए पूछताछ की। आरोपी ने बताया कि वह नशे का लती है और नशे की पूर्ति के लिए उसने घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।




लाखों की चोरी के आरोपी के साथ रंपुरा चौकी पुलिस। ● अमृत विचार

#### पुलिस को देख शराब तस्कर फरार, स्कूटी-बैग बरामद

**किच्छा :** चेकिंग के दौरान कोतवाली पुलिस की टीम ने स्कूटी पर अवैध कच्ची शराब की तस्करी कर रहे आरोपी को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर वाहन चालक स्कूटी तथा बैग छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है। उप निरीक्षक धीरेंद्र कुमार पंत के नेतृत्व में पुलिसकर्मी यशपाल आर्य एवं हरीश मेहरा की टीम ने सूर्यनगर तिराहे पर दो पहिया वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान पुलिस टीम को देखकर स्कूटी चालक ने वाहन मोड़कर वापस भागने का प्रयास किया। जल्दबाजी में स्कूटी तथा स्कूटी पर रखा बैग गिर गया। पुलिस कर्मियों को अपनी तरफ आता देख जंगल के रास्ते आरोपी मौके से फरार हो गया। मौके से फरार हुए वाहन चालक की पहचान पुलिस टीम ने प्रधान लाइन, धौरा डैम, थाना किच्छा निवासी सुखविंदर सिंह के रूप में की है। पुलिस द्वारा स्कूटी वाहन संख्या यू के 06 बी जे 3090 को जब चालान मशीन के माध्यम से जांचा गया तो वाहन स्वामी का नाम नजीबाबाद, धौरा डैम, थाना किच्छा निवासी विमला कौर पुत्री बूटा सिंह के नाम से अंकित आया। दस्तावेजों में दर्ज मोबाइल नंबर पर पुलिस ने जब फोन किया तो विमला कौर ने बताया कि उसकी स्कूटी भाई सुखविंदर सिंह लेकर गया है। मौके पर गिरे बैग की तलाशी लेने पर पुलिस ने बैग से अवैध कच्ची शराब के 150 पाउच बरामद कर कब्जे में ले लिए। फिलहाल पुलिस ने स्कूटी सीज कर मौके से फरार हुए आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

---

# फायरिंग का तीसरा वांछित गिरफ्तार

- वन विभाग की टीम पर चलाई थी गोलियां
- सात फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** छह सितंबर को पीपल पड़ाव वन रेंज इलाके में वन विभाग की टीम पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाने का तीसरा फरार आरोपी गिरफ्तार हो गया है, जबकि पुलिस सात फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

बुधवार को गोलीकांड प्रकरण का खुलासा करते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि छह सितंबर को लकड़ी तस्करों ने दबिश देने वाली वन विभाग की टीम पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर वन रेंजर नारायण गौतम व दो वन आरक्षियों को घायल कर दिया था। पुलिस ने गोलीकांड प्रकरण में मुख्य सरगना संगत सिंह उर्फ संगी सहित नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था और नौ सितंबर को गुरमीत सिंह उर्फ गैजी व 12 सितंबर को सर्वजीत सिंह उर्फ छब्बी को जेल भेज दिया था। जांच में नौ आरोपियों के अलावा दो तस्करों की भूमिका भी सामने आई थी। इसके बाद से लगातार थाना गदरपुर पुलिस टीम कार्रवाई कर रही थी कि मिली सूचना के आधार पर पांच नवंबर को मड़ैयाहट्टू थाना केलाखेड़ा निवासी स्वर्ण सिंह उर्फ चिकना को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि सरगना संगी सहित सात फरार तस्करों के खिलाफ पुलिस टीम लगातार दबिश देकर गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है।

#### तलवार लहराकर दहशत फैलाने वाला दबोचा

**रुद्रपुर :** दीपावली की रात्रि को मामूली विवाद में तलवार लहराकर दहशत फैलाने वाले आरोपी को रंपुरा पुलिस चौकी ने गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह टशन दिखा रहा था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। रंपुरा चौकी प्रभारी नवीन बुधानी ने बताया कि 31 अक्टूबर दीपावली की रात्रि को चौकी इलाके में एक मामूली विवाद के बाद एक युवक द्वारा तलवार लहराकर इलाके में लोगों को धमका रहा था और घटना की वीडियो वायरल हुई थी। वीडियो का मामला संज्ञान में आते ही तफ्तीश शुरू की। तो पता चला कि तलवार लहराने वाले युवक का नाम सुनील उर्फ शेट्टी निवासी प्रीत विहार कॉलोनी है। जिसके बाद पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। जिसे पांच नवंबर की देर शाम मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया और तलवार भी बरामद कर ली। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि विवाद के बाद वह तलवार लहराकर टशन दिखाने के साथ साथ लोगों में भय भी पैदा करने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अर्थागमो नित्यमरोगिता च प्रिया च भार्या प्रियवादिनी च।
वश्यश्च पुत्रोऽर्थकरी च विद्या षट् जीवलोकस्य सुखानि राजन्॥

धन प्राप्ति, स्वस्थ जीवन, अनुकूल पत्नी, मीठा बोलने वाली पत्नी, आज्ञाकारी पुत्र तथा धनार्जन करने वाली विद्या का ज्ञान से छह बातें संसार में सुख प्रदान करती हैं।

## संपादकीय

# असाधारण वापसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेना और सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के प्रमुख कमांडर के रूप में अपनी भूमिका को फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने बुधवार को दूसरी बार राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की जिसे अमेरिकी इतिहास में किसी नेता की सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी कहा जा रहा है। बुधवार को ट्रंप को उनकी जीत पर बधाई देते हुए दुनिया भर के नेताओं ने उनकी वापसी को इतिहास की सबसे बड़ी वापसी कहा है। चुनाव में जीत हासिल करके ट्रंप ने सिद्ध कर दिया कि वे राजनीति के एक बड़े खिलाड़ी थे और रहेंगे। वह पहले ऐसे पूर्व राष्ट्रपति हैं जिन्हें आपराधिक आरोपों में दोषी करार दिए जाने के बाद भी इस पद के लिए नामांकन का अवसर मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी और वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। ट्रंप अगले वर्ष जनवरी में कार्यभार संभालेंगे। ट्रंप की जीत के बाद भारत के संदर्भ में कई ऐसे सवाल हैं, जो सामने आना शुरू हो चुके हैं। ट्रंप प्रशासन के नेतृत्व में भारत अमेरिका के रिश्तों पर क्या असर पड़ेगा?

गौरतलब है कि दीपावली के अवसर पर ट्रंप ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना दोस्त बताया था। उन्होंने भारत और अमेरिका के संबंधों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। साथ ही अपनी सरकार आने पर दोनों देशों के बीच की साझेदारी को और आगे बढ़ाने का वादा किया। चीन मामले में भी ट्रंप ने भारत का समर्थन किया है। पिछली बार ट्रंप के कार्यकाल में ही इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीनी प्रभाव का मुकाबला करने के लिए अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के बीच सुरक्षा साझेदारी क्वाड को मजबूत किया गया था। हालांकि भारत के प्रति ट्रंप की वीजा नीति प्रवासियों के लिए काफी मुश्किलें पैदा कर सकती हैं। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में एच-1 बी वीजा नियमों पर सख्ती दिखाई थी। इसका भारतीय पेशेवरों और टेक्नोलॉजी कंपनियों पर असर दिखा था। अगर ये नीति जारी रही तो भारतीयों के लिए अमेरिका में नौकरियों के अवसर कम होंगे। महत्वपूर्ण है कि भारत और अमेरिका के बीच एक मजबूत व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है, जो लंबे समय से साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, साझा हितों और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों पर आधारित है। ऐसे में भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग और बेहतर व मजबूत होने की संभावनाएं हैं।

# कैंसर से जंग की नई उम्मीदें



निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल ने अपने नए शोध के जरिए एक टेबलेट विकसित की है, जिसमें मुख्य बातें ये हैं कि विकसित की गई टैबलेट कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी यानी कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में असरदार होगा।

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और दवाओं ने कई असाध्य रोगों पर विजय प्राप्त कर ली है, लेकिन खतरनाक कैंसर सभी चिकित्सा विधियों को चकमा देकर आगे बढ़ने वाला रोग साबित हुआ है। पिछले 20 सालों में दुनियाभर में कैंसर के मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। भारत में कैंसर के मामलों पर किए गए और बीएमसी कैंसर जर्नल में प्रकाशित आइसीएमआर (भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद) के 2022 के एक अध्ययन ने अनुमान जाहिर किया कि 2025 तक भारत में कैंसर के 2.98 करोड़ मामले हो सकते हैं। ये नीति आयोग के अनुमान के हिसाब से इस साल भारत की 1.4 अरब आबादी की दो फीसदी होगी।

कैंसर के नए इलाजों में जहां इम्यूनोथेरेपी एक बड़ी उम्मीद के रूप में देखी जा रही है वहीं कुछ परंपरागत तौर तरीकों में बड़े बदलाव से भी इस जानलेवा बीमारी को काबू में करने की कोशिशें लगातार जारी हैं। इम्यूनोथेरेपी एक प्रकार का कैंसर उपचार है। यह प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने और शरीर को कैंसर कोशिकाओं को खोजने व नष्ट करने में मदद करने के लिए शरीर द्वारा या प्रयोगशाला में बनाए गए पदार्थों का उपयोग करती है। उधर कैंसर के इलाज में भारतीय मसाले बेहद कारगर हैं। आईआईटी मद्रास के अनुसंधानकर्ताओं ने कैंसर के इलाज के लिए इनका पेटेंट करवाया है। 2028 तक बाजार में उपलब्ध होने की उम्मीद है। मुंबई स्थित देश के सबसे बड़े टाटा मेमोरियल कैंसर हॉस्पिटल और रिसर्च सेंटर की तरफ से अब इस जानलेवा बीमारी को लेकर एक उम्मीद जगाने वाली खबर सामने आई है। मुंबई के टाटा मेमोरियल सेंटर के एक शोध में यह दावा किया गया है कि उन्होंने कैंसर की एक बेहद किफायती संभावित दवा ढूंढ ली है, जो कैंसर सेल्स को फिर से बढ़ने से रोक सकती है और कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में सहायक है।

टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल ने अपने नए शोध के जरिए एक टेबलेट विकसित की है, जिसमें मुख्य बातें ये हैं कि विकसित की गई टैबलेट कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी यानी कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में असरदार होगा। यह टैबलेट



राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस

कीमोथेरेपी जैसे ट्रीटमेंट के बुरे प्रभावों को 50 प्रतिशत तक कम करने में मददगार साबित हो सकती है। कैंसर के दोबारा बढ़ने या होने से रोकने के लिए संभावित दवा हो सकती है। कैंसर के दोबारा होने की संभावना को 30 प्रतिशत तक कम करने में मददगार साबित हो सकती है। टाटा रिसर्च ने जो दवा विकसित की है डॉक्टर्स करीब 12 साल से काम कर रहे हैं। चूहों पर प्रयोग कर इस दवा का सकारात्मक असर दिखा। कैंसर ट्रीटमेंट के दुष्परिणामों पर असर का परीक्षण चूहों और इंसानों दोनों पर किया गया, लेकिन इसकी रोकथाम का परीक्षण अभी सिर्फ चूहों पर किया गया है। इसके लिए मानव परीक्षण यानी ह्यूमन ट्रायल पूरा करने में लगभग पांच साल यानी 2028 तक का समय लगेगा। लोगों को इसका लाभ मिलने के लिए कुछ वर्षों तक इंतजार करना पड़ सकता है।

वैकल्पिक चिकित्सा के क्षेत्र में कई दशकों से काम करने वाली संस्था डीएस रिसर्च सेंटर ने पोषक ऊर्जा से कैंसर की औषधि तैयार करके यही काम किया है। वैज्ञानिक परीक्षणों में भी इस औषधि के नतीजे बेहतर पाए गए हैं। कोलकाता के जाधवपुर विश्वविद्यालय के नैदानिक अनुसंधान केन्द्र (सीआरसी) के निदेशक डॉ. टीके चटर्जी के अनुसार- 'डीएस रिसर्च सेंटर की पोषक ऊर्जा से तैयार की गई औषधि सर्वपिष्टी के पशुओं पर किए गए परीक्षण के परिणाम उत्साहजनक पाए गए हैं। यदि पशुओं के शरीर पर सर्वपिष्टी का प्रयोग किए जाने के बाद सीआरसी ने उत्साहजनक परिणाम प्राप्त किए हैं तो ऐसे ही परिणाम इसे मानव शरीर पर प्रयोग करने से भी प्राप्त किए जा सकते हैं, जो कैंसर उपचार के इतिहास में युगांतकारी घटना होगी। सीआरसी विभिन्न रोगों के लिए दवाइयों का नैदानिक परीक्षण करता है।

इसी सिलसिले में उन्होंने सर्वपिष्टी का भी नैदानिक परीक्षण किया था। किसी दवाई की प्रभावकारिता का स्तर सुनिश्चित करने के लिए सामान्यतः दो प्रकार का परीक्षण किया जाता है- पहला, औषधीय (फार्माकोलॉजिकल) परीक्षण और दूसरा, विष विद्या संबंधी (टॉक्सिकोलॉजिकल) परीक्षण। ये परीक्षण आयातित सफेद चूहों पर किए गए। पशु शरीर में कैंसर कोशिकाओं को प्रविष्ट कराया गया और जब ट्यूमर निर्मित हो गया तब हमने दवा देना शुरू किया। 'पोषक ऊर्जा' के परीक्षण की स्थिति में 14 दिनों बाद जो प्रतिक्रिया देखी गई उनमें कोशिकाओं की संख्या स्पष्ट रूप से कम होना शुरू हो गई थी। पशु शरीर में कोई अल्सर पैदा नहीं हुआ। ट्यूमर विकास दर 46 प्रतिशत तक कम हो गई थी और दवाई की विषाक्तता लगभग शून्य थी। ऐसे सकारात्मक परिणाम हाल के समय में नहीं देखे गए थे। इस औषधि में कैंसर को रोकने और उससे लड़ने की अपरिमित संभावनाएं हैं।'

औषधियों के परिणाम-परीक्षण की एक सुनिश्चित वैज्ञानिक पद्धति है। औषधियां प्रायः विषों और ड्रगों से बनती है अतएव पहला परीक्षण किया जाता है कि वे स्वास्थ्य और जीवन को खतरे में तो नहीं डाल देंगी, लेकिन डीएस रिसर्च सेंटर ने तो मानवीय भोज्य पदार्थों में सन्निहित पोषक ऊर्जा को प्राप्त करके औषधियां तैयार की थीं इसलिए वे औषधियां मानव स्वास्थ्य के लिए सर्वथा अनुकूल थीं। यहां तक कि औषधि के सेवन का माध्यम भी दुग्ध शर्करा को बनाया गया था, जो एक मानवीय भोज्य है और स्वास्थ्य पर इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। डीएस रिसर्च सेंटर के संस्थापक वैज्ञानिक डॉ. उमाशंकर तिवारी के अनुसार सर्वपिष्टी कोई औषधीय सूत्र नहीं है, बल्कि पोषक ऊर्जा वर्ग की औषधीय का प्रतिनिधित्व करती है। सन 1982 में सेंटर ने कैंसर की औषधि तैयार की। इस औषधि के परीक्षण के लिए प्रारंभ से ही नीति बनी कि केवल ऐसे रोगियों की तलाश की जाए, जिन्हें अस्पताली चिकित्सा के धर्मकांटे ने चिकित्सा के लिए अयोग्य मानकर अंतिम रूप से छोड़ दिया हो। खोजबीन करके इस तरह के रोगियों तक पोषक ऊर्जा की खुराकें पहुंचाई जाने लगी। उन्हें यह भी कह दिया गया कि अपने कष्टों के लिए और स्वास्थ्य के विकास के लिए जो भी औषधियां वे लेते रहे हैं उन्हें लेते रहें। सेंटर के वैज्ञानिक तिवारी के निर्देशन में परीक्षण अभियान शुरू हुआ। अंततः औषधि की सफलता और उसके प्रभाव-परिणाम की सकारात्मकता, रोगियों के अपने अनुभवों तक सीमित नहीं रही, वह जांच रिपोर्टों से भी प्रमाणित हुई और पारंपरिक चिकित्सा के वर्तमान सूत्रधारों को अक्सर विस्मित भी करती रही, पर यह औषधि बाजार में उपलब्ध नहीं है।

हमारे भोजन में प्रयोग होने वाले मसालों से तैयार नैनोमेडिसिन ने फेफड़े स्तन सर्विकल, मुख, बृहदांत्र व थॉयराइड सेल लाइन के खिलाफ कैंसर रोधी गतिविधि दिखाई है, लेकिन ये सामान्य कोशिकाओं के लिए सुरक्षित है। पशुओं पर यह अध्ययन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है, अब क्लिनिकल ट्रायल की तैयारी चालू है। प्रोफेसर नागराज नैनो इमल्शन की स्थिरता महत्वपूर्ण विचार था। हालांकि कैंसर कोशिकाओं के साथ सक्रिय अवयवों व उनके संपर्क के तरीकों की पहचान करने के लिए और अधिक अध्ययन प्रयोगशालाओं में जारी रखेंगे। वास्तव में पारंपरिक कैंसर उपचार में थेरेपी की तुलना में नैनो-ऑन्कोलॉजी के ढेरों फायदे तो हैं ही, इसके कोई साइड इफेक्ट्स भी नहीं हैं। अपने भोजन में इन मसालों का महत्व हमेशा से है। हमारी रसोई में हल्दी, जीरा, मेथी, इलायची, काली मिर्च, अजवाइन, तेजपत्ता व गरम मसालों की मौजूदगी बताती है। हम पुरातन वक्त से इनके महत्व को समझ रहे हैं। इस तरह से तैयार की जाने वाली दवाएं बेहद सुरक्षित साबित हो सकती हैं। साथ ही इन मसालों के शुद्ध रूप को रोजाना के भोजन में शामिल कर हम इन रोगों से खुद को सुरक्षित रखने के प्रयास भी कर सकते हैं।

## प्रसंगवश

# शारदा सिन्हा का पान भी सुरीला था

छठ मईया की आवाज, लोकसंगीत की लता मंगेशकर, स्वर कोकिला, बिहारी माटी की सुगंध, भोजपुरी-मैथिली गीतों की पवित्रता, मां शारदा की शक्ति, जैसी पहचान बनाने वाली शारदा सिन्हा का जिक्र और गीत गूंज रहे हैं। ये छठ महापर्व का शोक काल है। उनके कई गीत भावुक कर देते हैं, छठ की संगीतमय फिजाओं में शारदा की विदाई बेहद भावुक करने वाली है।

आस्था को चरम पर पहुंचाने वाले उनके गीतों की स्वर लहरियां जब फिजाओं में तैर रहीं हैं। ऐसे में उनकी रुखसती ने कइयों को रुला दिया। त्योहारों के अलावा मांगलिक आयोजनों में भी बिहार की इस स्वर कोकिला के गीत गूंजे बिना यहां सब कुछ अधूरा सा लगता है। सुपर हिट फिल्म- 'मैंने प्यार किया' के अलावा दर्जनों फिल्मों में भी उनके लोकगीतों ने धमाल मचा दिया था। साड़ी, बिंदी, सिंदूर। भारतीय संस्कारमय महिला का रूप, मां का स्वरूप शारदा ने छठ मईया की आस्था को भावनात्मक परंपराओं की उन ऊंचाइयों तक पंहुचा दिया, जहां आस्था के आगे कोई टिक ही नहीं सकता। पाश्चात्य संस्कृति की गोद में रहने वाले बिहार, यूपी, झारखंड इत्यादि सूबों के एनआरआई भी छठ पर्व पर शारदा के गीत सुनने की तलब में बेचैन हो जाता है, उनकी एक धुन से तड़प उठते हैं। धर्म, आस्था, सनातन धर्म और अपनी जड़ों की तरफ खिंचे चले आते हैं। जैसे उनकी मिट्टी की सुगंध उन्हें आवाज दे रही हो। ये बेचेनी साबित करती है कि किसी भी धर्म की आस्था तलवार की रक्षा से नहीं, सत्ता के स्वार्थ वाली धर्म-जाति की राजनीति से नहीं, बल्कि संगीत की ताकत से सुरक्षित होती है, आगे बढ़ती है और फलती-फूलती है।



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

धर्म कोई भी हो पारंपरिक धुन, लय, गीत और संगीत की परंपराओं से धार्मिक आस्था परवान चढ़ती है। सनातन, सिख, क्रिश्चियनिटी तो छोड़िए इस्लाम धर्म तक में धुनों के बिना मजहबी अरकान अधूरे हैं। हालांकि इस्लाम के बहत्तर फिरकों में कुछ संगीत को गैर इस्लामी मानते हैं। जबकि अजान तक रिदम और लय के बिना अधूरी समझी जाती है। कुरआन की तिलावत भी लयबद्ध होती है। मिलाद, नात, कव्वाली, सलाम, पेशखानी, मातम, नौहा ख्वानी सबमें संगीत है, लय, रिदम और धुन के साथ ही ये आस्था में धार पैदा करते हैं। परंपराएं शुरू करते हैं, जो अटूट बन जाती हैं। ये रवायतें लोगों को खींचती हैं, जोड़ती हैं और आकर्षित करती हैं। शारदा सिन्हा ने अपने गीत-संगीत और मधुर आवाज की जादूगरी से सनातन धर्म की सेवा की, रक्षा की और पाश्चात्य युग में भी नई पीढ़ी को संगीत के माध्यम से धार्मिक परंपराओं से जोड़ा। क्योंकि संगीत में जोड़ने की जो शक्ति है वो तलवार से डराकर, सियासत से रिझाकर भी नहीं पैदा की जा सकती।

संगीत फेविकोल से कहीं अधिक जोड़ना की ताकत रखता है। चौबीस बरस पहले भी शारदा सिन्हा की तूती बोलती थी, उस जमाने में लखनऊ महोत्सव में देश के नामी-गिरामी कलाकार महोत्सव की रौनक बनते थे। यहां उनकी परफार्मेंस थी। गोमती होटल में वो ठहरी थीं। महोत्सव के दौरान लखनऊ के सांस्कृतिक संवाददाता बहुत व्यस्त रहते थे। मैं भी व्यस्त था। उन दिनों पान की लत थी। ये लत लगाई थी लखनऊ के जागरण चौराहे पर दीवान पान वाले ने। आजकल जिस चौराहे पर पुलिस बूथ है यहां दीवान की बड़ी सी पान की गुमटी हुआ करती थी। दीवान के पान की दीवानगी ये थी कि उसके हाथ के लगे पान के अलावा कहीं का पान अच्छा नहीं लगता था। उस दिन व्यस्तता के कारण उसके हाथ का लगा पान नहीं खा सका था। गोमती होटल में शारदा सिन्हा का इंटरव्यू लेने गया। बात करते-करते उन्होंने अपना पानदान निकाला और पान निकालकर खाया। बताया कि वो ये छोटा सा पानदान हमेशा अपने पास रखती हैं। बात करते-करते मैं रुक गया और मेरी लालच भरी निगाहों को उन्होंने ताड़ लिया। बोलीं-पान खाना है? झिझक से बोला जी खिला दीजिए। उनका पान खाकर दीवान का पान का स्वाद फीका पड़ गया। उनके पान में ऐसी मुलायमियत, ताजगी और अपनी मट्टी के सौंधे पन जैसा संगीत था। इतना स्वादिष्ट और सुरीले पान का स्वाद आज भी महसूस करता हूं।

चौबीस बरस हो गए अभी भी मुंह में उनके पान का स्वाद है। छठ महापर्व पर जब-जब शारदा सिन्हा के गीत कानों तक पहुंचे मुंह में उनके पान का स्वाद ताजा हो गया। सच तो ये है कि मां शारदा की भक्तन शारदा सशरीर नहीं रहीं, लेकिन उनकी आवाज, लोकगीत, धुने, भक्ति हमेशा जीवित रहेगी। छठ हो, मांगलिक कार्य या जीवन का संघर्ष, हर मौके पर शारदा सिन्हा का लोकसंगीत मिट्टी की सुगंध के साथ महकता रहेगा।

# पहाड़ों का मौन संघर्ष



जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

यह सिस्टम, यह समाज क्या कभी इन आवाजों को सुन पाएगा या केवल उन्हें इसी दर्द के साथ जीने का हुक्म देगा?

अल्मोड़ा में बीते दिनों फिर एक बस, किसी पुरानी घड़ी की टूटी सुई की तरह, खाई में गिर गई। हर बार की तरह, इस बार भी बस में भीड़ थी, उतनी ही जितनी अमूमन होती है- जैसे लोग अपनी जिंदगियों का बोझ साथ लेकर चल रहे हों और मौत एक बेजान पहरेदार हो, जो हर मोड़ पर मौन घात लगाए बैठा है। बसें तो वैसे भी पहाड़ों में उस संयम से नहीं दौड़तीं, जैसा मैदानों में।

यहां की बसें, अनियमित हैं-कभी आती हैं, कभी नहीं। लोग अपने भाग्य को बस की सीट पर यूं फेंक देते हैं, जैसे कोई सिक्का उछालते हों, जिसमें सामने मौत और पीठ पर जिंदगी हो। कोई विकल्प नहीं है उनके पास, शायद पहाड़ों ने उन्हें यही सिखाया है कि भीड़-भाड़, अनिश्चितता और असुरक्षित सफर ही उनकी नियति है। सरकार का ध्यान इस पर क्यों नहीं जाता कि इन संकरे रास्तों पर हर मोड़ पर एक बैरियर की जरूरत है। यहां हर खाई जैसे चुपचाप इंतजार कर रही है-किसी अनजान यात्री के लिए, जो उसे भरने आ सके। क्या ये सारे सुरक्षा उपाय, ये मापदंड, केवल आंकड़ों तक सीमित हैं? इस तरह जैसे पहाड़ों ने अपनी नियति को स्वीकार कर लिया हो, यहां हर सफर एक अंतिम सफर की तरह लगता है।

रात का अंधेरा...वह पहाड़ों का अपना है, जो रास्तों को मौन की चादर में लपेट देता है। इन अंधेरी सड़कों पर रोशनी नहीं है, शायद यह संदेश देने के लिए कि अंधेरा ही यहां का स्थाई साथी है। समय जैसे ठहर जाता है और हर मोड़ पर जिंदगी कहीं खो सी जाती है। बसें जब गुजरती हैं तो जैसे कोई प्राचीन गाथा की प्रतिध्वनि सुनाई देती है, जो हर साल थोड़ी और धुंधली होती जाती है। हर साल सरकार बजट बनाती है, जिनमें पर्वतीय क्षेत्रों का भी जिक्र होता है, लेकिन यह बजट किस खाई में गिरकर खो जाता है, यह सवाल हर पहाड़ी के दिल में कहीं चुपचाप बैठा है। वे अनायास ही इस खोखले आश्वासन को महसूस करते हैं, जैसे कोई बरसात के बाद की कुहासा हो, जो कुछ पल को तो दिखे, लेकिन छूते ही बिखर जाए। ये संकरी सड़कें बस प्रतीक्षारत हैं, जैसे किसी ने उनके हिस्से का इंतजार उन पर थोप दिया हो और बस दुर्घटनाएं हैं, जो उनकी जीवंतता की याद दिलाती हैं।

अस्पताल, जैसे एक ऐसी उम्मीद, जो खुद अपने अस्तित्व को लेकर अनिश्चित है और फिर वही परिचित घटना। कोई हादसा होता है, अधिकारी आते हैं, निरीक्षण करते हैं और कुछ आश्वासनों के कागजों पर हस्ताक्षर करके लौट जाते हैं। ऐसा लगता है जैसे पहाड़ के लोग केवल दुर्घटनाओं का इंतजार करें और उनके दर्द को किसी पुराने इतिहास के धूल भरे पन्नों में दफन कर दिया जाए। लोग कुछ दिनों के शोक में डूबते हैं और फिर इस दुख को कहीं गहरे छिपा लेते हैं। यह मान लिया गया है कि पहाड़ के लोग बस यूं ही जिएं, जैसे जीवन एक लंबा रास्ता हो, जिसमें हर मोड़ पर एक खाई इंतजार कर रही है। पहाड़ों में असुरक्षा एक अनिवार्य सत्य बन गई है। यहां हर दिन लोग इस अनिश्चितता के बीच रहते हैं- भीड़ से भरी बसों का सफर, मोड़ों पर बैरियर का न होना, और अस्पतालों में इलाज की उम्मीद न होना। जैसे यह सब महज घटनाएं नहीं, बल्कि यहां के लोगों के जीवन का स्थायी हिस्सा हैं। शायद यह लोग सोचते हैं कि एक दिन कोई उनकी चीखें सुनेगा, लेकिन तब तक अनगिनत आवाजें इन वादियों में कहीं खो जाती हैं।

यह त्रासदी सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि उन अनकही चीखों का स्वर है, जो इन वादियों में गूंजता है। हर झरने की धारा, हर खाई की गहराई, मानो इस पीड़ा को अपने भीतर समेटे हुए है। यह खामोशियां एक इंतजार हैं कि एक दिन कोई इनकी बात सुनेगा। पर कब? कब तक पहाड़ों के लोग यूं ही खाइयों में गुम होते रहेंगे? कब तक उनकी आवाजें इस सन्नाटे में डूबी रहेंगी? कहते हैं, पहाड़ों में धैर्य होता है- हर शिखर तक पहुंचने का, हर मौसम की मार सहने का। पर क्या यही धैर्य उनकी नियति बन गया है? यह चीखें, जो पहाड़ के सन्नाटे में दबी हैं, क्या हमेशा के लिए मौन ही रहेंगी? यह सिस्टम, यह समाज क्या कभी इन आवाजों को सुन पाएगा या केवल उन्हें इसी दर्द के साथ जीने का हुक्म देगा? हर हादसे के बाद एक उम्मीद जन्म लेती है कि शायद अब कुछ बदलेगा। शायद अब पहाड़ों की तकलीफें सुनी जाएंगी। पर क्या यह एक भ्रम नहीं? क्या यह पर्वतों की ऊंचाइयों में गूंजता एक असंभव प्रश्न है, जिसका उत्तर शायद कभी न मिले?

## सोशल फोरम

# तेजी से बढ़ रहा कैंसर

घोर यातना से गुजर जाना है कैंसर इंस्टीट्यूट में चंद घंटे गुजारना। हर तीसरे चौथे आदमी के चेहरे के हिस्से कटे-पिटे देखना पड़ता है। कच्चे टांके और ताजी उगती खाल, रिसता पस और उधड़ी हुई मुंह के अंदर की सफेद चर्बी के साथ लाल गुलाबी खाल ज्यादातर ने अंगोछे से अपना मुंह ढक रखा है और कुछ ऐसे ही डॉक्टर को दिखाने के लिए बैठे या लेटे हैं।

लखनऊ में कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टिट्यूट के हर कोने आतर में मरीज और उनके तीमारदार इधर उधर बैठे हैं। डॉक्टर रोजाना औसतन सौ सवा सौ की ओपीडी कर रहे हैं। डब्ल्यूएचओ कहता है हर साल करीब एक करोड़ से ज्यादा लोगों की मौत कैंसर से होती है। भारत में कैंसर तेजी से बढ़ रहा है। इंडिया अगेंस्ट कैंसर के मुताबिक भारत में सन 2020 में कैंसर से करीब 8.5 लाख लोगों की मौत हुई। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में छपे एक पेपर में कहा गया है कि अगर लाइफस्टाइल में बदलाव कर लिया जाए तो कैंसर को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। एक हालिया रिसर्च में खुलासा हुआ है कि मुंह के कैंसर के मामले साउथ एशिया में सबसे ज्यादा हैं और इसकी सबसे बड़ी वजह तंबाकू है। इंटरनेशनल कैंसर रिसर्च एजेंसी की स्टडी कहती है कि सन बाइस में कुल 3,89,800 ओरल कैंसर मामलों में से 1,20,200 मामले बिना धुएं वाली तंबाकू से भारत में हुए थे।




सुहेल वहीद अंसारी
उर्दू लेखक

स्टडी में यह भी बताया गया है कि महिलाओं में मुंह के कैंसर के मामलों का सबसे बड़ा कारण सुपारी 30 प्रतिशत और तंबाकू वाले पान मसाले 28 प्रतिशत हैं। इसके बाद गुटखा 21 प्रतिशत और खैनी 21 प्रतिशत का नंबर आता है। पुरुषों में ओरल कैंसर की सबसे बड़ी वजह खैनी 47 प्रतिशत, गुटखा 43 प्रतिशत, तंबाकू वाला पान मसाला 33 प्रतिशत और सुपारी 32 प्रतिशत है। इंस्टीट्यूट में जगह-जगह तंबाकू खाकर न आने के लिए तो लिखा है, लेकिन यह कहीं नहीं लिखा है कि गुटखा न खाएं, जो सबसे ज्यादा तेजी से कैंसर फैला रहा है। पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी की तारीफ करनी ही पड़ेगी, जिन्होंने अपने स्टेट में गुटखे के प्रोडक्शन, कंजम्पशन और बिक्री, तीनों पर कड़ा प्रतिबंध लगाया। कैंसर इंस्टीट्यूट जाकर लगता है कि गुटखा यहां कैंसर की आपदा लाकर ही रहेगा।

-फेसबुक वॉल से

# मीराबाई और प्रेतकल्प आलोचक



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

क्या वह आलोचक कल्पना कर सकता है कि सत्ता के विरुद्ध बगावत करने का अर्थ क्या होता है? मीरा का काव्य किसी आलोचक की संपत्ति नहीं है, वह समस्त लोक की संपदा है और ऐरा गैरा कोई आलोचक नहीं, लोकपरंपरा उसका प्रमाण है।

विमर्श में कंवल भारती का व्याख्यान


मीरा भारत के लोकजीवन और लोकमानस की इतनी और इतनी गहराइयों में व्याप्त है, जितनी गहराइयों में उसका मोल में खरीदा हुआ गिरिधर-गोविंद व्याप्त है-माई मैंने गिरिधर लीयौ मोल! कोई कहै सस्ता कोई कहै महंगा अरी मैंने लियौ तराजू तोल। जब मीरा ने गिरिधर को मोल में ले ही लिया तो फिर मीरा और कृष्ण में भेद ही नहीं रहा। उपास्य और उपासक का भेद मिट गया। दोनों एक रूप-एक रस हो गए। मीरा और कृष्ण एक हो गए-राधा के भी श्याम और मीरा के भी श्याम। भारत के भक्त संगीत में मीरा एक धारा या परंपरा बन चुकी है। मीरा की वाणी भारत के लोकमानस के साथ एक रस हो चुकी है, जहां तक मीरा की साहित्य संपदा की बात है, मीरा की साहित्य संपदा बहुत ही विशाल है।

मीरा की क्रांति चेतना ने राणा को चुनौती दी थी। ऐसी चुनौती कि महात्मा गांधी ने सत्याग्रह दर्शन की चर्चा में मीरा बाई का स्मरण किया था। मीरा की क्रांति चेतना अपनी आन-मरजाद, कुल परंपरा को छोड़ने की घोषणा कर दी। मीरा की विद्रोही चेतना ने निस्संकोच होकर कह दिया था कि संतन ढिंग बैठि बैठि लोकलाज खोई। अथवा लोग कहें मीरा भई रे बाबरी सास कहे घर नासी रे। राणा जी के विरुद्ध विद्रोह की नायिका थी मीरा। जहर का प्याला राणा जी ने भेजा पीबत मीरा नाची रे। सुकरात को भी जहर दिया गया था और मीरा को भी। सुकरात मर गया और मीरा जीवित बच गई, लेकिन सत्य तो दोनों के पास था। उन दिनों वृंदावन में श्री जीवगोस्वामी भक्ति संप्रदाय के बड़े आचार्य थे, मीराबाई जब उनसे मिलने गईं तो उन्होंने कहलवा दिया कि "मैं स्त्रियों से नहीं मिलता।" मीराबाई ने कहने वाले को उत्तर दिया कि "अच्छा, वृंदावन में श्रीकृष्ण के अतिरिक्त भी कोई पुरुष रहता है, यह मुझे आपसे ही ज्ञात हुआ है" और तुरंत चली गईं, जब जीव गोस्वामी के पास मीरा का उत्तर पहुंचा तब वे पहचान सके कि जो स्त्री आई थी, वह तो असाधारण थी। मीरा के दर्शन शास्त्र में पुरुष ही एक हैः ऐसे वर को क्या वरों, जो जन्में और मर जाय।/ ऐसे वर को मैं वरों, जो मेरा चुलड़ा अमर है जाय। मीरा वृंदावन से द्वारका की ओर चल दीं। उस मीराबाई को लेकर कोई आलोचक यह लिखे कि कोई आदमी था गिरिधर जोगी और मीरा उससे सांसारिक प्रेम करती थी तो उस आलोचक को आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के शब्दों में "प्रेतकल्प" ही कहा जा सकता है। क्या वह आलोचक कल्पना कर सकता है कि सत्ता के विरुद्ध बगावत करने का अर्थ क्या होता है? मीरा का काव्य किसी आलोचक की संपत्ति नहीं है, वह समस्त लोक की संपदा है और ऐरा गैरा कोई आलोचक नहीं, लोकपरंपरा उसका प्रमाण है। ध्यान से समझने की बात यह है कि लोकचेतना में मीराबाई का क्या स्वरूप है?

# जगदंबा घर में दियराबारने चली गईं शारदा

जगदंबा घर में दियरा बार अइनी हे, जगतारन घर में दियरा बार अइनी हे। शारदा सिन्हा का यह गीत उनकी पहचान था। शारदा जिज्जी जगदंबा घर में दियराबारने चली गईं। भोजपुरी की ख्यातनाम गायिका शारदा सिन्हा के गीतों के बिना छठ के पर्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती। छठ के घाटों पर उनके गीत न बजें, ऐसा हो ही नहीं सकता। छठ के गीत गाने वालों की कोई कमी नहीं है।

भोजपुरी के गायक भी कम संख्या में नहीं होंगे, लेकिन भोजपुरी माटी के सोंधेपन की जो अनुभूति शारदा जिज्जी के गीतों में मिलती है, वह दुर्लभ है। वह आवाज शांत हो गई। उनके गाए गीतों का संकल हमारे सबके साथ रहेगा और उनकी स्मृतियों को सदैव जीवंत रखेगा। शारदा सिन्हा जीवनभर भोजपुरी की पहचान के लिए कार्य करती रहीं। भोजपुरी गीतों में आए फूहड़पन को वे बिल्कुल पसंद नहीं करती थीं। आज भी भोजपुरी गीतों की मिठास और जीवंतता इसी फूहड़पन के कारण समाज के बड़े वर्ग से दूर है। शारदा जी ने इस रिक्तता को भरा था। उनका स्वर जितना सुरीला और भोजपुरिया लहजे से पूर्ण था, उतना ही शब्दों की मर्यादा, गीतों के मुखड़े-बोल-अर्थ की मर्यादा का उन्होंने ध्यान रखा। इसी कारण उनके सामाजिक-सांस्कृतिक गीतों को आज भी अनेक पारिवारिक कार्यक्रमों में, विभिन्न संस्कारों में संस्कार के गीतों के रूप में गाया जाता है, सुना जाता है। शारदा सिन्हा जी जीवनपर्यंत भोजपुरिया संगीत, साहित्य व संस्कृति के लिए सक्रिय रहीं। इससे बड़ी बात उनकी भारतीयता के प्रति आस्था की है।



डॉ. राहुल मिश्र
मुंबई

आज देश ही नहीं, विदेशों में भी भोजपुरी गीत-संगीत सहित समग्र भारतीय सांस्कृतिक चेतना की सशक्त हस्ताक्षर के रूप में शारदा सिन्हा की जो छवि है, उसे किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। शारदा सिन्हा जी का देहावसान ऐसी रिक्तता दे गया है, जो कभी नहीं भर पाएगी। शारदा सिन्हा जी के गीत न केवल हमारी सांस्कृतिक पहचान को जिलाए रखेंगे, वरन भोजपुरिया गीत-संगीत के भविष्य को एक दिशा भी देते रहेंगे, पथ प्रदर्शन करते रहेंगे।

## सार-संक्षेप

### स्कॉलर गुरुकुल का पीयूष खेलेगा नेशनल


पीयूष चंद।

**खटीमा, अमृत विचार :** पंतनगर में हुई विद्यालयी स्तर खेलकूद प्रतियोगिताओं में स्कॉलर गुरुकुल एकेडमी चकरपुर के छात्र पीयूष चन्द ने गोला फेंक में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। अब वह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ है। पीयूष की सफलता पर प्रबंधक रमेश जोशी और प्रधानाचार्य भावना जोशी सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई दी है।



ग्रामीणों को वाटर कूलर भेंट करते विरवैक के रीजनल मैनेजर वीरेन्द्र कुमार।

### विरवैक ने सीएसआर फंड से लगाया वाटर कूलर

**शांतिपुरी :** शांतिपुरी नंबर दो पंचायत भवन एवं कामधेनु दूध समिति शांतिपुरी के संयुक्त परिसर में देश की जानी मानी दवा कंपनी विरवैक के रीजनल मैनेजर वीरेन्द्र कुमार ने कंपनी के सिएसआर फण्ड से एक वाटर कूलर लगवाया। इस दौरान रीजनल मैनेजर वीरेन्द्र कुमार ने पशु पालकों को कंपनी के विभिन्न उपयोगी उत्पादों के विभिन्न उपयोगों की जानकारी दी। प्रधान चंद्रकला बिशन कोरंगा ने गांव को ठंडा प्याऊ देने के लिए कंपनी का आभार जताया। इस दौरान रामसिंह कोरंगा, त्रिलोक सिंह कोरंगा, रतन सिंह दानू, विरवैक के एरिया मैनेजर समय कुमार, जगू कार्की, मोहन प्रसाद, रमेश लोहनी, हयात सिंह कोरंगा आदि मौजूद रहे।


खटीमा में मांगों को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते महाविद्यालय के छात्र छात्राएं।

### छात्रों ने यूजी, पीजी फार्म के सत्यापन की मांग उठाई

**खटीमा :** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य डॉ. गुरेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपकर कर स्नातक व स्नातकोत्तर के परीक्षा फार्म जल्द सत्यापन करने तथा गलत विषय के चयन को ठीक करने की मांग की। प्राचार्य सिंह को सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि स्नातक तथा स्नातकोत्तर परीक्षा के फॉर्म अभी तक सत्यापित नहीं किए गए हैं। यह भी कहा है कि परीक्षा फॉर्म भरते समय जो विषय उनके द्वारा चुने गए थे वह विषय उन्हें न देकर दूसरे विषय दिए गए हैं। जिससे छात्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन देने वालों में दीपक मुंड़ेला, चांद अंसारी, पवन कुमार, सिमरन राणा, प्रियांशु यादव, प्रियांशु सोनकर, दीपेश, सुमित, अभय, मेघना गुप्ता, विदुषी कापड़ी, सहबाज़, आकांशा आदि मौजूद रहे।

### आढ़त के फड़ से दो क्विंटल उड़द चोरी

**बाजपुर :** कृषि उत्पादन मंडी समिति में आढ़त के फड़ से तीन कट्टे उड़द (करीब दो क्विंटल) चोरी हो गए। पीड़ित आढ़ती ने कोतवाली में अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दी है। वहीं पुलिस आढ़त व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की तलाश कर रही है। रामराज रोड निवासी जयराम सिंघल ने पुलिस को बताया कि कृषि उत्पादन मंडी समिति की दुकान में उनकी केदारनाथ सुनील कुमार के नाम से आढ़त है। चार नवंबर की रात आढ़त के बाहर फड़ से उड़द का एक कट्टा और पांच नवंबर की रात को दो कट्टे चोरी हो गए जिससे उन्हें करीब 20 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

### मूंज घास पर आधारित दो माह का प्रशिक्षण शुरू

**खटीमा :** जिला उद्योग केन्द्र द्वारा ग्राम बानूसा में थारू बुक्सा प्रोत्साहन योजना के तहत दो माह का मूंज घास पर आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला उद्योग केन्द्र के क्षेत्रीय प्रभारी भीम सिंह ने किया। शुभारंभ अवसर पर क्षेत्रीय प्रभारी सिंह ने बताया कि दो माह की अवधि में 20 महिलाओं का चयन किया गया है। जो विभिन्न प्रकार की टोकरियां, रोटी के डिब्बे, फूलदान, टिकोस्टर, प्लेट कोस्टर आदि सामान तैयार कर सकें।

### देवभूमि फाउंडेशन ने लगाया रक्तदान शिविर

**किच्छा :** देवभूमि फाउंडेशन के तत्वावधान में निशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। स्वर्गीय योगेश मिश्रा की 13वीं पुण्यतिथि पर देवभूमि फाउंडेशन के बैनर तले रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस मौके पर तमाम लोगों ने स्व0 योगेश मिश्रा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। देवभूमि फाउंडेशन के अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्रा ने बताया कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता।

### जयवीन व नैंसी चित्रकला प्रतियोगिता के लिए चयनित


जयवीन और नैंसी के साथ प्रबंधिका सुरेंद्र कौर।

**खटीमा :** ऊर्जा दक्षता ब्यूरो विद्युत मंत्रालय द्वारा आयोजित जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में जयवीन कौर और सीनियर वर्ग में नैंसी गुप्ता ने जीत हासिल करते हुए राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया है। जयवीन और नैंसी गुप्ता 13 नवंबर को रसमंजरी हाल टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ऋषिकेश में प्रतिभाग करेंगी। उनकी सफलता पर प्रबंधिका सुरेंद्र कौर, प्रधानाचार्य आरिज अल्वी, उप प्रधानाचार्य एचसी पंत, आरपी पंत मौजूद रहे।


बाजपुर नगर में प्रभातफेरी निकालती संगत। ● अमृत विचार

# सतगुरु नानक प्रगट्या, मिटी धुंध...

## प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व को लेकर निकाली प्रभात फेरी

संवाददाता, बाजपुर

**आस्था**
- संजय कॉलोनी में गुरुवाणी गायन व अरदास की गई
- प्रभात फेरी का क्रम 14 नवंबर तक चलेगा

**अमृत विचार :** खालसा पंथ के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व को समर्पित प्रभात फेरी का क्रम दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रहा।

इसमें प्रातः 4:30 बजे अरदास के बाद संगत ने नगर में प्रभात फेरी निकाली, जो मोहल्ला संजय कॉलोनी निवासी मंदीप सिंह-जगतार सिंह के निवास पर पहुंची, जहां कुछ देर गुरुवाणी गायन व अरदास के उपरांत पुनः गुरुद्वारा साहिब में आकर समाप्त हुई। इस दौरान सतगुरु नानक प्रगट्या, मिटी धुंध जग चानन होया, तारे छिपे अंधेर पिलोआ... आदि के माध्यम से शबद गायन किया गया। गुरुद्वारा सिंह सभा के तत्वावधान में शुरु हुई प्रभात फेरी का क्रम 14 नवंबर तक चलेगा, जो प्रतिदिन लोगों के घरों में कीर्तन के बाद गुरुद्वारा साहिब में प्रातः छह बजे समाप्त होगी। गुरुद्वारा साहिब के प्रबंधक बलविंदर सिंह ने अवगत कराया कि श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की सभी तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई हैं। 13 नवंबर को श्री अखंड पाठ साहिब के पाठ प्रातः 9 बजे से प्रारंभ किए जाएंगे तथा 15 नवंबर को अखंड पाठ के भोग के उपरांत गुरु रामदास दीवान हाल में समागम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह प्रकाश पर्व मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। ऐसे में मानव जीवन सफल करने के लिए समूह संगत को बड़ी संख्या में समागम में प्रतिभाग करना चाहिए। उन्होंने प्रभात फेरी में भाग लेने की संगत से अपील की है। इस मौके पर बाज सिंह, छतरपाल सिंह, करतार सिंह, नंदलाल कंबोज, सुखदेव सिंह, रंजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# बाहरी लोगों का सत्यापन करना बहुत जरूरी: शर्मा

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार :** शांतिपुरी नंबर दो पंचायत भवन में देर शाम मंगलवार को पंतनगर थानाध्यक्ष सुंदरम शर्मा ने ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध नशाखोरी व बढ़ती चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए बाहरी लोगों के सत्यापन की बात उन्होंने ग्रामीणों व पुलिस के मध्य आयोजित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों की संयुक्त सद्भावना बैठक में कही।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की मित्र पुलिस अवैध नशाखोरी, महिला अपराध, ट्रैफिक रूल्स एवं बाहरी लोगों के सत्यापन पर विशेष फोकस कर रही है। उन्होंने जनहित में इस अभियान को सफल बनाने के लिए जनता से विशेष सहयोग की अपील की। थानाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि उत्तराखंड सरकार का लक्ष्य प्रदेश को नशा मुक्त बनाने का है। जिस पर पुलिस गंभीरता से काम कर रही है। उन्होंने लोगों को साइबर क्राइम से बचने के लिए सावधान रहने तथा अपने सेल फोन के सुरक्षित उपयोग एवं बैंक डिटेल को अनावश्यक रूप से किसी को भी साझा न करने की हिदायत दी है। उन्होंने सड़क दुर्घटना में लोगों के जोखिम को कम करने के लिए आवारा पशुओं को न छोड़ने के लिए लोगों को जागरूक करने तथा दो पहिया वाहनों में हेलमेट की अनिवार्यता को फॉलो करने की अपील की। बैठक में प्रधान चंद्रकला विशन कोरंगा, प्रधान विमला कैलाश जोशी, सेवानिवृत्ति एलआईयू अधिकारी त्रिलोक सिंह रावत, डॉ. बीडी जोशी, नारायण सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।



शांतिपुरी में सद्भावना बैठक को संबोधित करते थानाध्यक्ष सुंदरम शर्मा।

# तनिष्क बने हेड ब्वॉय और कशिश हेड गर्ल

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** सोर वैली पब्लिक स्कूल में विद्यार्थी परिषद् का गठन किया गया। इसमें तनिष्क राणा की हेड ब्वॉय और कशिश चंद को हेड गर्ल चुना गया। बाद में कैबिनेट को शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अलक्ष्या पब्लिक स्कूल के प्रबंधक विनोद बोहरा, गीता ठकुराठी, चेयरमैन बसंत जोशी, प्रबंधक गणेश ठकुराठी ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में तनिष्क राणा के हेड बॉय और कशिश चंद के हेड गर्ल के साथ ही चारों सदनों प्रगति हाउस, शक्ति हाउस, कीर्ति हाउस आर स्मृति हाउस के क्रमशः करन बोहरा, पावनी राना, सपना बिष्ट और कुलसुम फ़ातिमा को कैप्टन चुना गया। प्रधानाचार्या ममता धौनी ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। संचालिका शालू गौरव ने वर्तमान सत्र के सर्वोत्तम तीन कक्षाओं की घोषणा करते हुए उनके कक्षा अध्यापकों को सम्मानित किया गया। एकेडमिक डायरेक्टर नीरज गंगवार, रीतिका चंद, सरस्वती भट्ट, निर्मला विश्वकर्मा, मीना रजवार, बबीता धामी आदि मौजूद रहे।

## मनीषा ने सिल्वर मेडल पाया


मनीषा सुंदरियाल।

**काशीपुर :** वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय देहरादून द्वारा घोषित एमबीए फाइनल सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में श्रीराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी की छात्रा मनीषा सुंदरियाल ने यूनिवर्सिटी में द्वितीय स्थान हासिल कर सिल्वर मेडल पाया है। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार, निदेशक प्रो. डॉ. योग राज सिंह, प्राचार्य डॉ. एसएस कुशवाहा, डॉ. शोभित त्रिपाठी समेत कई लोग मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली खेत में जा घुसी, चार घायल

**बाजपुर :** बाइक सवार को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे खेत में जा घुसी। हादसे में तीन महिलाओं समेत चार लोगों के चोटें आई हैं। बुधवार की प्रातः ग्राम खुशालपुर निवासी ओमप्रकाश (50) ट्रैक्टर-ट्रॉली में ग्राम सिहाली से कुछ श्रमिकों को लेकर जा रहा था। बताया जाता है कि इसी बीच ग्राम रेंहटा के नजदीक बाइक सवार को बचाने चक्कर में चालक नियंत्रण खो बैठा और ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे खेत में जा घुसी। हादसे में चालक ओमप्रकाश के साथ ही ग्राम सिहाली निवासी जैनो देवी (35) पत्नी सुखदेव सिंह, नरैनो देवी (45) पत्नी रोशन सिंह व आशा (20) पत्नी सत्यदेव घायल हो गई। सभी को से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।


रूद्रपुर में पत्रकारों से वार्ता करते पूर्व विधायक ठुकराल। ● अमृत विचार

### राज्य स्थापना की पूर्व संध्या पर होगा विराट कवि सम्मेलन

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि आठ नवंबर को अमर शहीदों एवं महापुरुषों की स्मृति में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन जनता इंटर कॉलेज प्रांगण में हो रहा है। इसकी सारी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। बुधवार को प्रेसवार्ता में पूर्व विधायक ठुकराल ने बताया कि नौ नवंबर को राज्य स्थापना दिवस है। स्थापना दिवस की पूर्व संध्या यानी आठ नवंबर को राष्ट्रीय चेतना मंच के अध्यक्ष संजय ठुकराल द्वारा विराट कवि सम्मेलन कराया जा रहा है। जिसमें देश के प्रख्यात कवि सुरेश शर्मा, अरुण जैमिनी, गजेंद्र सोलंकी, वीरांगना कविता तिवारी, गौरी मिश्रा, सुदीप भोला और शशिकांत यादव अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे।

### हाउस टैक्स की अवधि बढ़ाने पर जताया आभार

**काशीपुर :** भाजपा नेता दीपक बाली ने नगर निगम द्वारा लिए जा रहे हाउस टैक्स की अवधि बढ़ाए जाने व पेनाल्टी समाप्त करने पर प्रशासन का आभार जताया है। साथ ही लोगों से समय से हाउस टैक्स जमा करने की अपील की है। बुधवार को भाजपा नेता दीपक बाली ने बताया कि दीपावली अवकाश के चलते कई लोग निर्धारित अवधि में अपना हाउस टैक्स जमा नहीं कर पाए थे। बताया कि चार नवंबर को पालिका कार्यालय खुलने पर जब लोगों ने अपना हाउस टैक्स जमा कराया तो उनसे 20 फीसदी पेनल्टी वसूल की गई। बताया कि उन्होंने प्रशासन से हाउस टैक्स जमा करने की अवधि बढ़ाने व पेनल्टी को हटाए जाने की मांग की थी।


### किच्छा चीनी मिल में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**किच्छा :** राज्य स्थापना दिवस के दृष्टिगत किच्छा शुगर कंपनी के अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मर्तोलिया के नेतृत्व में चीनी मिल प्रशासन द्वारा प्रशासनिक भवन एवं अतिथि गृह परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रशासनिक भवन एवं अतिथि गृह तथा उसके आसपास क्षेत्र में लगी झाड़ियां एवं गंदगी को साफ किया गया। मिल प्रशासन के अनुसार उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर यह अभियान चलाया जा रहा है।

### वर्ग पहेली-244

**बाएं से दाएं**
2. सबसे छोटी उंगली, कनिष्ठिका, कनिष्ठा, कानी उंगली।
4. 1. राशि, ढेर 2. वह स्थान जहां जलाने की लकड़ी बिकती हो, टाल।
5. 1. वह जिसने जंभाई ली हो 2. प्रसारित 3. प्रस्फुटित 4. चेष्टित।
8. सम्मन तामील करने वाला कर्मचारी या चपरासी।

**ऊपर से नीचे**
1. 1. किसी वस्तु, जैसे- कंकड़, धूल आदि का बहुत छोटा टुकड़ा या कण 2. अप्रिय अनुभव, हेठी, अपमान।
3. भारत के दक्षिण-पश्चिम में स्थित एक राज्य।
4. 1. किसी के पास जाना, पहुंच 2. प्रवेश।
6. 1. घरेलू काम-काज तथा सेवा करने वाली नौकरानी, बाई 2. ग्वालिन नामक पक्षी।
7. यूरोपीय संघ के सत्ताईस में से सोलह राष्ट्रों की आधिकारिक मुद्रा।




**वर्ग पहेली -243 का हल**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | क | थ | | | 2 कृ |
| व | | | 3 पै | | पा |
| 4 डे | ढ़ी | | 5 गं | धा | लु |
| र | | | ब | | |
| | 6 झिं | गा | र | 7 ना | |
| 8 पू | | | | जु | |
| ती | | 9 रे | खां | क | न |

### सुडोकू -157

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 5 | | 9 | | 8 | 6 | |
| | 9 | | 5 | | | 1 | | |
| | 7 | | 2 | | | | | |
| | 8 | | 4 | 1 | | 9 | | 3 |
| 5 | | | | | | | | 8 |
| 9 | | 2 | | 6 | 5 | | 4 | |
| | | | | | 4 | | 1 | |
| | | 3 | | | 7 | | 8 | |
| | 6 | 8 | | 5 | | 2 | 9 | |


**सुडोकू - 156 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 4 | 2 | 8 | 7 | 9 | 5 | 1 |
| 8 | 9 | 7 | 6 | 5 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 2 | 1 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 8 | 6 |
| 1 | 8 | 6 | 4 | 9 | 3 | 2 | 7 | 5 |
| 5 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 | 4 | 6 | 3 |
| 7 | 4 | 3 | 5 | 2 | 6 | 1 | 9 | 8 |
| 4 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 3 | 1 | 8 | 7 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 5 | 8 | 3 | 4 | 2 | 6 | 1 | 7 |

### आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 नवंबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 8 नवंबर 00.34 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-हेमंत।
चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 11.47 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष** — आज नई तकनीक के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा। आपको दूसरों की मदद करने के कारण लोकप्रिय रहेंगे। साधु प्रवृत्ति के लोगों के साथ आपका संपर्क मजबूत होगा। दांपत्य जीवन का असंतोष भी आप संवाद के बल पर दूर कर सकते हैं।

**वृष** — आज दवाइयों पर धन खर्च हो सकता है। घर और कार्यक्षेत्र आवश्यक वस्तुओं की कमी के कारण आप क्रोधित हो सकते हैं। नए प्रेम संबंधों को लेकर सावधान रहें। पाचन शक्ति कमजोर होने के कारण दस्त और उल्टी जैसी समस्या हो सकती है।

**मिथुन** — आज नव विवाहित जोड़े परिवार आगे बढ़ाने के फैमिली प्लानिंग करने का विचार बना सकते हैं। जॉब व व्यवसाय में अपने लक्ष्यों को समय पूर्व ही निपटा लेंगे। आपको एक बड़ा पद सौंपा जा सकता है। ससुराल पक्ष से शुभ सूचना मिल सकती है।

**कर्क** — आज नौकरीपेशा लोगों को सहकर्मियों के व्यवहार से परेशानी होगी। अपने लक्ष्य के प्रति आप एकाग्र रहेंगे। व्यापार में अचानक धन लाभ हो सकता है। आपके मस्तिष्क में कुछ बेहतरीन रचनात्मक विचार आएंगे। इसका प्रयोग आप नए स्टार्टअप के लिए भी कर सकते हैं।

**सिंह** — आज का पूरा दिन आत्मविश्वास से भरपूर रहेगा। विवादित मामलों पर समझौता हो सकता है। आप लोगों के बीच आपकी लोकप्रिय रहेंगे। प्रशासन से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**कन्या** — आज पुरानी उलझनों को लेकर आप थोड़े परेशान हो सकते हैं। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। घर के बुजुर्ग आपसे प्रसन्न रहेंगे। प्रेमीजन के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। ऑफिस में काम ज्यादा न होने के बाद भी आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

**तुला** — आज कार्यक्षेत्र में आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। दृढ़ निश्चय के दम पर आप कोई बड़ा काम कर सकते हैं। परिजनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। आपके सामाजिक दायरे में वृद्धि होगी। बहुमूल्य वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज लोन से जुड़े मामले उलझने की आशंका है। कब्ज के रोगियों को परेशानी होगी। बेवजह के मुद्दों पर आप घिर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अधिकारी वर्ग के लोग आपसे प्रसन्न रहेंगे। फाइनेंस से जुड़े कार्यों में देरी हो सकती है।

**धनु** — आज कारोबार में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा। अनावश्यक खर्चों में नियंत्रण पाने में सफल रहेंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। दांपत्य जीवन बेहद सुखद रहेगा। आप परिजनों के साथ बेहतरीन समय बिताएंगे।

**मकर** — आज पुराने रोग दोबारा उभर सकते हैं। शाम के समय आप दिखावे में धन खर्च करेंगे। विदेशी स्रोतों से धन लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। समस्याओं को लेकर आप लापरवाह हो सकते हैं। अति उत्साह के कारण आपके काम बिगड़ने की आशंका है।

**कुंभ** — आज पैतृक कारोबार में आपको बड़ा लाभ मिल सकता है। आपके द्वारा बनाई हुई योजना सफल होगी। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बेहतरीन अवसर प्राप्त होने की संभावना है। आप अपने घर में किसी उत्सव का आयोजन कर सकते हैं।

**मीन** — आज नए कार्य की योजना बनाने के लिए दिन शुभ है। व्यापार में पार्टनरशिप करने के मौके मिलेंगे। जीवनसाथी के प्रति आपके मन में सम्मान भाव बढ़ेगा। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल सकती है।

### आज की फिल्में

B4U MOVIES
हिरासत — सुबह : 08.17
मि. नटवरलाल — शाम : 06.23

&pictures
एक विवाह ऐसा भी — सुबह : 11.07
कोई...मिल गया — रात : 08.00

SONY PIX
इट चैप्टर 2 — सुबह : 10.31
2012 — रात : 09.00

ZEE CINEMA
बिजनेसमैन 2 — सुबह : 10.08
खिचड़ी 2 — रात : 08.00

ZEE ACTION
फूल और अंगार — सुबह : 10.49
जलजला — रात : 07.30

**आज की सुपरहिट फिल्म**



एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

पुलिस- हम पुलिस वाले हैं, दरवाजा खोलो।
चिंटू- क्या काम है?
पुलिस- बात करनी है।
चिंटू- कितने लोग हो?
पुलिस- चार लोग हैं।
चिंटू- तो फिर मेरा क्या काम है, आपस में बात कर लो।

चेन स्नैचिंग वाले महिला के गले से हार खींच कर ले गए।
अगले दिन महिला बहुत ज्यादा दुखी हुई। हार के लिए नहीं, अखबार वालों ने छाप दिया- वृद्ध महिला के गले से हार छीन भागे चेन स्नैचर।

## सार-संक्षेप



गदरपुर में मृतकों को श्रद्धांजलि देते भारतीय बजरंग दल के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### अल्मोड़ा दुर्घटना में मृतकों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**गदरपुर :** भारतीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने अल्मोड़ा में हुई सड़क दुर्घटना को लेकर कैंडल मार्च निकाला। कार्यकर्ताओं ने हाथों में मामबत्तियां लेकर मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की। उन्होंने सरकार से दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार महाजन, जिला अध्यक्ष डॉक्टर पुष्पेंद्र कश्यप, हरचरण चना, विवेक शर्मा, सचिन बठला, गौरव भारती, अमरीक सिंह, विवेक कश्यप, अनिल भारती आदि मौजूद रहे।





दिव्यांग जन कल्याण समिति की अध्यक्ष आलोका ढाली का स्वागत करते सदस्य।

### आलोका ढाली चुनी गईं दिव्यांगजन कल्याण समिति की अध्यक्ष

**दिनेशपुर :** दिव्यांग जनकल्याण समिति के सदस्यों ने पुरानी समिति को भंग कर सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया। सर्वसहमति से आलोका ढाली को नया अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा विमल बढ़ई, अंजू मलिक, प्रभास घोष को उपाध्यक्ष, तपन विश्वास सचिन, सरोज दास उपसचिव, बाबूराम सरकार कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत गया। बुधवार को दिव्यांग जन कल्याण समिति के सदस्यों ने बैठक कर निवर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया। सदस्यों का आरोप था कि विगत पांच वर्षों से निवर्तमान अध्यक्ष जतिन राय ने समिति के रजिस्ट्रेशन का नवीनीकरण नहीं कराया है। निवर्तमान अध्यक्ष समिति का कार्य निष्क्रियता से कर रहे हैं, समय से मासिक बैठक न करने से नाराज समिति के सदस्यों ने पुरानी समिति भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया। बैठक में राकेश विश्वास, बादल विश्वास, अशोक बाठला, पूजा मौर्य,दुर्गा मंडल, गगनदीप सिंह चौहान, दीपिका मंडल, माधुरी सरकार, सुष्मिता बैरागी, ध्रुव सरकार, करन मालाकार आदि मौजूद रहे।



चाइल्ड सेक्रेड स्कूल में कविता लेखन में प्रतिभाग करते बच्चे। ● अमृत विचार

### बच्चों ने सीखी कविता लेखन की बारीकियां

**पंतनगर :** किताब कौतिक आयोजन समिति व क्रिएटिव उत्तराखंड की ओर से पंतनगर में किताब कौतिक का पहला चरण प्रारंभ हो गया है। इसके तहत चाइल्ड सेक्रेड सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिंदुखत्ता में आयोजित बाल लेखन कार्यशाला में आज समीपवर्ती चार स्कूलों के लगभग पांच दर्जन बच्चों ने कविता लेखन की बारीकियां सीखीं। कार्यशाला का उद्घाटन हरिद्वार से आए साहित्यकार व प्रख्यात रंगकर्मी प्रकाशचंद्र पांडे ने किया। एमडी सुनीता पांडे ने सभी का स्वागत किया। प्रधानाचार्य एलएम कांडपाल ने कार्यशाला के बारे में जानकारी दी। बाल प्रहरी के संपादक एवं बालसाहित्य संस्थान अल्मोड़ा के सचिव उदय किरौला ने बताया कि कार्यशाला में प्रत्येक बच्चे की हस्तलिखित पुस्तक तैयार की जाएगी। संयोजक हेम पंत ने बताया किताब कौतिक में जहां देश विदेश के प्रमुख साहित्यकारों व लेखकों की पुस्तकें होंगी, वहीं कार्यशाला में प्रतिभाग कर रहे स्थानीय बच्चों की पुस्तकों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि कुछ तकनीकी कारणों से किताब कौतिक का आयोजन सैम मानेकशॉ ग्लोबल स्कूल जवाहरनगर में 8, 9 व 10 नवंबर को होगा। नाम लेखन, शब्द लेखन व पहाड़ा लेखन प्रतियोगिता में गोविंदी आर्या, मानसी रावत, दीक्षा मेहरा, काव्या मेवाड़ी, विवेक, हर्षित आदि बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस दौरान कविता आर्या, मनीषा, दीपा रौतेला व काजल बिष्ट आदि मौजूद थे।

### कूड़ा जलाने व गोबर बहाने पर 14 लोगों का चालान

**काशीपुर :** सार्वजनिक स्थल पर कूड़ा जलाने और नाली में गोबर बहाने पर 14 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। निगम कर्मियों ने उनसे 3600 रुपये का जुर्माना वसूला और बकाया राशि चुकता न करने पर आरोपियों को नोटिस जारी किए। नगर निगम आयुक्त विवेक राय के निर्देश पर बुधवार को एसएनए संजय कापड़ी, सफाई लिपिक मोहम्मद सलीम, सुमित सौदा आदि ने बाजपुर रोड पर अभियान चलाया। इस दौरान सड़क पर कूड़ा जलाने और नालियों में गोबर डालने पर 14 दुकानदारों का चालान काटा गया। व्यापारियों से 3600 रुपये का जुर्माना वसूला गया और 10,500 रुपये जुर्माना नहीं देने पर अन्य लोगों को नोटिस जारी किए गए। नगर आयुक्त विवेक राय ने छठ पूजा के दौरान महादेव नहर पर घाटों की साफ सफाई रखने के भी निर्देश दिए।



पंतनगर इंटर कॉलेज के शिक्षकों के साथ माध्यमिक संघ के अध्यक्ष स्वतंत्र यादव।

### शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष को बताईं समस्याएं

**पंतनगर :** पंतनगर इंटर कॉलेज में बुधवार को माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा, जिला अध्यक्ष अजय शंकर कौशिक व मनोज शर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें सभी अध्यापकों ने अपनी समस्याएं अध्यक्ष के सामने रखीं। जिनमें विद्यालय के प्रांतीयकरण, तदर्थ शिक्षक का विनियमितीकरण, 2009 में नियुक्त शिक्षक के चयन वेतनमान, 2006 में नियुक्त शिक्षक के एनपीएस व अद्यतन कार्यरत पीटीआई शिक्षक को मानदेय श्रेणी में शामिल करने पर चर्चा हुई। अध्यक्ष ने सभी शिक्षकों को आशवस्त किया कि इनमें से कुछ समस्याओं का हल हो चुका है, कुछ पर शासन में वार्ता हो चुकी है। जल्द ही इन सभी समस्याओं का निदान हो जाएगा। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य नंदकिशोर आर्य, सुनीता माहेश्वरी, संतोष कुमार जोशी, प्रमोद कुमार गंगवार, गणेश चंद मंडल, अशोक कुमार बिष्ट, सरोज बाला, पुष्पा गौतम, अनुपम राजपूत, ओमशंकर मिश्र आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### छतरपुर से किशोरी लापता, गुमशुदगी दर्ज

**पंतनगर :** छतरपुर कॉलोनी निवासी एक युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री बीती चार नवंबर को सुबह लगभग 10 बजे घर से कहीं चली गई। जिसने पीला, गुलाबी सलवार सूट पहना है। उसका रंग सांवला व कद लगभग चार फुट 10 इंच है। एसएचओ पंतनगर सुंदरम शर्मा ने बताया कि मामले में गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है।

# राज्य स्तरीय एथलेटिक्स में रुद्रप्रयाग-दून के खिलाड़ी छाए

## शॉटपुट में यूएस नगर के पीयूष अव्वल, 3000 मीटर दौड़ में दून के मयंक व आदर्श अव्वल, बालिका में रुद्रप्रयाग की तैयमी व रश्मि जीतीं

संवाददाता पंतनगर

**अमृत विचार:** राज्य स्तरीय विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का बुधवार को स्टीवेंसन स्टेडियम में आगाज हो गया। तीन दिनी इन प्रतियोगिताओं में देर से पहुंचे मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने रिले दौड़ को हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया। संचालन हरीश दनाई, संजीव बुधौरी व धीरज पांडे ने किया। इन प्रतियोगिताओं में उत्तराखंड के 13 जिलों सहित देहरादून स्पोर्ट्स कॉलेज की टीम के लगभग 1700 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।

जीबी पंत कृषि विवि परिसर के स्टीवेंसन स्टेडियम में माध्यमिक स्कूल की एथलेटिक प्रतियोगिताओं के मुकाबले बुधवार से शुरू हो गए। बुधवार को इन मुकाबलों में अंडर-19 के बालक वर्ग में देहरादून के मंयक व अंडर-17 में भी देहरादून के आदर्श ने जीती। जबकि बालिका वर्ग के अंडर-19 में तैयमी व अंडर-17 में रश्मि पहले स्थान पर रहीं। इसके अलावा शॉटपुट में बालक वर्ग की अंडर-19 में यूएस नगर के पीयूष चंद ने पहला स्थान हासिल किया। साथ ही लॉग जंप में हरिद्वार के दीपांशु अव्वल रहे। अंडर-19 बालक वर्ग की तीन हजार मीटर दौड में स्पोटर्स कॉलेज देहरादून के मंयक राठौर ने पहले, देहरादून के ही अभय कुमार त्यागी ने दूसरा



लंबी कूद में दमखम दिखाता खिलाड़ीं। ● अमृत विचार

तथा रितुल परिहार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-17में स्पोटर्स कॉलेज देहरादून के आदर्श यादव ने पहला, यूएस नगर के पुष्कर चन्द्रा ने दूसरा तथा अल्मोड़ा के भाष्कर हर्बोला ने तीसरा, अंडर-19 बालिका वर्ग में रूद्रप्रयाग की तैयमी ने पहला, चंपावत की सोनी बोरा ने दूसरा तथा पिथोरागढ़ ने मोनिका जोशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 में रूद्रप्रयाग की रश्मि ने पहला, चंपावत की उषा भंडारी ने दूसरा तथा पिथोरागढ़ कन आरती जोशी ने तीसरा स्थान हासिल किया। बालक वर्ग के अंडर-19 में हरिद्वार के दीपांशु ने पहला, टिहरी के अंकित कुमार ने दूसरा तथा हरिद्वार के नीरज कुमार ने तीसरा, अंडर-19 के बालक वर्ग के शॉटपुट में यूएस नगर के पीयूष चंद ने पहला, पिथोरागढ़ के भारत धामी ने दूसरा तथा चंपावत के अनुज मेहर ने तीसरा स्थान हासिल किया। साथ ही बालिका वर्ग की अंडर-14 के 100मीटर में उत्तरकाशी की प्राची ने सबसे तेज दौड लगाकर पहला, चमोली की आरूषी ने दूसरा तथा पौड़ी की आरूषी ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-17 बालिका वर्ग की 100मीटर दौड़ में रूद्रप्रयाग की कीर्ति रावत ने पहला, पिथोरागढ़ की नेहा धामी ने दूसरा तथा रूद्रप्रयाग की सलोनी ने तीसरा, अंडर-19 बालिका में 100मीटर दौड़ में चमोली की हंसिका ने पहला, टिहरी की अधिकक्षा ने दूसरा तथा चमोली की महक ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-14 बालक वर्ग की 100मीटर दौड़ में स्पोटर्स कॉलेज देहरादून के हर्ष नौटियाल ने पहला, पौड़ी के कृष्णा ने दूसरा तथा स्पोटर्स कॉलेज देहरादून के समर्थ कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-17 बालक वर्ग के 100मीटर में यूएस नगर के अभय गोदियाल ने पहला, उत्तरकाशी के आकाश व देहरादून के अमर सिंह ने क्रमशः दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 के बालक वर्ग के 100मीटर में स्पोटर्स कॉलेज देहरादून के कार्तिक धामी, देहरादून के सुजल व अल्मोड़ा के नमन कायदा ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इसके अलावा अंडर-17 बालक वर्ग की 800मीटर दौड में स्पोटर्स कॉलेज देहरादून के सूरज सिंह, हरिद्वार के नितिन कुमार तथा यूएस नगर के धीरज सिंह बिष्ट ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-19 बालक वर्ग में अल्मोड़ा के भूपेन्द्र सिंह नेगी पहले, स्पोटर्स कॉलेज देहरादून के अंनत देव चैधरी दूसरे तथा हरिद्वार के देवराज सिंह तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-17 शॉटपुट में बालक वर्ग में रूद्रप्रयाग के आदित्य ने पहला, अल्मोड़ा के गौरव बिष्ट दूसरा तथा यूएस नगर के अक्षय को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। अंडर-19 बालक वर्ग के डिस्कस थ्रो में अल्मोड़ा के अर्जुन राम, नैनीताल के स्वामी आयुष तथा देहरादून के मो. साहिब क्रमशः पहले, दूसरे तथा तीसरा स्थान पर रहे। इसके अलावा अंडर-17 बालक वर्ग के लांग जंप में स्पोटर्स कॉलेज देहरादून के तरून आर्य, हरिद्वार के कार्तिक कुमार तथा रूद्रप्रयाग के कुनाल क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे।



प्रतियोगिताओं के शुभारंभ पर मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

### प्रतियोगिताओं के शुभारंभ पर ये लोग रहे मौजूद

**पंतनगर :** प्रतियोगिताओं के शुभारंभ पर विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार, रुद्रपुर के निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष सुरेश परिहार, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा विवेक सक्सेना, मुख्य शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह रावत, जिला शिक्षा अधिकारी हरेंद्र कुमार मिश्रा, खंड शिक्षा अधिकारी रुद्रपुर सावेद आलम, प्रधानाचार्य जीजीआईसी पंतनगर शाइस्ता जमाल, खंड शिक्षा अधिकारी रवि मेहता, जिला खेल समन्वयक लक्ष्मण सिंह टाकुली, राजेंद्र भाकुनी, डीके सिंह, मोहन उपाध्याय, आमोद सक्सेना, माधवेंद्र कुमार सारस्वत, बालमुकुंद तिवारी, राजकुमार चैधरी, जगदीश सिंह बिष्ट, डॉ. गोकुल सिंह मर्तोलिया, सत्येंद्र यादव, सीताराम कछारी व धीरेंद्र कुमार साहू आदि मौजूद रहे।

# नहीं दिया दहेज तो बहू का कर दिया खाना-पानी बंद

संवाददाता,रूद्रपुर

**उत्पीड़न**

- चार लाख रुपये व आल्टो कार की डिमांड
- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच

**अमृत विचार:**-दरिया नगर की विवाहिता ने जब दहेज नहीं देने पर असमर्थता जताई, तो ससुरालियों ने बहू को खाना-पानी देना बंद कर दिया और शारीरिक व मानसिक यातनाएं दीं। पुलिस ने दहेज प्रताड़ना की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

दरियानगर निवासी राधा साहनी ने बताया कि 17 जनवरी 2021 को उसकी शादी ग्राम कथूरा गोहाना सोनीपत हरियाणा निवासी विजय उर्फ मोनू गोयल के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ विवाह हुआ था। शादी में मायके वालों ने हैसियत के अनुसार स्त्री धन भी दिया। शादी के बाद वह हरियाणा जाकर दांपत्य जीवन का निर्वहन करने लगी। कुछ समय बाद ही पति के अलावा सास विमला गोयल,ससुर रमेश गोयल,ननद मोनिका गोयल चार लाख नगद व एक आल्टो कार की डिमांड करने लगे। जब उसने असमर्थता जताई तो उसका खाना देना बंद कर दिया। आरोप था कि गर्भावस्था में भी ससुरालियों ने उसे मायके छोड़ दिया और दहेज नहीं देने पर दूसरी शादी करने की धमकी दी। कई बार पंचायत के माध्यम से पटाक्षेप की कोशिश भी नाकाम रही। 22 जुलाई 2024 को समझौता वार्ता के दौरान हाथापाई की गई और सारे जेवरात भी छीन लिए। मामले की शिकायत महिला हेल्प लाइन पुलिस में की। कई बार काउंसलिंग भी हुई,लेकिन दहेज का लालच नहीं छोड़ा।

### कॉलेज में आपत्तिजनक सामग्री मिली, हड़कंप

**काशीपुर।** राधेहरि डिग्री कॉलेज में आपत्तिजनक सामग्री मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे प्राचार्य ने कर्मियों को बुलाकर सफाई कराई।

राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में करीब साढ़े पांच हजार छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। यहां काशीपुर, रामनगर, बाजपुर, जसपुर, महुआखेड़ा गंज, सुल्तानपुर पट्टी आदि क्षेत्रों से शिक्षा ग्रहण करने पहुंचते हैं। महाविद्यालय के भूगोल विभाग भवन में गेट पर सीढ़ियों में आपत्तिजनक सामग्री व खाली रेपर पड़े होने पर हड़कंप मच गया। गैलरी व जगह-जगह पर कूड़े के ढेर पड़े मिले। प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र कुशवाहा, छात्रसंघ चुनाव प्रभारी डॉ. महिपाल सिंह के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने कर्मियों को बुलाकर क्षेत्र की सफाई कराई। राधेहरि पीजी कॉलेज प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र कुशवाहा ने बताया कि महाविद्यालय में सुरक्षा कर्मी की डिमांड प्रशासन से की जा चुकी है।



बाजपुर की चीनी मिल में ब्वायलर पूजा के दौरान हवन में आहूति देते मिल के अधिकारी-कर्मचारी। ● अमृत विचार

# गन्ना पेराई सत्र के लिए ब्वॉयलर पूजा की

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** सहकारी चीनी मिल के नवीन गन्ना पेराई सत्र के लिए ब्वॉयलर की पूजा की गई। इस दौरान मिल के प्रधान प्रबंधक हरवीर सिंह एवं अधिकारियों-कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से हवन-यज्ञ में आहूतियां अर्पित कर कारखाने के निर्विघ्न संचालन की कामना की।

बुधवार को प्रधान प्रबंधक हरवीर सिंह की अगुवाई में पेराई सत्र की तैयारी को ध्यान में रखते हुए ब्वायलर पूजा की गई इसमें पं. मूलशंकर शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन करवाया। कारखाने में हुए हवन में सभी अधिकारियों-कर्मचारियों एवं कुछ किसान प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और सामूहिक रूप से आहूतियां डालकर मिल के निर्विघ्न संचालन की कामना की गई। इसके पश्चात जीएम हरवीर सिंह ने ब्वायलर में अग्नि प्रज्ज्वलित करवाई। कारखाने में मरम्मत का कार्य भी अंतिम चरण में पहुंच गया है जिसके चलते 18 नवंबर अथवा इसके आसपास ही शुभलग्नानुसार नवीन गन्ना पेराई सत्र शुरू किए जाने की संभावना व्यक्त की गई है। इस मौके पर मुख्य गन्ना अधिकारी खीम चंद, चीफ कैमिस्ट समरपाल सिंह, चीफ इंजीनियर नारायण सिंह, मुख्य लेखाकार वीर सैन राठी, केन सुपरवाइजर सोमपाल सिंह, चीफ इंजीनियर आरसी रस्तोगी, डिप्टी चीफ कैमिस्ट सुनील बिष्ट, उपेंद्र शुक्ला मौजूद रहे।

# गैस कनेक्शन के नाम पर 95 हजार ठगे

**पंतनगर :** मेट्रोपोलिस सिटी रुद्रपुर निवासी विकास श्रीवास्तव ने साइबर थाने को दी तहरीर में बताया कि बीती 25 अक्तूबर को उसके पिता के मोबाइल पर अज्ञात नंबर से शाम छह बजे कॉल आई थी। जिसमें सामने वाले ने बताया कि वह अवंतिका गैस का कर्मचारी बोल रहा है, और उसके नाम पर जो गैस का कनेक्शन है, वह पेमेंट नहीं होने के कारण कटने वाला है। क्योंकि उसने गैस का बिल नहीं जमा किया है। उसके पिता ने कहा कि उन्होंने गैस का बिल जमा कर दिया है। यदि नही जमा हुआ है, तो वह फिर से जमा कर देते हैं। उसने कहा कि उसे इसको अपडेट करना पडेगा, जिसके लिए वह उनके व्हाटसप नंबर पर एक लिंक भेज रहा है। उसने उनके मोबाईल नंबर पर एक लिंक भेज दिया और बताया कि वह उसमें अपनी सारा विवरण भर दें, जिससे गैस कनेक्शन नहीं कटेगा। उसके पिता ने बताए अनुसार वही किया। उसने फोन पर बताया कि उनके द्वारा जो पेमेंट की गई थी, वह उनके खाते में वापस आ गई होगी, चेक कर लीजिए। उसके पिता ने अपने पेटीएम व बैंक खाते को यूपीआई पिन से चेक किया, तो कोई धनराशि वापस नहीं आई थी। उसके पिता ने उसको बताया, जिसके बाद पिता के मोबाईल ने कुछ समय के लिए काम करना बंद कर दिया और कुछ देर बाद उनके बैंक खाते से 95 हजार रुपये कटने का मैसेज आया। तब उनको अपने साथ हुई ऑनलाइन धोखाधड़ी का एहसास हुआ।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, नैनीताल**

Phone : 05942-235079, 233764, Fax : 235079, E-mail : eecdnainitalpwd@rediffmail.com

पत्रांक : 2234/2ए०सी० — **निविदा सूचना** — दिनांक : 06/11/2024

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड के ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ई- टैण्डरिंग द्वारा (सिंगल बिड सिस्टम) के अन्तर्गत आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबधित सभी सूचना https://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 11.11.2024 से उपलब्ध होगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला योजना के अन्तर्गत प्यूड़ा इण्टर कॉलेज से कूल बिरखन लिंक मार्ग का अवशेष कार्य। | 2500.00+ 18% GST | 90000.00 | 06 माह | 45 दिन | लो.नि.वि. में श्रेणी "डी" एवं उच्चतर मार्ग कार्य। |
| 2 | जिला योजना के अन्तर्गत विकासखण्ड रामगढ़ के अन्तर्गत भियालगाँव मोटर मार्ग में सोलिंग, इंण्टर एवं टॉप का कार्य (एस०सी०एस०पी०)। | 2500.00+ 18% GST | 120000.00 | 06 माह | 45 दिन | लो.नि.वि. में श्रेणी "डी" एवं उच्चतर मार्ग कार्य। |

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग
नैनीताल

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, तिकोनिया, हल्द्वानी (नैनीताल)**

(Phone/Fax): 05946-223352 E-mail-ee_ndhal@rediffmail.com

पत्रांक : 2993/2ए०सी० — **अल्पकालीन निविदा सूचना** — दिनांक : 05/11/2024

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०, हल्द्वानी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनांक 14.11.2024 को आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 08.11.2024 से दिनांक 13.11.2024 तक किसी भी कार्यदिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 14.11.2024 अपरान्ह 2.00 बजे तक निम्नांकित कार्यालयों में निविदा बॉक्स में डाले जा सकते है। निविदा के साथ वॉछित धरोहर राशि एन०एस०सी०, डाकघर बचत बैंक पास बुक अथवा भारत में किसी अनुसूचित बैंक की जमा रसीद के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, हल्द्वानी के पदनाम से बन्धक हो, लगाना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त निविदा प्रपत्र के साथ रु० 100/- के नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर रु० 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर वैधता की शर्त के साथ ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर कर संलग्न करना अनिवार्य है।

1- कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, द्वितीय वृत्त, लो०नि०वि०, नैनीताल 2 कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०, हल्द्वानी 3-कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०, रामनगर 4-कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, रूद्रपुर।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू.) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने हेतु समय | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रोड कटिंग के अन्तर्गत ग्राम चाँदनीचौक घुडदौडा, किशनपुर घुडदौडा, कालीपुर एवं फूलचौड़ आदि ग्रामों में जल जीवन मिशन से क्षतिग्रस्त मार्गों में पैच मरम्मत का कार्य। | 47300.00 | 2000.00+ GST | 120 दिन | 04 माह | D एवं उच्चतर "मार्ग कार्य हेतु" |
| 2 | रोड कटिंग के अन्तर्गत देवलचौड बन्दोबस्ती आदि ग्रामों में जल जीवन मिशन से क्षतिग्रस्त मार्गो में पैच मरम्मत का कार्य। | 35400.00 | 1500.00+ GST | 120 दिन | 04 माह | D एवं उच्चतर "मार्ग कार्य हेतु" |

निविदा दिनांक 14.11.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०, हल्द्वानी के कार्यालय में खोली जायेगी। अन्य शर्ते निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेंगी।

किसी भी निविदा अथवा सम्पूर्ण निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०
हल्द्वानी (नैनीताल)

# कॉलेज में तालाबंदी कर कुलपति के वाहन के आगे लेटे छात्र

## छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित करने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन, पुलिस ने बमुश्किल आक्रोशित छात्रों को हटाया

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** एसएसजे परिसर में छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित करने की मांग को लेकर छात्रों का आक्रोश उग्र हो गया है। बुधवार को छात्रों ने परिसर में तालाबंदी कर आंतरिक परीक्षाओं को भी बंद करा दिया। इसके बाद आक्रोशित छात्रों ने कुलपति के वाहन के आगे लेट गए और वाहन को आगे नहीं बढ़ने दिया। इस दौरान जमकर नारेबाजी जल्द चुनाव की तिथि घोषित करने की मांग उठाई।

दरअसल, एसएसजे परिसर में छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित नहीं होने पर छात्र नेताओं में आक्रोश व्याप्त है। छात्रों का लंबे समय से विरोध प्रदर्शन जारी है। आक्रोशित छात्रों ने बुधवार को भी परिसर में जमकर हंगामा काटा। परिसर में चल रही आंतरिक परीक्षाओं भी बंद कर कार्यालयों में ताले जड़ दिए। वहीं, नारेबाजी कर विवि प्रशासनिक भवन पहुंच जमकर प्रदर्शन किया। विवि के मुख्य गेट पर कुछ छात्रों ने कुलपति को रास्ते में ही रोकने का प्रयास किया। आक्रोशित छात्र कुलपति के वाहन के आगे लेट गए। छात्रों ने आरोप लगाया कि विवि प्रशासन की लापरवाही के चलते चुनाव की तिथि अब तक घोषित नहीं हुई है। जिससे चुनाव की तैयारी कर छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। किसी तरह पुलिस प्रशासन ने बमुश्किल आक्रोशित छात्रों को वाहन के सामने से हटाया। यहां छात्रसंघ अध्यक्ष राहुल धामी, उपसचिव गौरव सतवाल, अमित बिष्ट, संजय पांडे, पंकज कनवाल, भूपेंद्र कोरंगा, गौरव भंडारी, विशाल बिष्ट, निखिल मेहरा, अभिनव बुधौरी, राजकमल समेत कई छात्र संगठनों के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।


कुलपति के वाहन के आगे खड़े होकर प्रदर्शन करते छात्र। ● अमृत विचार


कुलपति के वाहन के आगे से छात्रों को हटाती पुलिस। ● अमृत विचार

### पुलिस से हुई तीखी नोकझोंक

छात्रों के प्रदर्शन को देखते हुए परिसर और प्रशासनिक भवन में सुबह से ही भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान चुनाव की तिथि घोषित करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्र नेताओं की पुलिस बल के साथ तीखी नोक झोंक भी हुई। किसी तरह पुलिस बल ने आक्रोशित छात्रों को शांत कराया।


प्रदर्शन के दौरान बेहोश हुए छात्र का अस्पताल में इलाज करते चिकित्सक।

### प्रदर्शन के दौरान बेहोश हुआ छात्र

बुधवार को भी तमाम छात्र संगठनों से जुड़े छात्र नेताओं ने परिसर में जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान एक छात्र नेता बेहोश हो गया। आनन-फानन में अन्य छात्र बेहोश छात्र को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां इमरजेंसी में भर्ती कर उसका उपचार किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि छात्र की स्थिति ठीक हैं।

# एसएसजे में चुनाव की मांग को लेकर एबीवीपी मुखर

संवाददाता, अल्मोड़ा

**मांग**
- संगठन के कार्यकर्ताओं ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन
- जल्द छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित करने की उठाई मांग

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय छात्र संगठन ने छात्र संघ चुनाव की तिथि घोषित करने की मांग उठाई है। मामले को लेकर छात्रों ने बुधवार को कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपा। छात्रों ने जल्द चुनाव कराने की मांग उठाई।

ज्ञापन में छात्रों ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लगातार छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग उठा रही है। कहा कि विवि के एकेडमिक कलैंडर के तहत कोई भी कार्य विधि समयानुसार नहीं हो रही है। ऐसे में चुनाव भी समय पर नहीं होने का हवाला देकर चुनाव टालने की कोशिश की जा रही है। इसके अलावा विवि में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में परिसर अध्यक्ष राहुल कनवाल, मंत्री मंयक जोशी, भारतेंदु कांडपाल समेत कई छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।


अल्मोड़ा एसएसजे परिसर में कुलपति को ज्ञापन सौंपते एबीवीपी कार्यकर्ता।

# पुलिस ने पढ़ाया वाहन चालकों को यातायात नियमों का पाठ

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** सल्ट के पास पिछले दिनों हुई बस दुर्घटना के बाद पुलिस प्रशासन भी चौकस हो गया है। पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देश पर टनकपुर में पुलिस ने सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए पूर्णागिरि टैक्सी स्टैंड में वाहन चालकों, स्वामियों और टैक्सी संचालकों की बैठक कर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए बरती जानी वाली सावधानियों का विस्तार से जानकारी देते हुए चालकों को ओवर लोडिंग न करने, वाहनों की फिटनेस का ध्यान रखने, शराब पीकर वाहन न चलाने, निश्चित स्थान पर ही वाहनों को पार्किंग करने के निर्देश दिए गए। बताया कि टैक्सी चालकों ने क्षमता से अधिक सवारियां बैठाई तो चालक का लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा।

उप निरीक्षक यातायात ज्योति प्रकाश ने बताया कि टैक्सी यूनियन के पदाधिकारी का व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा। उन्होंने यूनियन के अध्यक्ष को चालकों की वर्दी निर्धारित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर यातायात प्रभारी के साथ हेड कांस्टेबल नवीन चन्द, कांस्टेबल बलजीत सिंह राणा सहित चीता मोबाइल कर्मचारी आदि रहे।


टनकपुर में वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देता पुलिस कर्मी।

# विद्यालय के स्टोर रूम और प्रधानाचार्य कक्ष के तोड़े ताले

संवाददाता, लोहाघाट

**अमृत विचार:** अराजक तत्वों ने बाराकोट ब्लाक के जीआईसी डोबाभागू में स्टोर रूम और प्रधानाचार्य कक्ष के ताले तोड़कर अंदर रखा सामान अस्त व्यस्त कर दिया। दीपावली अवकाश के बाद बुधवार की सुबह शिक्षक और बच्चे विद्यालय पहुंचे तो कार्यालय और स्टोर रूम के दरवाजे टूटे हुए थे। अंदर रखा सामान अस्त-व्यस्त था। प्रधानाचार्य आरके पांडेय ने इसकी सूचना बाराकोट चौकी प्रभारी को दी।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कक्षों का निरीक्षण कर नुकसान का जायजा लिया। प्रधानाचार्य ने अज्ञात के विरूद्ध तहरीर सौंपी। ग्रामीण उमेश तिवारी, जगदीश चंद्र तिवारी, नरेश राम ने बताया कि विद्यालय में तोडफ़ोड़ के बाद क्षेत्र के लोगों में भय का माहौल बना हुआ। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अराजक तत्वों की सूचना पुलिस को देने की अपील है। लोहाघाट थाना प्रभारी चेतन रावत ने बताया मामले की जांच की जा रही है। अराजक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


स्टोर रूम का तोड़ा गया दरवाजा।

# इंद्रा कॉलोनी में हुई चोरी के शीघ्र खुलासे की उठाई मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिला मुख्यालय समेत आसपास के क्षेत्रों में चोरी की घटना को लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। बुधवार को नगर के इंद्रा कॉलोनी वार्ड वासियों ने सीओ विमल प्रसाद से मुलाकात कर बीते दिनों दीपावली पर हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा करने की मांग की। जल्द चोरी की घटना में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन की भी चेतावनी दी।

इस मौके पर लोगों ने कहा कि नगर और आसपास के क्षेत्रों में लगातार आपराधिक और चोरी की घटनाएं बढ़ रही है। इससे लोगों में खौफ है। कहा कि चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश नहीं होने से आक्रोश बढ़ते जा रहा है। महालक्ष्मी पूजा की रात को नगर के न्यू इंद्रा कालोनी में चोरों ने एक साथ तीन घरों में सेंध लगाकर नकदी और अन्य सामान उड़ा लिया। लेकिन घटना के छह दिन बीत जाने के बाद भी अब तक आरोपी पकड़ से बाहर है। लोगों ने चेतावनी देते हुए कहा आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। इस दौरान विनय किरौला, केपी जोशी, दिनेश जोशी, आनंद सिंह, दीवान सिंह, श्याम सुंदर सिंह, जीएस अल्मियां, बीएस राणा, गिरीश सिंह, आनंद सिंह लटवाल, मोहन सिंह, गुसाईं, तारा दत्त खुल्बे, आंनद सिंह, नारायण सिंह राणा, अर्जुन सिंह मेहता, प्रकाश लोहनी, दीप चंद्र, गणेश सिंह भंडारी आदि मौजूद रहे।


चोरी के खुलासे को लेकर सीओ को ज्ञापन सौंपते इंद्रा कॉलोनी के लोग।


थापला में रामलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

### राम ने तोड़ा धनुष, परशुराम को आया गुस्सा

**रानीखेत, अमृत विचार :** विकासखंड ताड़ीखेत के ग्राम थापला में इन दिनों चल रही रामलीला में दर्शक रात्रि समय भारी संख्या में पहुंचकर रामलीला का आनंद ले रहे हैं। विगत रात्रि यहां धनुष यज्ञ का मंचन किया गया । जिसमें लक्ष्मण परशुराम संवाद के कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का जादू बिखेरा। थापला गांव में जारी रामलीला में राम ने धनुष तोड़ा तो धनुष तोड़ते ही परशुराम को गुस्सा आ गया। जनक राजा बता जल्दी, यह धनुष किसने तोड़ा है। जवाब में राम ने कहा धनुष तोड़ने वाला कोई आप ही का प्यारा होगा। लक्ष्मण परशुराम संवाद में लक्ष्मण के पात्र सूरज और परशुराम के पात्र प्रेमचंद सिंह ने अपने हुनर का जादू बिखेर कर दर्शकों की जमकर वाहवाही बटोरी। संवाद देखने के लिए दूर दराज से यहां दर्शक पहुंचे रहे हैं।

# योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाएं

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** बीस सूत्रीय कार्यक्रम को लेकर बुधवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम आलोक कुमार पांडे ने कहा जनपद के विकास के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित हैं, उन योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दिलाने के लिए अधिकारी को अपने स्वयं के स्तर पर प्रयास करने के निर्देश दिए।

कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उनके विभाग के माध्यम से संचालित योजनाओं की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि विभिन्न बैठकों में जो भी निर्देश अधिकारियों को दिए जाते हैं उनका पालन हो। कहा कि जो भी अधिकारी लापरवाही एवं शिथिलता बरतेंगे उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि जिला योजना के तहत जिन योजनाओं के लिए विभागों को धनराशि अवमुक्त हुई है, उसे समय और गुणवत्ता के साथ खर्च करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं के जो भी लोकार्पण एवं शिलान्यास होते हैं उनमें स्थानीय विधायक का नाम अनिवार्य रूप से हो और जब भी ऐसे कार्यक्रम होते हैं तो उनमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया जाए। बैठक के बाद सल्ट में हुई बस दुर्घटना में जान गंवाने वालों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यहां सीडीओ दिवेश शाशनी, सीएमओ डॉ. आरसी पंत, डीडीओ एसके पंत, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रेनू भंडारी आदि मौजूद रहे।


बीस सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक लेते डीएम आलोक कुमार पांडे।

## उत्तर प्रदेश

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर सुनवाई 19 को

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में बुधवार को सुनवाई नहीं हो सकी, क्योंकि उक्त मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ के समक्ष हो रही थी और अब उनके सेवानिवृत होने के कारण एक नई पीठ का गठन होना है, जिसके लिए न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की एकलपीठ को नामित किया गया है।

बेंच (पीठ) में बदलाव के कारण आज इस मामले की सुनवाई टाल दी गई है। अब नई पीठ के समक्ष मामले की सुनवाई आगामी 19 नवंबर को दोपहर 2:00 बजे होगी।

# सड़क हादसे में रामपुर के दो युवकों की मौत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** बरेली के बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर आलमपुर मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने रामपुर के युवकों की कार को रौंद दिया। हादसे में कार सवार दोनों युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने उनके शव जेसीबी से बाहर निकलवाए। हादसे में जान गंवाने वाला एक युवक अपनी शादी का कार्ड बांटकर आ रहा था जबकि, उसका दोस्त साथ में था। दोनों युवकों की मौत के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गईं हैं।

सैदनगर निवासी देवेंद्र चौधरी वार्ड नंबर 15 से जिला पंचायत सदस्य हैं। उन्होंने अपने बेटे हिमांशु चौधरी (26) की शादी बंजरिया निवासी एक युवती से तय कर दी थी। शादी 27 नवंबर को होनी थी। परिजन शादी की तैयारियों में जुट गए थे। जिपं सदस्य का बेटा बुधवार को एकता विहार निवासी अपने दोस्त जागृत प्रताप के साथ शादी के कार्ड बांटने के लिए बरेली गया था। वहां कार्ड बांटने के बाद लौट रहे थे। शाम 5 बजे बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में बड़ा बाइपास के आलमपुर मोड़ पर अज्ञात वाहन ने कार में टक्कर मार दी। इसके बाद दोनों दोस्तों की मौत हो गई।

**कार्यक्रम** देर रात तक रंगारंग कार्यक्रमों की रही धूम, लोक कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुति

# महोत्सव में लोक कलाकारों ने बांधा समां

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** नगर के मल्ला महल में पांच दिवसीय गोल्ज्यू महोत्सव के तहत रंगारंग कार्यक्रम जारी है। मंगलवार की रात लोक कलाकारों के नाम रही। विभिन्न राज्यों लोक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति से लोगों को झुमने में मजबूर कर दिया।

संस्कार सांस्कृतिक एवं पर्यावरण संरक्षण समिति की ओर से आयोजित महोत्सव में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान के अलावा उत्तराखंड के सांस्कृतिक टीमों और लोक कलाकारों ने अपने-अपने राज्यों की लोक संस्कृति को मंच के माध्यम से लोगों के सम्मुख प्रस्तुत किया। देर रात स्टार नाइट में सुरेश प्रसाद सुरीला, रोशन बनौला और साहित कुमार ने एक से बढ़कर एक लोक गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को मजबूर कर दिया। वहीं, वंदना नटराज डांस ग्रुप की टीम में अपनी मनमोहक प्रस्तुति से लोगों को तालियां बजाने में मजबूर कर दिया। इस मौके पर विधायक मनोज तिवारी, समिति अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, सचिव प्रकाश बिष्ट, पूरन रौतेला, ललित मोहन बिष्ट, मंयक रौतेला, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष सुशील साह, प्रकाश चंद्र जोशी, हरीश कनवाल, दीप चंद्र जोशी आदि मौजूद रहे।


गोल्ज्यू महोत्सव में डांडिया नृत्य की प्रस्तुति देते गुजरात के कलाकार। ● अमृत विचार

# विवेकानंद में वार्षिक शैक्षिक निरीक्षण किया

**टनकपुर अमृत विचार:** भारतीय शिक्षा समिति की ओर से संचालित विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज टनकपुर में दो दिवसीय वार्षिक शैक्षिक निरीक्षण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित के साथ छात्र-छात्राओं द्वारा वंदना गीत प्रस्तुत किया गया।

इस दौरान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नानकमत्ता के प्रधानाचार्य मदन जलाल, सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज काशीपुर के प्रधानाचार्य राजेश गंगवार और विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बनबसा के प्रधानाचार्य माधवानंद भट्ट ने विद्यालय के शैक्षणिक विभागीय आध्यात्मिक तथा भौतिक गतिविधियों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण टीम ने वंदना शिक्षण अनुशासन और विभागीय क्रियाकलापों की सराहना की।

# प्रेमी संग मिलकर जमीन में दबाई थी नवजात, धरे

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** संभल जनपद के नखासा थाना क्षेत्र में चार दिन पहले जान लेने के लिए नवजात को मिट्टी में दबाने की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। शादीशुदा ग्रामीण के साथ अवैध संबंध के चलते युवती गर्भवती हुई युवती ने नवजात बच्ची को जन्म देने के बाद उसकी जान लेने के लिए प्रेमी के साथ मिलकर उसे जमीन में दबाया था। पुलिस ने बिन ब्याही मां व उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं जिला अस्पताल में भर्ती नवजात बच्ची की हालत में अब सुधार है।

थाना क्षेत्र के गांव मन्नीखेड़ा गांव में चार दिन पहले मनोज के खेत में सरसो की फसल के बीच नवजात बच्ची जमीन में दबी मिली थी। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर इकठ्ठा हो गए थे। आनन फानन में बच्ची को जमीन से बाहर निकाला गया था। गांव चौकीदार अख्तर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और नवजात को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। पुलिस नवजात को मिट्टी में दबाने वाली मां की तलाश कर रही थी। जिसके लिए पुलिस जगह जगह लगे सीसीटीवी कैमरे व आसपास में स्थित अस्पतालों में पूछताछ कर रही थी। पता चला कि गांव के शादीशुदा व एक बच्ची के पिता नरेंद्र का गांव में एक युवती के घर आना जाना था। इसी दौरान नरेंद्र व युवती के बीच अवैध संबंध हो गए।

# महिला महंत ने लगाया दुष्कर्म का आरोप

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** थाना कटघर क्षेत्र स्थित एक धर्मशाला में बने आश्रम की महिला महंत ने आरोप लगाया कि 23 अक्टूबर को जित्तो, हिना, नीलम और इनके खास व्यक्ति गुलफाम ने उसके देवी-देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने आश्रम में घुसकर उस पर जानलेवा हमला किया।

महिला ने आरोप लगाया कि इस दौरान जित्तो ने उसके मुंह में कपड़ा ठूंसकर उसका गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया। हिना और नीलम ने लाठी-डंडों से उस पर वार किए, जबकि गुलफाम ने उसके बाल उखाड़ दिए और कपड़े फाड़कर उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में सभी आरोपी उसको मृत समझकर भाग गए।

## एक नजर

### एयरटेल ने गलवान, दौलत बेग ओल्डी में 4जी नेटवर्क शुरू किया

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने लद्दाख के सीमावर्ती शहर गलवान और दौलत बेग ओल्डी (डीबीओ) में अपना 4जी नेटवर्क शुरू किया है। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, इसके साथ ही एयरटेल समुद्र तल से 16,700 फुट ऊपर सेवाएं देने वाली एकमात्र निजी दूरसंचार सेवा प्रदाता बन गई है। कंपनी ने कहा, भारती एयरटेल ने सीमावर्ती शहर गलवान और दौलत बेग ओल्डी (डीबीओ) में अपना नेटवर्क शुरू करने के लिए भारतीय सेना के साथ हाथ मिलाया है। डीबीओ सीमावर्ती शहर की सबसे उत्तरी सैन्य चौकी है। एयरटेल ने कारगिल, सियाचिन, गलवान, डीबीओ और चांगथांग क्षेत्रों में 17 मोबाइल टावर लगाए हैं, जिससे लद्दाख के दूरदराज के गांवों तक कनेक्टिविटी बढ़ गई है। एयरटेल ने इस चुनौतीपूर्ण कार्य को पूरा करने के लिए लेह सिग्नलर्स के साथ मिलकर काम किया।

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती– 5200 मसूरी– 5100 बासमती– 9300 परमल– 3700 दाल दलहन– काला चना– 8700 साबुत चना दाल– 9100 मूंग साबुत– 10500 राजमा– 11300–15100 दाल उड़द– 10500 साबुत मसूर दाल– 7200 मसूर दाल– 8400 उड़द साबुत– 11300 काबुली चना– 12600–14500 अरहर दाल– 12700–14000 लोबिया/करमानी– 8100 सोयाबीन– 5200 मूंगफली– 11400 मटर (सूखी)– 5700 मक्का– 3800

# ट्रंप की जीत से सेंसेक्स 901 अंक चढ़ा

## निफ्टी में 270.75 अंक या 1.12 प्रतिशत की बढ़त, आईटी कंपनियों के शेयरों में तेजी

**मुंबई, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और फार्मा शेयरों में भारी लिवाली से बुधवार को स्थानीय शेयर बाजारों में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। इस दौरान प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स 901 अंक चढ़कर बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स ने दूसरे दिन भी बढ़त जारी रखी और यह 901.50 अंक या 1.13 प्रतिशत बढ़कर 80,378.13 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में सूचकांक 1,093.1 अंक या 1.37 प्रतिशत बढ़कर 80,569.73 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 270.75 अंक या 1.12 प्रतिशत बढ़कर 24,484.05 अंक पर बंद हुआ।

● टाइटन इंडसइंड बैंक हिंदुस्तान यूनिलीवर एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट



सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो, मारुति और रिलायंस इंडस्ट्रीज में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर टाइटन, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट आई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिकी चुनाव के नतीजों के बाद वैश्विक बाजारों में राहत भरी तेजी देखी गई। ट्रंप के मजबूत जनादेश के साथ राजनीतिक अनिश्चितता कम हुई है। इससे कर कटौती और सरकारी खर्च में वृद्धि की संभावना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में आईटी खर्च बढ़ने की उम्मीद के कारण घरेलू सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में लाभ रहा। नायर ने कहा, आईटी कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों के अनुसार अमेरिका में बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा क्षेत्र में खर्च बढ़ा है।

### क्रिप्टो में तेजी, बिटकॉइन रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा

**लंदन।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत क्रिप्टोकरेंसी के लिए वरदान साबित हुई और बिटकॉइन की कीमत बुधवार को नए उच्च स्तर पर पहुंच गई। बिटकॉइन में शुरुआती कारोबार में करीब आठ प्रतिशत का उछाल आया और यह 75,000 डॉलर को पार कर गया। इस तरह इसने मार्च में बनाए गए अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। दूसरी क्रिप्टोकरेंसी में भी उछाल आया और दुनिया की दूसरी सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी ईथर में आठ प्रतिशत की तेजी आई।

## जीडीपी वृद्धि पर आंकड़े मिले-जुले : शक्तिकांत दास

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को कहा कि आर्थिक वृद्धि पर आने वाले आंकड़े मिले-जुले हैं, लेकिन सकारात्मक कारक नकारात्मक पहलुओं से अधिक हैं। दास ने बिजनेस स्टैंडर्ड के वार्षिक बीएफएसआई कार्यक्रम में कहा कि अंतर्निहित आर्थिक गतिविधियां कुल मिलाकर मजबूत बनी हुई हैं। उन्होंने कहा, जो आंकड़े आ रहे हैं, वे मिले-जुले हैं, लेकिन सकारात्मक पहलू नकारात्मक पहलुओं से अधिक हैं और कुल मिलाकर अंतर्निहित गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं।

कई विश्लेषक वृद्धि के बारे में चिंता जता रहे हैं। ऐसा खासकर आधिकारिक आंकड़ों के आने के बाद हुआ, जब वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में वृद्धि दर 15 तिमाहियों के निचले स्तर 6.7 प्रतिशत पर आ गई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) हालांकि 2024-25 के लिए 7.2 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि के अपने अनुमान पर कायम है, जबकि कुछ लोगों का मानना है कि यह सात प्रतिशत से कम रहेगी। दास ने कहा कि आरबीआई अपने अनुमान पर पहुंचने के लिए 70 से अधिक उच्च आवृत्ति वाले संकेतकों पर नजर रखता है।



● भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा- नकारात्मक पहलुओं से अधिक हैं सकारात्मक कारक

## मेड इन इंडिया अल्ट्रासाउंड मशीनों का विनिर्माण शुरू

**नई दिल्ली।** मेडिकल इमेजिंग जैसे अल्ट्रासाउंड, डेडिकेटेड मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग और स्वास्थ्य सेवा के लिए सूचना प्रौद्योगिकी में अग्रणी इटालियन इनोवेटर इसाउटे ग्रुप ने नोएडा में एक नए विनिर्माण स्थल के साथ भारत में अपनी उपस्थिति को मजबूत करते हुए मेड इन इंडिया अल्ट्रासाउंड मशीनों का विनिर्माण शुरू करने की घोषणा की है। इटालियन कंपनी की सहायक कंपनी इसाउटे एशिया पैसिफिक डायग्नोस्टिक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा यह विनिर्माण किया जा रहा है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि नया इसाउटे विनिर्माण स्थल मेड इन इंडिया के तहत उन्नत अल्ट्रासाउंड श्रृंखला की कंप्लीट सीरीज- माई लैब ए, माई लैब ई-सीरीज और कॉम्पैक्ट पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड का उत्पादन करेगा।

## भारत में भी इलेक्ट्रिक वाहन लाने की तैयारी कर रही है स्कोडा

**मुंबई।** प्रीमियम वाहन विनिर्माता स्कोडा ऑटो भारतीय बाजार में अपना कारोबार बढ़ाने की रणनीति के तहत यहां इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उतारने की योजना बना रही है। स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीयूष अरोड़ा ने यहां कॉम्पैक्ट एसयूवी काइलक को पेश किए जाने के मौके पर अपनी भावी योजनाओं के बारे में चर्चा की। अरोड़ा ने खास बातचीत में कहा कि भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाला बाजार है और स्कोडा इसे अपने कारोबार के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मानती है।

# रूबिकॉन रिसर्च सहित चार कंपनियों को आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● रूबीकॉन रिसर्च के आईपीओ के तहत 500 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे

फार्मा कंपनी रूबिकॉन रिसर्च और टीपीजी कैपिटल समर्थित साई लाइफ साइंसेज समेत चार कंपनियों को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये सामूहिक रूप से कम से कम 3,000 करोड़ रुपये जुटाने को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी मिल गई है।

सेबी द्वारा बुधवार को जारी अपडेट' के अनुसार, आईपीओ लाने की मंजूरी पाने वाली दो अन्य कंपनियां- सनातन टेक्सटाइल्स और वाहन कलपुर्जा विनिर्माता मेटलमैन ऑटो हैं। इस बीच, सितंबर में अपने आईपीओ दस्तावेज दाखिल करने वाली बीएमडब्ल्यू वेंचर्स ने 28 अक्टूबर को दस्तावेज वापस ले लिए। इसमें कहा गया है कि चार कंपनियों - रूबिकॉन रिसर्च, साई लाइफ साइंसेज, सनातन टेक्सटाइल्स और मेटलमैन ऑटो ने जुलाई और अगस्त के दौरान सेबी के पास आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए थे। इन कंपनियों को 31 अक्टूबर को सेबी का निष्कर्ष मिला। किसी भी कंपनी को आईपीओ लाने के लिए सेबी का निष्कर्ष जरूरी होता है। आरंभिक दस्तावेजों के अनुसार, रूबीकॉन रिसर्च के 1,085 करोड़ रुपये के आईपीओ के तहत 500 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे और प्रवर्तक जनरल अटलांटिक सिंगापुर आरआर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 585 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाई जाएगी।

## इलेक्ट्रिक वाहन कारोबार बढ़ाने की योजना बना रही हीरो मोटोकॉर्प

**मिलान (इटली)।** दोपहिया वाहन विनिर्माता हीरो मोटोकॉर्प इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की कोशिश कर रही है और अगले कुछ महीनों में किफायती मॉडल पेश करने की तैयारी कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी अगले साल ब्रिटेन, फ्रांस, स्पेन और इटली जैसे बाजारों में उतरना चाहती है। हीरो मोटोकॉर्प के सीईओ निरंजन गुप्ता ने ईआईसीएमए के मौके पर पीटीआई-भाषा से अलग से बातचीत में कहा, हम अधिक किफायती खंड में भी उत्पाद उतारेंगे।

# सैजिलिटी इंडिया के आईपीओ को 52 प्रतिशत अभिदान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी-सक्षम सेवाएं प्रदान करने वाली सैजिलिटी इंडिया लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बुधवार तक दो दिन में 52 प्रतिशत अभिदान प्राप्त हुआ। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, आरंभिक शेयर बिक्री के लिए पेश 38,70,64,594 शेयरों के मुकाबले 20,09,58,500 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों की श्रेणी को 2.24 गुना अभिदान मिला, जबकि गैर-संस्थागत निवेशकों के कोटा को 24 प्रतिशत अभिदान मिला।

● बिक्री के लिए पेश 38,70,64,594 शेयरों के मुकाबले 20,09,58,500 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं

पात्र संस्थागत निवेशकों के खंड को सात प्रतिशत अभिदान मिला। सैजिलिटी इंडिया लिमिटेड ने एंकर (बड़े) निवेशकों से 945 करोड़ रुपये से अधिक जुटाए हैं। कंपनी ने आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 28-30 रुपये प्रति शेयर तय किया है। यह निर्गम सात नवंबर तक खुला रहेगा।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### महाराष्ट्र : भाजपा से 40 पदाधिकारी निष्कासित

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र ईकाई ने राज्य में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी विरोधी गतिविधियों में कथित तौर पर संलिप्त स्थानीय स्तर के 40 पदाधिकारियों को बुधवार को पार्टी से निष्कासित कर दिया। भाजपा के प्रवक्ता ने बताया कि जिन लोगों को बाहर का रास्ता दिखाया गया है उनमें वे बागी भी शामिल हैं जिन्होंने पार्टी या सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के उम्मीदवारों के खिलाफ नामांकन पत्र दाखिल किया है। उन्होंने बताया कि बागियों का समर्थन करने पर अन्य लोगों पर कार्रवाई की गई है। भाजपा द्वारा निष्कासित किए गए पदाधिकारियों में पार्टी के नेता श्रीकांत भरतिया के भाई तुषार भरतिया भी शामिल हैं। वह बडनेरा विधानसभा सीट से बागी उम्मीदवार हैं।

### पोर्श दुर्घटना : किशोर के दोस्त के पिता का आत्मसमर्पण

**पुणे।** इस वर्ष मई महीने में पुणे में हुई पोर्श कार दुर्घटना में शामिल किशोर चालक के दोस्त के पिता ने बुधवार को यहां एक अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई थी। च्चतम न्यायालय ने मंगलवार को अरुण कुमार देवनाथ सिंह को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। सिंह का बेटा कल्याणीनगर इलाके में हुई दुर्घटना के समय कथित तौर पर कार में मौजूद था। आरोप है कि सिंह ने अपने बेटे के रक्त के नमूने बदल दिए ताकि तथ्य छिपाया जा सके कि उसका बेटा दुर्घटना के समय नाबालिग चालक के साथ नशे में था।

### गुजरातः एक मंदिर से चोरी के आरोप में एक गिरफ्तार

**गोधरा।** गुजरात के पंचमहल जिले में पावागढ़ पहाड़ियों पर स्थित देवी महाकाली के एक प्राचीन मंदिर से 78 लाख रुपये मूल्य के सोने के हार चोरी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि एक मंदिर के गर्भगृह से 28 अक्टूबर को 78 लाख रुपये मूल्य के छह सोने के हार और दो सोने की परत चढ़ीं वस्तुएं चुराने के आरोप में विदुरभाई वसावा को एक सप्ताह से अधिक समय पहले सूरत से गिरफ्तार किया गया था।

# बजरंग बली पसंद नहीं तो जो पसंद हैं, वे वहीं जाएं

## महाराष्ट्र पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूछा- आखिर भारत में कौन है, जो राम व बजरंग बली को नहीं मानता

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को महाराष्ट्र के चुनावी दौरे पर रहे। वहां अमरावती की एक जनसभा में योगी आदित्यनाथ ने जहां महाअघाड़ी को महाअनाड़ी गठबंधन बताया वहीं, यह भी कहा कि नवनीत राणा यहां हनुमान चालीसा के लिए भी संघर्ष कर रही थीं। त्रेतायुग में जब बजरंग बली रहे होंगे, तब इस्लाम नाम की वस्तु ही नहीं रही होगी। उन्होंने कहा कि किन कारणों से रामनवमी की शोभायात्रा निकालने और हनुमान चालीसा पढ़ने से रोका जाता है। जिन्हें बजरंग बली पसंद नहीं है, उन्हें जो पसंद हैं, वे वहीं जाएं। आखिर भारत में कौन भारतीय है, जो राम व बजरंग बली को नहीं मानता है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को अमरावती, महाराष्ट्र में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए। ● एजेंसी

मुख्यमंत्री सूचना परिसर लखनऊ से साझा की गई खबर के मुताबिक, योगी ने वहां कहा कि चुनाव में दो महागठबंधन लड़ रहे हैं। एक तरफ पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा, शिवसेना व एनसीपी का महायुति गठबंधन है तो दूसरी तरफ महाअघाड़ी के रूप में महाअनाड़ी गठबंधन है। योगी के अनुसार, महाअनाड़ी गठबंधन भारत और भारतीयता के सम्मान व स्वाभिमान के साथ खेलने वाला है। कांग्रेस और एनसीपी के लोग कहते थे कि राम-कृष्ण हुए ही नहीं। राम का विरोध करने वालों को भी अब राम याद आने लग गए।

### अब तो मौलवी भी राम-राम कह रहेः योगी

चुनावी जनसभा में योगी ने बताया कि वे जम्मू-कश्मीर चुनाव में जम्मू एयरपोर्ट पर उतरे तो एक मौलवी ने राम-राम किया, मैं समझा नहीं, फिर उसने कहा कि योगी जी राम-राम। यह देख एयरपोर्ट के अधिकारी भौचक हुए तो मैंने कहा कि आश्चर्य न कीजिए, यह धारा-370 हटने का इफेक्ट है।

### वे पाकिस्तान व फिलीस्तीन के लिए आंसू बहाते हैं

योगी ने कहा कि भारत में जब भी पर्व-त्योहार या शोभायात्रा निकलती है तो कुछ लोग गर्व व श्रद्धा की बजाय पाकिस्तान का झंडा लहराते दिखाई देते हैं। भारत की चिंता करने की बजाय पाकिस्तान व फिलीस्तीन के लिए घड़ियाली आंसू बहाते हैं। भारत के अंदर हमारे लिए सिर्फ राष्ट्रधर्म होना चाहिए। योगी ने यह भी कहा कि जब भी देश में संकट आता है तो कांग्रेस के नेता बाहर जाकर पिकनिक मनाते हैं। संकट के समय राहुल गांधी भारत में नहीं, इटली में होते हैं।

## महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों में कोई विचारधारा नहीं बची

**छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी**

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेता अकबरुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों पर आरोप लगाया कि उनमें कोई विचारधारा नहीं बची है। साथ ही कहा कि विभाजनकारी राजनीति करने वाले लोग उन्हें सांप्रदायिक करार दे रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह देश सभी समुदायों का समान रूप से है - चाहे वे पगड़ी या टोपी पहनते हों या वे जो माथे पर तिलक लगाते हों।

तेलंगाना के एआईएमआईएम विधायक ओवैसी यहां अमखास मैदान में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों इम्तियाज जलील और नसीर सिद्दीकी के लिए प्रचार करने के वास्ते आयोजित एक सार्वजनिक रैली को संबोधित कर रहे थे। जलील 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में औरंगाबाद पूर्व से जबकि सिद्दीकी औरंगाबाद मध्य से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी (एआईएमआईएम) मुस्लिम, दलित, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और मराठों की आवाज उठाती है। मैं भड़काऊ भाषण नहीं देता। जो लोग 'बंटोगे तो कटोगे' की बात करते हैं, वे मुझे सांप्रदायिक कहते हैं।



● अकबरुद्दीन ओवैसी का महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों पर आरोप

## सिद्धरमैया से लोकायुक्त पुलिस ने पूछताछ की

**मैसुरु (कर्नाटक), एजेंसी**

मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) स्थल आवंटन मामले में लोकायुक्त पुलिस ने बुधवार को मैसुरु में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से पूछताछ की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सिद्धरमैया पूछताछ के लिए जारी समन के जवाब में यहां लोकायुक्त पुलिस के समक्ष पेश हुए और लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक (एसपी) टी. जे. उदेश के नेतृत्व में एक टीम के सवालों का जवाब दिया।

लोकायुक्त अधिकारी ने कहा, पूछताछ करीब दो घंटे तक चली। लोकायुक्त पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी में आरोपी संख्या एक के रूप में नामित मुख्यमंत्री एमयूडीए द्वारा उनकी पत्नी पार्वती बी. एम. को 14 स्थलों का आवंटन किए जाने में अनियमितताओं के आरोपों का सामना कर रहे हैं।



● एमयूडीए स्थल आवंटन मामले में लोकायुक्त पुलिस के समक्ष पेश हुए

## सिद्दीकी हत्याकांड के चश्मदीद गवाह को मिली धमकी

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के चश्मदीद को एक व्यक्ति ने धमकी भरा फोन कर पांच करोड़ रुपये की फिरौती मांगी है। इकबाल शेख बाबा सिद्दीकी के कार्यालय में काम करता था और जब वरिष्ठ नेता की गोली मारकर हत्या की गयी, तब वह वहां मौजूद था। एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे फोन करके धमकी दी। उसने खार थाने में शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है और कहा है कि प्रथम दृष्टया उन्हें घटना में कुछ स्थानीय लोगों के शामिल होने का संदेह है।

# संविधान की लाल प्रति पर भिड़ीं भाजपा-कांग्रेस

**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में लाल रंग की संविधान की प्रति सियासी विवाद का विषय बन गई है, जो कांग्रेस के नेता राहुल गांधी अकसर अपने साथ लेकर चलते हैं। भाजपा ने इस मामले पर बुधवार को गांधी पर निशाना साधते हुए पूछा कि वह क्या संदेश देना चाहते हैं जबकि कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा कि हिंदू धर्म में लाल रंग शुभ माना जाता है।

गांधी ने 20 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव के सिलसिले में बुधवार को कांग्रेस-राकांपा (एसपी)-शिवसेना (यूबीटी) के विपक्षी गठबंधन के लिए प्रचार किया। वह नागपुर में संविधान सम्मान सम्मेलन में लाल कवर वाली संविधान की एक प्रति लेकर गए थे। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने सांगली जिले में चुनावी रैली के दौरान सवाल किया, भारत के संविधान की लाल प्रति दिखाकर राहुल गांधी क्या संदेश देना चाहते हैं? उन्होंने कांग्रेस नेता पर अराजकतावादियों का गठबंधन बनाने का आरोप लगाया। राजनीति में लाल रंग को अक्सर मार्क्सवादी या साम्यवादी विचारधारा से जोड़ा जाता है। फडनवीस को जवाब देते हुए, कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रमुख नाना पटोले ने कहा कि भाजपा नागपुर में अपने गढ़ के पास गांधी के कार्यक्रम से घबरा गई है।



● कांग्रेस के नेता राहुल गांधी अकसर अपने साथ लेकर चलते हैं लाल रंग की संविधान की प्रति

### राहुल गांधी की नागरिकता के मुद्दे पर सीबीआई जांच शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय को बुधवार को यह जानकारी दी गई कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा सुनवाई की जा रही जनहित याचिका पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नागरिकता की सीबीआई जांच शुरू की गई है। याचिकाकर्ता एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कनार्टक इकाई के कार्यकर्ता ने जब कहा कि उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की थी, मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला ने कहा कि पीठ कोई विरोधाभासी आदेश पारित करना नहीं चाहती।

# त्योहारी मौसम में शांति सुनिश्चित करें

**कोलकाता, एजेंसी**

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया कि त्योहारी सीजन के दौरान राज्य के सभी इलाकों में शांति बनी रहे। अदालत ने कहा कि यह सुनिश्चित करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि लोग बिना किसी व्यवधान के, पूरे हर्षोल्लास के साथ, त्योहारों का जश्न मनाएं।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिया। याचिका में आरोप लगाया गया है कि काली पूजा के एक दिन बाद कोलकाता के राजाबाजार और नारकेलडांगा में भीड़ ने कुछ वर्गों के लोगों पर हमला किया, जिससे इलाके में तनाव फैल गया। राज्य सरकार की तरफ से पेश महाधिवक्ता किशोर दत्ता ने दावा किया कि अलग-अलग समुदाय के लोगों के आपस में टकराव संबंधी आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है। दत्ता ने दलील दी कि दो लोगों के बीच झड़प के कारण कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ गई और उसके फलस्वरूप हुई हिंसा में कुछ पुलिस अधिकारी भी घायल हो गए।



● कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार को सभी जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया

## भाजपा में शामिल हुए हेमंत सोरेन के चुनाव प्रस्तावक को धमकी

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के चुनाव प्रस्तावकों में से एक मंडल मुर्मू को भाजपा में शामिल होने के बाद सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी मिली है। इस मामले में बुधवार को एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। सोरेन ने विधानसभा चुनाव के लिए बरहैट विधानसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल किया है। दुमका के पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया, मुर्मू को सोशल मीडिया मंच से धमकी दी गई थी।

# ऑटोमोबाइल कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी मामले में छापेमारी

**भोपाल, एजेंसी**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 40 करोड़ रुपये के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले से जुड़ी धन शोधन जांच के सिलसिले में बुधवार को यहां कई परिसरों में छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। संघीय जांच एजेंसी ने यह कार्रवाई शहर की एक्सेल व्हीकल प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी, इसकी प्रवर्तक मंजू गर्ग, उनके बेटे ऋषभ गर्ग, कुछ अज्ञात लोक सेवकों और लोगों के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत आपराधिक मुकदमा दर्ज करने के बाद की।

सीबीआई की भ्रष्टाचार रोधी शाखा ने जून 2020 में भोपाल में प्राथमिकी दर्ज की थी, जिसके बाद ईडी ने धन शोधन मामले की जांच शुरू की। सूत्रों ने बताया कि अरेरा कॉलोनी में एक ऑडिटर के आवास और उससे जुड़े कुछ परिसरों पर छापेमारी की गयी।

## राष्ट्रपति मुर्मू आज नौसेना अभियानों का अवलोकन करेंगी

**पणजी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को गोवा तट पर स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर सवार होकर नौसेना के अभियानों को देखेंगी। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी आईएनएस हंस (गोवा स्थित नौसेना वायु अड्डा) पर मुर्मू की अगवानी करेंगे। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर राष्ट्रपति के सम्मान में 150 जवानों द्वारा औपचारिक सलामी गारद दी जाएगी।

# आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचे ऋषभ

**दुबई, एजेंसी**



भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पिछले हफ्ते मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में प्रदर्शन के बूते बुधवार को ताजा जारी आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पांच पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए। पंत ने मुंबई टेस्ट के दौरान दो अर्धशतकीय पारियां खेलीं, हालांकि भारत तीसरे और अंतिम टेस्ट में हार से श्रृंखला 0-3 से गंवा बैठा।

इस प्रदर्शन से पंत को रैंकिंग में फायदा हुआ जो संकेत है कि वह गंभीर कार दुर्घटना के बाद अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापसी कर चुके हैं। अब यह बायें हाथ का बल्लेबाज जुलाई 2022 में रैंकिंग में हासिल किए गए अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान से महज एक कदम पीछे है। शीर्ष टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाजों में बायें हाथ के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी मौजूद हैं जो एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गए हैं। न्यूजीलैंड ने मुंबई में 25 रन की करीबी जीत से श्रृंखला में वाइटवाश किया जिससे शीर्ष 10 टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पंत और दौरा करने वाली टीम के डेरिल मिचेल को फायदा हुआ। मिचेल आठ पायदान की छलांग से सातवें स्थान पर पहुंच गए, उन्होंने मुंबई टेस्ट में भारत के खिलाफ पहली पारी में 82 रन की पारी खेली जिससे वह टीम के साथी केन विलियमसन (दूसरे स्थान) के साथ शामिल हो गये जो न्यूजीलैंड के शीर्ष 10 में मौजूद एकमात्र खिलाड़ी थे।

इंग्लैंड के दायें हाथ के बल्लेबाज जो रूट ने सूची में शीर्ष पर अपनी बढ़त बरकरार रखी है जिसमें विलियमसन, हैरी ब्रुक (तीसरे), जायसवाल (चौथे) और स्टीव स्मिथ (पांचवें) उनके लिए चुनौती हैं।

### गेंदबाजी रैंकिंग में जडेजा छठे स्थान पर पहुंचे

भारत के शुभमन गिल ने मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी में 90 रन की पारी खेली जिससे वह चार पायदान के लाभ से 16वें स्थान पर पहुंचे जबकि न्यूजीलैंड के प्लेयर ऑफ द सीरीज विल यंग 29 पायदान की उछाल से 44वें स्थान पर काबिज होने में सफल रहे। रविंद्र जडेजा न्यूजीलैंड के खिलाफ 10 विकेट लेने से टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में दो पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंचे जिससे वह रविचंद्रन अश्विन से एक स्थान पीछे हैं। कागिसो रबाडा शीर्ष रैंकिंग पर काबिज हैं। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और पैट कमिंस से आगे दूसरे स्थान पर हैं। वहीं टीम साथी वाशिंगटन सुंदर टेस्ट गेंदबाजों में सात पायदान के लाभ से 46वें स्थान पर पहुंच गये। न्यूजीलैंड के स्पिन जोड़ीदार एजाज पटेल (12 पायदान के फायदे) और ईश सोढी (तीन पायदान के फायदे) क्रमश: 22वें और 70वें स्थान पर बने हुए हैं।

# डेविस कप कोच आशुतोष सिंह को 16 साल के मानस धामने से काफी उम्मीदें

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **कोच बोले भविष्य के लिए अहम खिलाड़ी हो सकते हैं मानस**

जीशान अली की जगह नये डेविस कप कोच बने आशुतोष सिंह को उम्मीद है कि मानस धामने अपनी कड़ी मेहनत और शानदार जज्बे की बदौलत भारतीय टेनिस के लिए भविष्य में अहम खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। आशुतोष ने स्टॉकहोम में मालेगांव के इस युवा खिलाड़ी को देखा जहां भारत ने स्वीडन के खिलाफ डेविस कप ग्रुप एक मुकाबले में हिस्सा लिया था। हालांकि 16 वर्षीय धामने को कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिला लेकिन वह एक अन्य युवा खिलाड़ी आर्यन शाह के साथ स्टॉकहोम गई टीम का हिस्सा थे।

भारत को मेजबान टीम के हाथों 0-4 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन कोच आशुतोष ने स्वीडन में हुए इस निराशाजनक प्रदर्शन में सकारात्मक पहलू देखा। पूर्व डेविस कप खिलाड़ी बलराम सिंह के बेटे आशुतोष ने कहा मानस एक मेहनती खिलाड़ी है। कोर्ट पर वह सिर्फ आंखों से संपर्क बनाता है और ओके करता है। उसके पास एकल में भारत के मिस्टर डिपेंडेबल बनने की क्षमता है जिसकी तलाश भारतीय टेनिस को लंबे समय से है। निश्चित रूप से अभी बहुत लंबा सफर तय करना है। लेकिन वह जिस रास्ते पर चल रहा है और उसके मेहनती दृष्टिकोण से यह संभव लगता है। यह भी ध्यान रखना होगा कि मानस सिर्फ 16 साल का है और उसे अपने कार्यभार प्रबंधन के कुछ पहलुओं में सतर्कता बरतते हुए निगरानी की जरूरत है। लेकिन वह इटली में अपने ट्रेनिंग बेस में सही ट्रेनिंग ले रहा है। भारत के पास शीर्ष-100 में केवल एक खिलाड़ी सुमित नागल (83) है। उनके बाद रामकुमार रामनाथन हैं जो 309वें नंबर पर हैं।

## खेल डायरी

### किरण जॉर्ज कोरिया मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंचे

**इसकान सिटी (कोरिया)।** भारत के किरण जॉर्ज ने बुधवार को यहां कड़े मुकाबले में वियतनाम के कुआन लिन कुओ को तीन गेम में हराकर कोरिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारत के चौबीस साल के किरण ने इस बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के पहले दौर में वियतनाम के खिलाड़ी के खिलाफ 57 मिनट में 15-21, 21-12, 21-15 से जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एकमात्र भारतीय और दुनिया के 44वें नंबर के खिलाड़ी किरण दूसरे दौर में चीनी ताइपे के तीसरे वरीय ची यू जेन से भिड़ेंगे। किरण ने मुकाबले की धीमी शुरुआत की जिसका फायदा उठाकर किन कुओ ने 11-4 की बढ़त बनाई और फिर आसानी से पहला गेम जीत लिया। किरण ने 0-1 से पिछड़ने के बाद दूसरे गेम की शुरुआत लगातार छह अंक के साथ और फिर दूसरा गेम जीतकर मुकाबला 1-1 से बराबर किया।

### घरेलू वनडे और टी-20 में असलंका करेंगे कप्तानी

**कोलंबो।** चरिथ असलंका न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय और टी-20 सीरीज के लिए श्रीलंका टीम की कप्तानी करेंगे। श्रीलंका ने हाल ही में भारत और वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाले अनुभवी खिलाड़ियों को भी दोनों प्रारूपों के लिए टीम में जगह दी है। नौ और 10 नवंबर को दो टी-20 मैच खेले जाएंगे। वहीं 13, 17 और 19 नवंबर को एकदिवसीय मैच होंगे। पहले तीन मैच रांगिरी दांबुला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में तथा अंतिम दो एकदिवसीय मैच पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। श्रीलंका की वनडे टीम में चरिथ असलंका (कप्तान), पथुम निसंका, अविष्का फर्नांडो, कुसल परेरा, कुसल मेंडिस, कामिंदु मेंडिस, जेनिथ लियानगे, सदीरा समरविक्रमा, निशान मदुश्का, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाणा, जेफरी वांडरसे, चामिदु विक्रमसिंघे, असिथा फर्नांडो, मदुशंका और शिराज होंगे। श्रीलंका की टी-20 टीम में चरिथ असलंका (कप्तान), निसंका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, कामिंदु, चंडीमल, अविष्का, भानुका, हसरंगा, थीक्षाना, डुनिथ, जेफरी वांडरसे, चामिदु, नुवान, पथिराना, बिनुरा और असिथा फर्नांडो को रखा गया है।

### पाकिस्तान के खिलाफ जोश होंगे ऑस्ट्रेलिया के कप्तान

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया ने जोश इंग्लिस को पाकिस्तान के खिलाफ सफेद गेंद घरेलू सीरीज के लिए टीम का नया कप्तान बनाया हैं। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने बुधवार को कहा जोश एकदिवसीय और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय टीमों का अभिन्न सदस्य है और मैदान के अंदर और बाहर एक बेहद सम्मानित खिलाड़ी है। बेली ने कहा वह पहले भी ऑस्ट्रेलिया ए टीम का नेतृत्व कर चुके है और उनको मैट शॉर्ट और एडम जम्पा जैसे खिलाड़ियों के साथ-साथ ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोइनिस जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों से भी भरपूर समर्थन मिलेगा। इंग्लिस के प्रमोशन से टेस्ट कप्तान पैट कमिंस और साथी रेड-बॉल सितारे मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ पाकिस्तान के खिलाफ चल रही एकदिवसीय सीरीज के अंतिम मैच से बाहर रहेंगे। वहीं तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन और जेवियर बार्टलेट को विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश फिलिप और एक अन्य तेज गेंदबाज लांस मॉरिस के साथ टीम में जगह दी गई है। पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला का पहला मैच दो विकेट से जीत चुका है।

### डेविड वार्नर सिडनी थंडर के कप्तान नियुक्त

**सिडनी।** डेविड वार्नर को बुधवार को बिग बैश लीग की टीम सिडनी थंडर का कप्तान नियुक्त किया गया। यह छह साल बाद पहला अवसर होगा जबकि यह आक्रामक सलामी बल्लेबाज स्वदेश में किसी टीम का नेतृत्व करेगा। दक्षिण अफ्रीका में गेंद से छेड़छाड़ के विवाद के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वॉर्नर की कप्तानी पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि पिछले महीने यह प्रतिबंध हटा दिया था जिससे उनका सिडनी थंडर की कप्तानी करने का रास्ता साफ हो गया था। वार्नर ने जून में वेस्टइंडीज में खेले गए टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की हार के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने कहा कि फिर से थंडर की कप्तानी मिलना उनके लिए काफी मायने रखती है। इस सत्र में फिर से थंडर की कप्तानी करना मेरे लिए काफी मायने रखती है। मैं शुरू से इस टीम का हिस्सा रहा हूं और फिर से मेरे नाम के आगे कप्तान लिखा जाना शानदार है।

# ऑस्ट्रेलिया 3-1 से जीत सकती है : रिकी

## पोंटिंग ने की भविष्यवाणी- शृंखला में शमी के बिना भारत के लिए 20 विकेट लेना चुनौती

**दुबई, एजेंसी**



पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया बोर्डर-गावस्कर 3-1 से जीतेगा क्योंकि मोहम्मद शमी की गैरमौजूदगी में मेहमान टीम के लिए टेस्ट मैच में 20 विकेट चटकाना सबसे बड़ी चुनौती होगी।

ऑस्ट्रेलिया की नजरें बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खिताब के सूखे को खत्म करने पर टिकी हैं। भारत ने 2014-15 से सभी चार श्रृंखलाएं जीती हैं जिसमें ऑस्ट्रेलिया में 2018-19 और 2020-21 में हुई श्रृंखलाएं भी शामिल है। भारत को हालांकि पिछली टेस्ट श्रृंखला में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली बार अपनी सरजमीं पर 0-3 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा जिसके बाद पोंटिंग का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के पास मेहमान टीम को हराने का बेहतर मौका है। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू शो पर ऑस्ट्रेलिया की संभावनाओं के बारे में कहा संभवतः अब पहले ही तुलना मे बेहतर है। शमी चोटों के कारण पिछले साल नवंबर से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेले हैं और पोंटिंग का मानना है कि उनकी गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा और पदार्पण का इंतजार कर रहे हर्षित राणा की मौजूदगी वाले भारत के गेंदबाजी आक्रमण में कमी नजर आती है।

पोंटिंग ने कहा शमी की अनुपस्थिति में गेंदबाजी समूह में बहुत बड़ा अंतर आ गया है। उस समय (अगस्त में) कुछ अटकलें लगाई जा रही थीं कि शमी फिट होंगे या नहीं। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि भारत के लिए टेस्ट मैच में 20 विकेट लेना सबसे बड़ी चुनौती होगी। मुझे लगता है कि वे मौजूदा बल्लेबाजों के साथ यहां अच्छी बल्लेबाजी करेंगे। ऑस्ट्रेलिया की एक अधिक स्थिर टीम के रूप में प्रशंसा करते हुए पोंटिंग 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली श्रृंखला में भारत को पूरी तरह से कमजोर नहीं मानते। पोंटिंग ने भविष्यवाणी की मुझे लगता है कि भारत पांच टेस्ट मैचों में से किसी एक टेस्ट मैच में जीतेगा। लेकिन मुझे अब भी लगता है कि ऑस्ट्रेलिया शायद थोड़ा अधिक स्थिर, थोड़ा अधिक अनुभवी है और हम जानते हैं कि उन्हें घर पर हराना बहुत मुश्किल है। इसलिए मैं 3-1 के साथ जाऊंगा।

### पंत बना सकते हैं सबसे ज्यादा रन

पोंटिंग को लगता है कि अनुभवी स्टीव स्मिथ या तेजतर्रार ऋषभ पंत में से कोई एक पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने वाला खिलाड़ी होगा। उन्होंने कहा सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में मैं स्टीव स्मिथ या ऋषभ पंत को चुनूंगा। मुझे लगता है कि स्मिथ, यह तथ्य कि वह सलामी बल्लेबाज से नंबर चार पर वापस आ गया है, शायद उसके पास साबित करने के लिए और भी बहुत कुछ है... कि शायद उसे पारी का आगाज करने के लिए भेजा ही नहीं जाना चाहिए था और नंबर चार उसका स्थान है और जहां उसे संभवत: पूरे समय रहना चाहिए था और जहां वह संभवत: अपना करियर खत्म करेगा। पोंटिंग का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के लिए तेज गेंदबाजों मिशेल स्टार्क और पैट कमिंस से अधिक विकेट जोश हेजलवुड चटकाएंगे। मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों में से हेजलवुड इस समय अन्य गेंदबाजों की तुलना में अपनी क्षमता के चरम पर हैं। इसलिए मैं उन्हें सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में चुनूंगा।

# इगा को हराकर डब्ल्यूटीए के सेमीफाइनल में गॉफ

- **बारबोरा क्रेजिकोवा ने अमेरिका की जेसिका पेगुला को हराया**
- **कोको बोलीं- स्वियाटेक के साथ खेलना मेरे लिए काफी कठिन**



मैच के दौरान शॉट लगातीं स्वियाटेक >>

**रियाद।** अमेरिका की महिला टेनिस स्टार कोको गॉफ ने डब्ल्यूटीए फाइनल में गत चैंपियन इगा स्वियाटेक को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं।

ऑरेंज ग्रुप एकल के दूसरे दौर के मंगलवार को हुए मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों ने पहले सेट में 3-3 तक सर्विस बरकरार रखी। इसके बाद गॉफ ने लगातार दो बार स्वियाटेक की सर्विस तोड़कर पहला सेट 6-3 से जीत लिया। दूसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों ने पहले आठ गेम में दो बार एक दूसरे की सर्विस तोड़ी और स्कोर 4-4 पर पहुंच गया। इसके बाद गॉफ ने एक बार फिर स्वियाटेक की सर्विस तोड़कर यह सेट 6-4 से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच के बाद गॉफ ने कहा आज यह निश्चित रूप से मेरे लिए एक अच्छा मैच था। आप जानते हैं कि इगा के साथ खेलना मेरे लिए कठिन है, लेकिन मैं वास्तव में खुश हूं कि मैं पूरा मैच में खेलने में कामयाब रही। वहीं एक अन्य मैच में चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिकोवा ने अमेरिकी जेसिका पेगुला को एक घंटे और 9 मिनट चले मुकाबले में 6-3, 6-3 से हराया।

# साक्षी मलिक ने मोदी व मांडविया से की कुश्ती बचाने की अपील

**चंडीगढ़।** पहलवान साक्षी मलिक ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया से कुश्ती का भविष्य बचाने की अपील की।

मलिक ने सोशल मीडिया एक्स पर प्रधानमंत्री और खेल मंत्री को संबोधित करते हुये जारी वीडियो सन्देश में कहा पिछले साल कुश्ती फेडरेशन के चुनाव हुये। उसके दूसरे ही दिन ब्रजभूषण की बेहूदगी और दबदबे को आपने और पूरे देश ने देखा, जिससे दुखी होकर और बड़े परेशान मन से मुझे अपनी कुश्ती को त्यागना पड़ा। साक्षी ने कहा मैं उन बच्चों की मजबूरियां समझ सकती हूं, उनका पूरा करिअर उनके आगे है।

# रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी की बड़ी हार

**मिलान, एजेंसी**



गोल दागने के बाद जश्न मनाती मैनचेस्टर सिटी की टीम।

**15** बार के चैंपियन का चैंपियंस लीग में खराब प्रदर्शन जारी लिवरपूल की शानदार जीत

यूरोप की चोटी की टीमों रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी दोनों को चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में बड़ी हार का सामना करना पड़ा। मौजूदा चैंपियन रियल मैड्रिड को एसी मिलान ने अपने घरेलू मैदान पर 3-1 से हरा दिया, जबकि मैनचेस्टर सिटी को एर्लिंग हालैंड की पेनल्टी में चूक महंगी पड़ी और चौथे मिनट में बढ़त बनाने के बावजूद उसे पुर्तगाल की टीम स्पोर्टिंग लिस्बन में 4-1 से हार झेलनी पड़ी।

लिवरपूल के लिए यह शानदार दिन था जिसने लुइस डियाज की हैट्रिक और कोडी गाकपो गोल की मदद से एनफील्ड में खेले गए मैच में जर्मन चैंपियन बायर लेवरकुसेन पर 4-0 से जीत दर्ज की। लिवरपूल चार मैचों में चार जीत के साथ लीग चरण तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। उसके बाद स्पोर्टिंग और मोनाको का नंबर आता है जिनके तीन जीत और एक ड्रॉ के बाद समान 10 अंक हैं।

15 बार के चैंपियन रियल मैड्रिड का चैंपियंस लीग में खराब प्रदर्शन जारी रहा। वह अपने दूसरे मैच में लिली से हार गया था। मलिक थियाव ने 12वें मिनट में मिलान को बढ़त दिला दी थी। विनीसियस जूनियर ने 23वें मिनट में पेनल्टी पर बराबरी का गोल किया। इसके बाद अल्वारो मोराटा और तिजानी रिजेंडर्स ने मिलान के लिए गोल किए।

### रोनाल्डो के गोल से अल नासर की बड़ी जीत

**रियाद।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल की मदद से अल नासर ने एएफसी चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के एलीट वर्ग में संयुक्त अरब अमीरात के क्लब और गत चैंपियन अल ऐन को 5-1 से हराकर 12 टीमों की तालिका में शीर्ष तीन में जगह बनाई। सऊदी अरब के क्लब अल नासर के चार मैचों में 10 अंक हैं तथा वह स्थानीय प्रतिद्वंद्वियों अल हिलाल और अल अहली से दो अंक पीछे हैं। इन दोनों ने अभी तक अपने चारों मैच जीते हैं। इस बीच जापान के विसेल कोबे ने दक्षिण कोरिया के ग्वांगजू एफसी पर 2-0 से जीत से अपने ग्रुप में पहला स्थान हासिल कर लिया।

# रित्विक-केब्रल ने किया उलटफेर

**मेट्ज (फ्रांस)।** भारत के रित्विक चौधरी बोलीपल्ली और उनके जोड़ीदार फ्रांसिस्को केब्रल ने बुधवार को यहां मोसेले ओपन टेनिस टूर्नामेंट में सेंटियागो गोंजालेज और एडवर्ड रोजर वेसलीन की जोड़ी को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

भारत और पुर्तगाल की गैर वरीय जोड़ी ने मैक्सिको के गोंजालेज और फ्रांस के रोजर वेसलीन की जोड़ी को क्वार्टर फाइनल में हराया। हैदराबाद के रित्विक ने एटीपी टूर पर पहली बार किसी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। रित्विक और केब्रल अगले दौर में मैनुएल गुइनार्ड और ग्रेगोएर जैक तथा पियरे ह्यजेस हर्बर्ट और अल्बानो ओलिवेटी के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे।

## बॉलीवुड हलचल

# थामा मेरे करियर का सबसे खास प्रोजेक्ट : आयुष्मान



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना का कहना है कि फिल्म थामा उनके करियर का सबसे खास प्रोजेक्ट है। मैडॉक फिल्म्स ने हाल ही में अपनी ब्लॉकबस्टर हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की नई फिल्म थामा की घोषणा की है। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, परेश रावल और नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म थामा दिवाली 2025 पर रिलीज होगी और यह फिल्म निर्माता दिनेश विजन के साथ आयुष्मान की बाला के बाद दूसरी फिल्म है। बाला ने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया था। आयुष्मान ने कहा मुझे खुशी है कि दिनेश विजन को लगता है कि यह मेरे लिए उनके ब्लॉकबस्टर हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स में शामिल होने का सही समय है। स्त्री 2 के बॉलीवुड के इतिहास में सबसे बड़ी फिल्म बनने के बाद मैं इस यूनिवर्स का हिस्सा बनकर गर्व महसूस कर रहा हूं। मुझे यकीन है कि यह एक ऐसा सिनेमाई अनुभव होगा जिसे दर्शक लंबे समय तक याद रखेंगे। दिनेश ने इस यूनिवर्स को जिस तरह से बनाया है, वह काबिले तारीफ है।

# पुष्पा 2: द रूल ने अमेरिका में 15 हजार से अधिक टिकट बेचकर बनाया रिकॉर्ड

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय स्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 : द रूल ने अमेरिका में 15 हजार से अधिक टिकट बेचकर रिकॉर्ड बना दिया है। पुष्पा 2 : द रूल फास्टेस्ट इंडियन फिल्म बन गई है, जो यूनाइटेड स्टेट में 15000 से ज्यादा टिकट्स बेच चुकी है। वर्ष 2021 की ब्लॉकबस्टर पुष्पा : द राइज का मच अवेटेड सीक्वल दुनिया भर में फैंस के बीच बहुत एक्साइटमेंट पैदा कर रहा है। इसका प्रीमियर 04 दिसंबर को होने वाला है और वर्ल्डवाइड रिलीज 05 दिसंबर होगी। मेकर्स ने घोषणा के साथ एक नया पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है, एक-एक करके रिकॉर्ड तोड़ते हुए #पुष्पा2दरूलबनी अमेरिका में सबसे तेजी से 15 हजार से ज्यादा टिकट बेचने वाली भारतीय फिल्म यूएसएप्रीमियर 4 दि संबर को 5 दिसंबर, 2024 को वर्ल्ड वाइड ग्रैंड रिलीज होगा। पुष्पा 2 : द रूल साल में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म का निर्देशन सुकुमार ने किया है और इसे मैत्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स द्वारा प्रोड्यूस किया गया है, जिसमें टी-सीरीज का म्यूजिक है।

# अजय देवगन की फिल्म आजाद का टीजर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की नई फिल्म आजाद का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म आजाद में अजय देवगन के साथ डायना पेंटी, अमन देवगन और राशा थडानी नजर आएंगे। फिल्म आजाद का टीजर फिल्म के निर्देशक अभिषेक कपूर ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने लिखा, हर जंग में, हर बहादुर योद्धा के साथ, एक वफादार घोड़ा जरूर रहा है। आजाद का टीजर रिलीज हुआ, जनवरी 2025 में बड़े पर्दे पर रोमांस का नजारा देखें। इस टीजर में महाराणा प्रताप को दिखाया गया है, जिन्होंने 40 हजार की एक खतरनाक दुश्मन सेना का सामना केवल आठ से नौ हजार सैनिकों के साथ किया। टीजर में महाराणा प्रताप के घोड़े पर फोकस किया गया है। टीजर में उसे हाथी जितना लंबा, मोर की तरह पतली गर्दन वाला और बिजली की तरह तेज बताया गया है। फिल्म आजाद अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी की बॉलीवुड में पहली फिल्म है।

### सिंघम अगेन ने कमाए 150 करोड़



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन ने भारतीय बाजार में 150 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन, सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। सिंघम अगेन दीवाली के अवसर पर 1 नवंबर को रिलीज हुई है। सिंघम अगेन में अजय देवगन, करीना, दीपिका, अर्जुन, टाइगर, अक्षय, रणवीर, रवि किशन और जैकी श्रॉफ की अहम भूमिका है। भारत में ओपनिंग डे पर 43 .5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। दूसरे दिन फिल्म ने 42 .5 करोड़, तीसरे दिन 35 .75 करोड़, चौथे दिन 18 करोड़ और पांचवे दिन 13 .5 करोड़ रुपए की अनुमानित कमाई की है। इस तरह फिल्म ने पांच दिन में भारत में 153 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है।

# भारत ए ने बदली गेंद का किया विरोध वार्नर-कोवान ने मांगा स्पष्टीकरण

**सिडनी, एजेंसी**

- **डेविड बोले- जल्द ही निपटा दिया गया मामला, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को करना है अंतिम फैसला**

भारत ए के खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पिछले सप्ताह खेले गए पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच के अंतिम दिन के खेल के दौरान दी गई बदली हुई गेंद की स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया, जबकि डेविड वार्नर और एड कोवान ने मामले में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से स्पष्टीकरण देने को कहा है। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

यह मसला पिछले सप्ताह मैकाय में खेले गए चार दिवसीय मैच के अंतिम दिन सामने आया था जब अंपायरों ने भारतीय टीम को अलग गेंद दी। भारतीय खिलाड़ी, विशेषकर इशान किशन, इस फैसले से नाखुश थे तथा इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने इसे मूर्खतापूर्ण फैसला करार दिया था। सिडनी मार्निंग हेराल्ड में बुधवार को प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय टीम गेंद बदलने को लेकर नहीं बल्कि बदली गई गेंद की स्थिति को लेकर विरोध कर रही थी। रिपोर्ट में कहा गया है इस मामले को लेकर एक तथ्य जो अभी तक पता नहीं था यह है कि भारत ए की टीम इसलिए नाराज नहीं थी कि गेंद को बदल दिया गया है बल्कि वह बदली गई गेंद की स्थिति को लेकर नाखुश थी। यह कोई बड़ा मुद्दा नहीं था क्योंकि खिलाड़ियों और अंपायरों के बीच बदली गई गेंद को लेकर दशकों से बहस होती रही है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाजों डेविड वार्नर और एड कोवान ने अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से यह स्पष्ट करने को कहा है कि मैकाय में मैच के अंतिम दिन क्या हुआ था। वार्नर ने कहा कि यह मामला जल्द से जल्द खत्म कर दिया गया है क्योंकि भारत की सीनियर टीम पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर आने वाली है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## पिछले चुनाव में शिकस्त के बाद ट्रंप ने की जोरदार वापसी, अमेरिका के राष्ट्रपति निर्वाचित होने वाले सबसे उम्रदराज शख्स

# फिर चला ट्रंप कार्ड, कमला आउट

**वाशिंगटन, एजेंसी**

डोनाल्ड ट्रंप चार साल पहले जो बाइडन से राष्ट्रपति चुनाव हारने के बाद काफी मायूस और खिन्न थे तथा इसके कुछ हफ्तों बाद उनके समर्थकों की एक हिंसक भीड़ ने जब यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद भवन) पर धावा बोला था तो इसे रिपब्लिकन नेता के राजनीतिक करियर का अंत माना जाने लगा था। हालांकि, ठीक चार साल बाद, ट्रंप (78) ने व्हाइट हाउस में दूसरा कार्यकाल सुनिश्चित कर अमेरिका के इतिहास में अभूतपूर्व और जोरदार राजनीतिक वापसी की है। वह भी, एक गंभीर अपराध के मामले में दोषी करार दिये जाने और उनकी हत्या की दो नाकाम कोशिशों के बाद।

ट्रंप और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के बीच कड़े मुकाबले का नतीजा अब तक आधिकारिक रूप से घोषित नहीं किया गया है, लेकिन रिपब्लिकन नेता के व्हाइट हाउस में लौटने की तस्वीर लगभग साफ हो गई है। राजनीतिक विश्लेषक अनंग मित्तल ने कहा, यह अमेरिकी इतिहास में सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी में से एक है। मार्च में, ट्रंप को उनकी पार्टी की ओर से प्रत्याशी नामित किया गया और कई अदालती मामलों के कारण ट्रंप के महीनों तक राजनीतिक वनवास में रहने के बाद जुलाई में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन (आरएनसी) में इस पर मुहर लगाई गई। असल में, एक गंभीर अपराध में दोषी करार दिये जाने के बाद शीर्ष पद के लिए नामांकन पाने वाले वह पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए। ट्रंप अब भी चार आपराधिक अभियोगों का सामना कर रहे हैं और फिलहाल



पाम बीच कन्वेंशन सेंटर में एक चुनावी नाइट वॉच पार्टी में पूर्व प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप के साथ चलते समय हाथ हिलाते हुए पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप।

यह स्पष्ट नहीं है कि इन मुकदमों का क्या होगा। पूर्व राष्ट्रपति 2021 में महाभियोग की सुनवाई से भी बच गए, जो उनके बरी होने के साथ समाप्त हो गई।

जुलाई में, पेन्सिलवेनिया में एक रैली के दौरान उन पर गोली चली, जो उनके कान के ऊपरी हिस्से को छूते हुए निकल गई। इसके कुछ ही मिनटों बाद, ट्रंप ने हमले के विरोध में अपनी मुट्ठी बांधी और ये तस्वीरें देखकर उनके कट्टर समर्थकों ने उन्हें भावनात्मक समर्थन दिया। वह अब अमेरिकी इतिहास में राष्ट्रपति निर्वाचित होने वाले सबसे उम्रदराज शख्स हैं।

## विश्व के नेताओं ने ऐतिहासिक जीत के लिए ट्रंप को दी बधाई

**लंदन/यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और ब्रिटेन के उनके समकक्ष केअर स्टॉर्मर समेत विश्व के कई नेताओं ने बुधवार को डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। स्टॉर्मर विश्व के उन नेताओं में शामिल थे, जिन्होंने ट्रंप द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जीत का दावा करने के लिए फ्लोरिडा में एक रैली को संबोधित करने के तुरंत बाद बधाई संदेश जारी किए। उन्होंने कहा कि ट्रंप के जीत दर्ज करने के बाद, ब्रिटेन और अमेरिका के बीच विशेष संबंध नए अमेरिकी प्रशासन के तहत और भी समृद्ध होते रहेंगे।

## अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बनने से चूकीं कमला हैरिस

**वाशिंगटन।** एक दशक से भी ज्यादा समय पहले एक पत्रकार ने कमला हैरिस को महिला ओबामा कहा था। हालांकि, भारतीय और जमैका के अप्रवासी दंपति की बेटी कमला हैरिस पहले अफ्रीकी-अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की उपलब्धियों की बराबरी करने में विफल रहीं। हैरिस अमेरिकी राजनीति में शीर्ष मुकाम हासिल करने में असफल रहीं और राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप से हार गईं। डेमोक्रेटिक नेता की ट्रंप के हाथों कड़े मुकाबले वाले चुनाव में हार ने अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बनने के उनके सपने को भी तोड़ दिया। उनके नामांकन से हालांकि महिलाओं में उत्साह पैदा हुआ कि सार्वजनिक जीवन में उनके लिए यह द्वार बंद नहीं हुआ



है। हैरिस (60) के नाम कई अन्य 'पहली' उपलब्धियां भी दर्ज हैं। वह सैन फ्रांसिस्को की डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी रह चुकी हैं – इस पद पर चुनी जाने वाली पहली महिला, पहली अफ्रीकी-अमेरिकी और पहली भारतीय मूल की शख्स थीं। उपराष्ट्रपति के रूप में, वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली महिला हैं। साथ ही, वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी-अमेरिकी या भारतीय-अमेरिकी व्यक्ति भी हैं। 5 नवंबर के चुनाव से तीन दिन पहले प्रकाशित एक लेख में हैरिस ने बचपन में की गई अपनी भारत यात्रा को याद किया और अपनी दिवंगत मां श्यामला गोपालन को याद किया, जो एक कैंसर शोधकर्ता और नागरिक अधिकार कार्यकर्ता थीं। हैरिस ने ऑनलाइन दक्षिण एशियाई प्रकाशन द जुगरनॉट के लिए लिखे लेख में कहा, बड़े होने के दौरान, मेरी मां ने मुझे और मेरी बहन को हमारी विरासत का सम्मान करना सिखाया। लगभग हर दूसरे साल हम दिवाली के लिए भारत जाते थे।

## भारतीय मूल के छह अमेरिकियों ने जीता प्रतिनिधि सभा का चुनाव

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के छह अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के लिए चुनाव जीत गए हैं। मौजूदा कांग्रेस (अमेरिकी संसद) में इनकी संख्या पांच थी। सभी पांच मौजूदा भारतीय अमेरिकी सदस्यों को प्रतिनिधि सभा के लिए फिर से चुना गया है। भारतीय-अमेरिकी वकील सुहास सुब्रमण्यम ने वर्जीनिया और पूरे ईस्ट कोस्ट से चुने जाने वाले समुदाय के पहले व्यक्ति बनकर इतिहास रच दिया। सुब्रमण्यन ने रिपब्लिकन पार्टी के माइक क्लांसी को हराया। वह वर्तमान में वर्जीनिया राज्य के सीनेटर हैं। एरिजोना के पहले कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से डॉ. अमीश शाह अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मामूली अंतर से आगे हैं। अगर वह जीत हासिल करने में सफल होते हैं तो प्रतिनिधि सभा में भारतीय अमेरिकियों की संख्या बढ़कर सात हो जाएगी। सुब्रमण्यम ने कहा मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि वर्जीनिया के 10 वें जिले के लोगों ने मुझ पर भरोसा जताया ताकि मैं सबसे कठिन लड़ाई लड़ सकूं और कांग्रेस में परिणाम दे सकूं। यह जिला मेरा घर है। मैंने यहां शादी की, मेरी पत्नी मिरांडा और मैं अपनी बेटियों का पालन पोषण कर रहे हैं और हमारे समुदाय के सामने आने वाले मुद्दे हमारे परिवार के लिए व्यक्तिगत हैं। वाशिंगटन में इस जिले की सेवा जारी रखना सम्मान की बात है। पूर्व में राष्ट्रपति बराक ओबामा के व्हाइट हाउस सलाहकार रह चुके सुब्रमण्यम आस्था से हिंदू हैं और देशभर में भारतीय अमेरिकियों के बीच लोकप्रिय हैं। वह कांग्रेस में 'समोसा कॉकस' में शामिल हुए हैं जिसमें वर्तमान में पांच भारतीय अमेरिकी – अमी बेरा, राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, प्रमिला जयपाल और श्री थानेदार शामिल हैं। 'समोसा कॉकस' अमेरिकी कांग्रेस में भारतीय मूल के अमेरिकियों के एक अनौपचारिक समूह को दिया गया नाम है। सभी पांच मौजूदा भारतीय अमेरिकी सदस्यों को प्रतिनिधि सभा के लिए फिर से चुना गया है। श्री थानेदार मिशिगन के 13वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से लगातार दूसरी बार चुने गए। उन्होंने इसे पहली बार 2023 में जीता था। राजा कृष्णमूर्ति ने इलिनोइस के सातवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से लगातार पांचवीं बार जीत दर्ज की है। कृष्णमूर्ति ने कहा व्हाइट हाउस और कांग्रेस पर नियंत्रण के लिए लड़ाई जारी है लेकिन मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि इलिनोइस के लोगों ने कांग्रेस में उनका प्रतिनिधित्व करने के लिए मेरा अनुबंध बढ़ा दिया है। इसी प्रकार कैलिफोर्निया के 17वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले रो खन्ना और वाशिंगटन राज्य के सातवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाली प्रमिला जयपाल ने भी जीत दर्ज की। पेशे से चिकित्सक डॉ. अमी बेरा 2013 से कैलिफोर्निया के छठे कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय मूल के सबसे वरिष्ठ अमेरिकी सांसद हैं। उन्हें लगातार सातवीं बार फिर से चुना गया। एरिजोना में डेमोक्रेटिक पार्टी के शाह रिपब्लिकन पार्टी के मौजूदा उम्मीदवार डेविड श्वीकेट से थोड़ा आगे चल रहे हैं। उन्हें 132,712 वोट हैं जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी को मिले मतों की संख्या 128,606 थी। अभी तक 63 प्रतिशत मतों की गिनती हुई थी।

## एक नजर

### वियतनाम की सेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट लापता

**हनोई।** वियतनाम की वायु सेना का एक लड़ाकू प्रशिक्षण विमान याक-130 मध्य बिन्ह दीन्ह प्रांत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है और उसके दो पायलट लापता हैं। यह जानकारी वियतनाम की मीडिया ने बुधवार को दी। वीएन एक्सप्रेस अखबार के अनुसार, 940वीं वियतनामी वायु सेना रेजिमेंट का रूस निर्मित याक-130 फु कैट हवाई अड्डे से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर एक पहाड़ी इलाके में तकनीकी खराबी के कारण स्थानीय समयानुसार सुबह 10 :30 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### श्रीलंका में डेंगू से 20 लोगों की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंका की राष्ट्रीय डेंगू नियंत्रण इकाई (एनडीसीयू) ने बुधवार को कहा कि इस वर्ष अब तक देश में डेंगू से 20 लोगों की मौत हो चुकी है। एनडीसीयू ने कहा कि कुल मामलों में मृत्यु दर का प्रतिशत 0 .05 है और इस वर्ष में 42,820 मामला सामने आ चुका है। पश्चिमी प्रांत में 42 .6 प्रतिशत मामले, उत्तरी प्रांत में 11 .4 प्रतिशत मामले और मध्य प्रांत में 10 .6 प्रतिशत मामले सामने आए हैं।

### श्रीलंका में पूर्व राष्ट्रपतियों का खर्च उठाना बहुत महंगा

**कोलंबो।** श्रीलंका सरकार ने बुधवार को घोषणा की कि एक समिति पूर्व राष्ट्रपतियों की सुरक्षा पर होने वाले खर्च की समीक्षा कर रही है तथा इसकी रिपोर्ट के बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा। विदेश मंत्री एवं मंत्रिमंडल के प्रवक्ता विजिता हेराथ ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पूर्व राष्ट्रपतियों का खर्च उठाना काफी महंगा है और सरकार को इस पर सालाना 110 करोड़ श्रीलंकाई रुपये तक का खर्च करना पड़ता है।

### सेनाओं प्रमुखों को सेवा विस्तार लोकतंत्र का नरसंहार

**लाहौर।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बुधवार को कहा कि थलसेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर समेत तीनों सेनाओं के प्रमुखों को दो साल का सेवा विस्तार देना "लोकतंत्र, कानून के शासन और लोगों के अधिकारों का नरसंहार है। खान ने रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में मीडिया और अपने वकीलों के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। खान के 'एक्स' खाते से की गयी एक पोस्ट में यह जानकारी दी गई है।

## लेबनान में हवाई हमलों में 25 की मौत, 32 घायल

**बेरूत, एजेंसी**

लेबनान के विभिन्न इलाकों में मंगलवार को इजराइल की ओर से किये गये हवाई हमलों में कम से कम 25 लोग मारे गए और 32 अन्य घायल हो गए। लेबनान की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। एजेंसी के अनुसार, माउंट लेबनान के चौफ जिले के बारजा में एक आवासीय अपार्टमेंट को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हवाई हमले में 15 लोग मारे गए।

नागरिक सुरक्षा दल अभी भी मलबे के नीचे हताहतों की तलाश कर रहे हैं। वहीं, बालबेक में तालिया की नगर पालिका, बालबेक-हर्मेल गवर्नरेट, साथ ही दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के



कस्बों और गांवों पर इजराइली हमलों के कारण अतिरिक्त हताहत हुए। इसके अलावा, लेबनान और सीरिया के बीच मस्ना-जदीदत याबूस सीमा क्रॉसिंग पर एक पिकअप ट्रक को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हमले में एक व्यक्ति घायल हो गया। इस बीच, हिजबुल्लाह ने कहा कि उसके लड़ाकों ने कब्जे वाले गोलान में इजराइल की 810वीं हरमोन ब्रिगेड के मुख्यालय माले गोलानी बैरक पर रॉकेटों से हमला किया।

## हिजबुल्ला कमांडर को मार गिराने का दावा

**यरूशलम।** इजराइल की सेना ने दक्षिणी लेबनान में वरिष्ठ हिजबुल्ला कमांडर को मार गिराने का दावा किया है। इजराइली सेना ने अपने बयान में कहा कि उसके लड़ाकू विमानों ने बुधवार को दक्षिणी लेबनान पर हमला किया, जिसमें वरिष्ठ हिजबुल्ला कमांडर हुसैन अब्द अल-हलीम हर्ब की मौत हो गयी। बयान के मुताबिक हर्ब ने गैलील में समुदायों के खिलाफ और विशेष रूप से मेटुला के क्षेत्र के खिलाफ कई रॉकेट हमलों को अंजाम दिया था। बयान में कहा गया है कि पिछले 24 घंटों में इजराइली वायु सेना ने लेबनान और गाजा पट्टी में लगभग 70 हमले किये हैं।

## नेतन्याहू ने रक्षा मंत्री को किया बर्खास्त, देशभर में प्रदर्शन

**यरुशलम, एजेंसी**

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को देश के रक्षा मंत्री योव गैलेंट को बर्खास्त कर दिया। हालांकि उनके इस कदम के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन हुए हैं। नेतन्याहू ने यह घोषणा ऐसे समय की है, जब इजराइल क्षेत्र में कई मोर्चों पर लड़ाई लड़ रहा है। गाजा में युद्ध को लेकर नेतन्याहू और गैलेंट के बीच कथित तौर पर मतभेद रहा है।

नेतन्याहू ने मंगलवार को की गई अपनी घोषणा में विश्वास की कमी का उल्लेख किया था। नेतन्याहू ने कहा, युद्ध के बीच में, पहले से कहीं अधिक, प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के बीच पूर्ण विश्वास की आवश्यकता होती है। हालांकि युद्ध के शुरूआती महीनों में ऐसा विश्वास था और बहुत ही सार्थक काम हुआ था, लेकिन



रक्षा मंत्री को निकाले जाने के बाद प्रदर्शन करते लोग।

दुर्भाग्य से पिछले महीनों के दौरान मेरे और रक्षा मंत्री के बीच यह विश्वास टूट गया। युद्ध के शुरुआती दिनों में, इजराइल के नेतृत्व ने हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले का जवाब देते हुए एक एकीकृत मोर्चा बनाया था। लेकिन जैसे-जैसे युद्ध लंबा खिंचता गया और लेबनान तक फैल गया, प्रमुख नीतिगत मतभेद उभर कर सामने आ गए। नेतन्याहू ने हमास पर निरंतर सैन्य दबाव बनाए रखने का आह्वान किया, जबकि गैलेंट ने अधिक व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए कहा कि सेना ने कम से कम एक अस्थायी कूटनीतिक समझौते के लिए आवश्यक परिस्थितियां पैदा कर दी हैं, जिससे आतंकवादी समूह (हमास) द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को वापस लाया जा सकता है। बंधकों के परिवार, साथ ही सरकार विरोधी प्रदर्शनों में शामिल हुए हजारों लोग नेतन्याहू पर सत्ता पर पकड़ बनाए रखने के लिए समझौते को विफल करने का आरोप लगा रहे हैं। नेतन्याहू के कट्टर सहयोगियों ने धमकी दी है कि अगर वह हमास को रियायतें देते हैं तो वे सरकार गिरा देंगे, जिससे ऐसे वक्त में समय से पहले चुनाव होने की आशंका बढ़ गई है जब प्रधानमंत्री (नेतन्याहू) की लोकप्रियता कम हो गई है। विपक्षी नेता येर लैपिड ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, युद्ध के बीच में, गैलेंट को बर्खास्त करना पागलपन वाला कृत्य है। नेतन्याहू अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए इजराइल की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

## ऑस्ट्रेलिया से द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

**कैनबरा, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मुलाकात की और द्विपक्षीय समग्र रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया।

जयशंकर ने इस मुलाकात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से अल्बनीज को अभिवादन



प्रधानमंत्री एंथनी से मुलाकात विदेश मंत्री जयशंकर।

प्रेषित किया। विदेश मंत्री तीन से सात नवंबर तक ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा आज कैनबरा में प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मिलकर खुशी हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से अभिवादन प्रेषित किया।

भारत-ऑस्ट्रेलिया समग्र रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के लिए उनके मार्गदर्शन की प्रशंसा करता हूं। उन्होंने न्यूजीलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री विन्स्टन पीटर्स से भी यहां मुलाकात की।

## भारत को पूर्ण प्राथमिकता वाला देश किया घोषित

**लंदन।** ब्रिटिश सरकार के अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा चैंपियन सर स्टीव स्मिथ ने भारत को पूर्ण प्राथमिकता वाला देश घोषित किया है। लेबर पार्टी की सरकार के तहत देश की अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा रणनीति की समीक्षा की जा रही है। इस सप्ताह लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स परिसर में इंडिया-यूके अचीवर्स ऑनर्स के तीसरे संस्करण पर दोहराया कि ग्रेजुएट रूट के तहत ब्रिटेन की, अध्ययन के बाद कार्य वीजा की पेशकश अपरिवर्तित रहेगी।

## बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिर पर टिप्पणी से तनाव

**ढाका, एजेंसी**

- फेसबुक पर की गई पोस्ट को लेकर हो चुकी है झड़प

बांग्लादेश के दक्षिण-पूर्वी बंदरगाह शहर चटगांव के कुछ हिस्सों में सेना के नेतृत्व में संयुक्त बलों ने बुधवार को गश्त की, यहां एक दिन पहले एक मुस्लिम किराना दुकानदार द्वारा इस्कॉन (इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉनशस्नेस) के खिलाफ फेसबुक पर की गई पोस्ट को लेकर झड़प हो गई थी और इसमें कई लोग घायल हो गए थे।

अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि व्यापारी उस्मान अली ने फेसबुक पर इस्कॉन को आतंकवादी समूह करार दिया था जिसके बाद इलाके में तनाव व्याप्त हो गया था और हजारी गली क्षेत्र में रहने वाले हिंदू समुदाय ने इसके खिलाफ नाराजगी जताई थी। हजारी गली में मुख्य रूप से हिंदू समुदाय के लोग रहते हैं जो आभूषण की दुकानों और थोक दवा की दुकानों के मालिक हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इस्कॉन पर की गई इस टिप्पणी को लेकर रातभर संक्षिप्त झड़प हुई।

इस दौरान मौके पर पहुंची सेना, बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के अर्धसैनिक बलों और पुलिसकर्मियों द्वारा लाठीचार्ज करने से कई लोग घायल हो गए। इस दौरान हजारी गली इलाके में दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। यहां सेना के जवान पुलिस के साथ जीप में गश्त कर रहे हैं।

## कश्मीर पर झूठ फैलाने को लेकर पाकिस्तान की आलोचना

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

- संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक मंच में किया झूठ का इस्तेमाल
- भारत ने कहा- दुष्प्रचार जमीनी स्तर पर तथ्यों को नहीं बदलेगा

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान द्वारा कश्मीर मुद्दा उठाने और इस वैश्विक मंच का इस्तेमाल झूठ फैलाने के लिए करने को लेकर इस्लामाबाद की आलोचना करते हुए भारत ने कहा है कि किसी भी तरह का दुष्प्रचार जमीनी स्तर पर तथ्यों को नहीं बदलेगा।

सूचना से संबंधित प्रश्नों पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की चौथी समिति की आम बहस को संबोधित करते हुए, राज्यसभा सदस्य राजीव शुक्ला ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि विश्वास, जवाबदेही और सुशासन को बढ़ावा देने के लिए सूचना तक समावेशी पहुंच आवश्यक है। उन्होंने कहा एक (पाकिस्तानी) प्रतिनिधिमंडल ने एक बार फिर झूठ फैलाने के लिए इस प्रतिष्ठित मंच का इस्तेमाल किया है। दुष्प्रचार और गलत सूचना का सहारा लेना इस प्रतिनिधिमंडल की आदत है। पाकिस्तान द्वारा जम्मू-कश्मीर मुद्दा उठाए जाने के बाद, संयुक्त राष्ट्र की बहस में कड़ा जवाब देते हुए शुक्ला ने कहा मुझे स्पष्ट करने दीजिए। वास्तविक लोकतंत्र अलग ढंग से कार्य करते हैं। हाल में संपन्न स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोगों ने रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है। जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में 18 सितंबर से एक अक्टूबर तक विधानसभा चुनाव हुए।

## भारत को दीर्घकालिक बिजली निर्यात का रास्ता हुआ साफ

**काठमांडू।** नेपाल के उच्चतम न्यायालय ने भारत के साथ बिजली के निर्यात के लिए हस्ताक्षरित समझौते को रद्द करने की मांग वाली एक रिट याचिका को खारिज कर दिया है। उच्चतम न्यायालय के मंगलवार को दिए गए फैसले के बाद नयी दिल्ली के साथ नेपाल के दीर्घकालिक बिजली व्यापार का रास्ता साफ हो गया है। प्राधिकार के दुरुपयोग की जांच के लिए आयोग (सीआईएए) के पूर्व प्रमुख सूर्य नाथ उपाध्याय द्वारा दायर रिट याचिका उस समझौते के खिलाफ थी जिसके तहत नेपाल अगले 10 वर्षों के लिए भारत को 10 हजार मेगावाट बिजली निर्यात करेगा। उच्चतम न्यायालय के प्रवक्ता अच्युत कुइकेल के अनुसार, पीठ ने इसे खारिज कर दिया।

**खगोल विज्ञान** | नए शोध में अंतरिक्ष के विकास में एक कड़ी जोड़ने का प्रयास किया गया है

## आज भी अधूरी है ब्रह्मांड के विकास की गुत्थी

**संवाददाता, नैनीताल**

सही मायनों में ब्रह्मांड की उत्पत्ति की गुत्थी आज भी पूर्णतः नही सुलझ सकी है। अलबत्ता बिग बैंग ब्रह्मांड के जन्म का एक सुराग है। जिसे समझने के लिए आज भी शोध जारी हैं और हालिया नया शोध ब्रह्मांड के विकास की कड़ी को जोड़ता है।

नए शोध के अनुसार बिग बैंग के बाद पहले ही क्षणों के दौरान मौजूदा भौतिकी की चार मूलभूत ताकतें एक ही बल में समाहित हो गई थीं।

यह ताकतें गुरुत्वाकर्षण, विद्युत चुंबकत्व, मजबूत परमाणु बल व कमजोर परमाणु बल के रूप में जानी जाती हैं। जैसे-जैसे ब्रह्मांड का विस्तार होता चला गया और वह ठंडा भी होते चला गया। इस बीच



बिग बैंग के दौरान ब्रह्मांड के विकास का काल्पनिक चित्र।

आये परिवर्तनों में इन शक्तियों को अलग अलग कर दिया। बिग बैंग के बाद एक सेकंड के कुछ अरबवें हिस्से में ही कई परिवर्तन हो गए। क्वार्क और ग्लूऑन उप-परमाणु कण हैं जो मजबूत परमाणु बल के लिए जिम्मेदार हैं। इसकी पुष्टि कृत्रिम रूप से 2010 में ब्रुकहेवन नेशनल लेबोरेटरी में और 2015 में एलएचसी के जरिए की गई। पता चलता है कि प्रारंभिक ब्रह्मांड बेहद गर्म और घना था। मगर क्वार्क-ग्लूऑन प्लाज्मा लंबे समय तक नहीं टिक सका, जो ब्रह्मांड के विस्तार के साथ ठंडा होने से न्यूट्रॉन के रूप में एक साथ एकत्रित हो गया। वैज्ञानिक इस घटना को क्वार्क कारावास कहते हैं। यह जानकारी भी मिलती है कि जब ब्रह्मांड में अधिक उच्च ऊर्जा वाले फोटॉन थे, तो कोई भी परमाणु नाभिक उनके द्वारा तुरंत नष्ट हो जाता था।

### डार्क मैटर व एनर्जी को समझना बड़ी चुनौती

**नैनीताल :** डार्क मैटर व डार्क मैटर को समझना वर्तमान खगोल विज्ञान की सबसे बड़ी चुनौती है। इसे तभी समझा जा सकेगा, जब ब्रह्मांड के विकास की सही जानकारी मिलेगी। इसके लिए निरंतर शोध जरूरी हैं।